# कल धूमधाम से महर्षि वाल्मीकि जयंती मनायेगी सरकार

## सभी देव मंदिरों व महर्षि वाल्मीकि से संबंधित स्थलों पर होंगे रामायण पाठ व कार्यक्रम

विशेष संवाददाता (vol)

- महर्षि वाल्मीकि की तपोस्थली लालापुर, चित्रकूट में होगा वृहद आयोजन



**लखनऊ।** प्रदेश सरकार 7 अक्टूबर को पूरे प्रदेश में धूमधाम से वाल्मीकि जयंती मनाएगी। इस दौरान अनेक भव्य कार्यक्रम होंगे। सभी देव मंदिरों, महर्षि वाल्मीकि से संबंधित स्थलों में महर्षि वाल्मीकि कृत रामायण पाठ, सांस्कृतिक कार्यक्रम, भजन, कीर्तन, दीप प्रज्वलन आदि कराए जाएंगे। महर्षि वाल्मीकि की तपोस्थली चित्रकूट में वृहद कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संस्कृति विभाग को निर्देश दिया है कि कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति के साथ जनसहभागिता पर विशेष जोर रहे। सभी देव मंदिरों, महर्षि वाल्मीकि से संबंधित स्थलों आदि पर दीप प्रज्वलन, दीपदान के साथ-साथ रामायण पाठ कराए जाएंगे। यह कार्यक्रम जनपद, तहसील व विकास खंड स्तर पर होंगे। हर आयोजन स्थल पर साफ-सफाई, पेयजल, ध्वनि, प्रकाश व सुरक्षा की पुख्ता व्यवस्था का निर्देश दिए गए हैं। योगी सरकार महर्षि वाल्मीकि की तपोस्थली लालापुर चित्रकूट में वृहद आयोजन कराएगी। उप निदेशक (पर्यटन) आरके रावत को कार्यक्रम का नोडल बनाया गया है। उन्होंने बताया कि लालापुर में महर्षि वाल्मीकि की मूर्ति पर माल्यार्पण के साथ सुबह 11 बजे कार्यक्रम का शुभारंभ होगा। दीप प्रज्वलन के उपरांत विराट महाराज व संस्कृत के अध्ययनरत बच्चों द्वारा रामायण पाठ होगा। दयाराम रैकवाड़ व टीम की तरफ से आध्यात्मिक व सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। पूजन-हवन, भजन, वाल्मीकि रामायण पाठ, लवकुश प्रसंग समेत अन्य कार्यक्रम भी होंगे। इसमें स्थानीय जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी और जनसहभागिता भी रहेगी। इसके अलावा तुलसीदास आश्रम राजापुर चित्रकूट, वाल्मीकि आश्रम बिठूर कानपुर, वाल्मीकि आश्रम श्रावस्ती, अयोध्या, प्रयागराज समेत पूरे प्रदेश में आयोजन होगा। देव मंदिरों में होने वाले रामायण पाठ समेत अन्य कार्यक्रमों में स्थानीय कलाकारों को आध्यात्मिक मंच उपलब्ध कराएगी। हर जनपद में आयोजन के लिए नोडल अधिकारी नामित किए गए हैं। सरकार का कार्यक्रमों में स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ जनसहभागिता पर जोर है।

# संसदीय सम्मेलन में यूपी विधानसभा का प्रतिनिधित्व करेंगे सतीश महाना




विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ/शिकागो।** उत्तर प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष सतीश महाना ने शिकागो (यूएसए) में आयोजित उत्तर प्रदेश एसोसिएशन ऑफ ग्रेटर शिकागो के सम्मान समारोह में प्रवासी भारतीयों को संबोधित करते हुए कहा कि, हम सबका यह परम सौभाग्य है कि हमने जिस धरती पर जन्म लिया, वह देवभूमि है। हमारे संस्कार और हमारी संस्कृति ने ही हमें विश्व पटल पर एक विशिष्ट पहचान दी है। हमें गर्व है कि उत्तर प्रदेश जैसी पावन भूमि ने हमें विश्व स्तर पर सम्मान और गौरव दोनों प्रदान किए हैं।

श्री महाना को बारबाडोस रवाना होने से पूर्व शिकागो में प्रवासी भारतीयों की ओर से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उन्होंने प्रवासी भारतीय समुदाय को संबोधित करते हुए कहा, यदि उत्तर प्रदेश एक राष्ट्र होता, तो यह विश्व का पांचवां सबसे बड़ा देश बनता। हम सभी उसी पावन भूमि के पुत्र-पुत्रियां हैं, जिसने हमें विश्व में एक विशेष पहचान और गौरव दोनों प्रदान किए हैं।

हमें अपने मूल और संस्कार के प्रति ईमानदार रहना चाहिए। जिस थाली में हमने खाया है, उसमें छेद करना हमारे संस्कार नहीं हैं। हमें अपनी योग्यता, परिश्रम और ईमानदारी से विश्वभर में भारत का नाम ऊंचा करना है। यही समय है जब हम सबको अपने देश और प्रदेश की प्रगति के लिए सोचने और कार्य करने की आवश्यकता है। प्रदेश ने हर क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है। यह विकास मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कुशल नेतृत्व और दूरदर्शी नीति का प्रतिफल है, जिसके कारण उत्तर प्रदेश विकास की राह पर निरंतर अग्रसर है।

# चिकित्सा से जुड़े लोगों को मिला क्यूरा एक्सीलेंस अवॉर्ड्स

## क्यूरा का उद्देश्य स्वस्थ और सशक्त भारत के निर्माण में योगदान देना है: हेमंत शर्मा

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** राजधानी के कानपुर रोड स्थित एक होटल में रविवार को एक भव्य समारोह में क्यूरा आयुर्वेदिक एंड यूनानी लिमिटेड ने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले वितरकों, मेडिकल प्रैक्टिशनर्स और रिटेलर्स को ब्रांड एक्सीलेंस अवॉर्ड्स से सम्मानित किया। यह विशेष आयोजन कंपनी द्वारा हाल ही में लॉन्च किए गए दस नवीनतम हर्बल उत्पादों की शानदार सफलता के उपलक्ष्य में किया गया। ये उत्पाद विभिन्न स्वास्थ्य समस्याओं के समाधान के लिए पारंपरिक आयुर्वेद और यूनानी चिकित्सा पद्धतियों पर आधारित हैं।

इस अवसर पर कंपनी के सीईओ एवं प्रबंध निदेशक हेमंत कुमार शर्मा ने कहा क्यूरा का उद्देश्य केवल हर्बल उत्पाद बेचना नहीं, बल्कि एक स्वस्थ और सशक्त भारत के निर्माण में योगदान देना है। आज जिन सहयोगियों को सम्मानित किया गया है, वे हमारे मिशन के सच्चे स्तंभ हैं। उनका समर्पण और विश्वास ही हमारी सबसे बड़ी पूंजी है। इस दौरान दृष्टि सुधार, किडनी डिटॉक्स, डायबिटीज नियंत्रण, एसिड रिफ्लक्स, त्वचा और बालों की देखभाल एवं अन्य प्राकृतिक स्वास्थ्य समाधान कंपनी द्वारा वितरकों, चिकित्सकों और रिटेलर्स के लिए खोले गए प्री-बुकिंग पोर्टल को अभूतपूर्व प्रतिक्रिया मिली।

आदित्य मिहिर निदेशक क्यूरा ने बताया कि केवल दो सप्ताह में 2 करोड़ से अधिक की बुकिंग दर्ज की गई, जो कंपनी के उत्पादों के प्रति बाजार में बढ़ते विश्वास को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि सम्मनित होने वालो में शोभित शुक्ला, असीम खान, रितेश अग्रवाल, सुमित अग्रवाल, महताब अली, फजल, असरार अहमद, डॉ विशाल सहित अन्य दर्जनो लोग शामिल थे।

इस दौरान लकी ड्रॉ का भी आयोजन किया गया जिसमें गुरजसप्रीत सिंह सिंह एजेंसियां शाहजहांपुर को वाशिंग मशीन, एसएस उद्यम मो. सलीम लखनऊ को रेफ्रिजरेटर, ऐजाज ट्रेडर्स मोहम्मद असीम खान कानपुर को स्कूटी दी गई।

आदित्य मिहिर ने सभी पुरस्कार विजेताओं को बधाई देते हुए कहा कि कंपनी आने वाले समय में भी ऐसे समर्पित और उत्साही साझेदारों के साथ मिलकर प्राकृतिक स्वास्थ्य को नई ऊंचाइयों तक ले जाएगी। क्यूरा आयुर्वेदिक एंड यूनानी लिमिटेड ने सभी स्वास्थ्य साझेदारों, चिकित्सकों और रिटेलर्स को आमंत्रित किया है कि वे इस प्राकृतिक स्वास्थ्य क्रांति का हिस्सा बनें और देश में समग्र स्वास्थ्य जागरूकता को बढ़ावा दें।

# मुख्यमंत्री ने राजभवन में राज्यपाल से शिष्टाचार भेंट की

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के बीच रविवार को राजभवन में एक महत्वपूर्ण शिष्टाचार भेंट हुई। मुलाकात सौहार्द और सम्मान के माहौल में हुई, जिसमें राज्य के विभिन्न विकास कार्यों, सामाजिक पहलों और शिक्षा व स्वास्थ्य से जुड़ी योजनाओं पर भी चर्चा हुई। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस अवसर पर राज्यपाल आनंदीबेन पटेल को एक विशेष पुस्तक विवेकानंद और मोदी: दो युगपुरुष, जिन्होंने भारत की दशा व दिशा बदली भेंट की। यह पुस्तक भारतीय चिंतन, राष्ट्रवाद और आधुनिक भारत के पुनर्निर्माण पर आधारित है, जिसमें स्वामी विवेकानंद और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विचारों, कार्यशैली और नेतृत्व को समान भाव से प्रस्तुत किया गया है।

राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने पुस्तक प्राप्त करते हुए कहा कि स्वामी विवेकानंद और प्रधानमंत्री मोदी दोनों ही ऐसे नेता हैं जिन्होंने युवा शक्ति को राष्ट्र निर्माण की दिशा में प्रेरित किया। उन्होंने मुख्यमंत्री की इस पहल की सराहना की और कहा कि इस पुस्तक को पढ़कर युवाओं में राष्ट्रप्रेम, आत्मविश्वास और सकारात्मक सोच का भाव और प्रबल होगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस अवसर पर कहा स्वामी विवेकानंद ने आध्यात्मिकता और आत्मबल के माध्यम से भारत की आत्मा को जगाया, जबकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उसी भावना को नीति, शासन और वैश्विक नेतृत्व में रूपांतरित किया। दोनों ने मिलकर भारत की दिशा और दशा को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया है। सूत्रों के अनुसार, दोनों नेताओं के बीच राज्य की शिक्षा, महिला सशक्तिकरण और स्वास्थ्य संबंधी योजनाओं पर भी चर्चा हुई। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने सीएम योगी की उन योजनाओं की सराहना की, जो बालिकाओं की शिक्षा और ग्रामीण क्षेत्रों के विकास के लिए चल रही हैं। यह भेंट पूरी तरह शिष्टाचारिक रही, लेकिन इससे यह संदेश गया कि प्रदेश की सरकार और राज्यपाल के बीच सौहार्दपूर्ण और विकासोन्मुखी तालमेल बना हुआ है।

## लखनऊ में पिंक वेव का आयोजन

# ब्रेस्ट कैंसर के प्रति जागरूकता फैलाने का संकल्प

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** शहर में रविवार को 'पिंक वेव' नामक ब्रेस्ट कैंसर जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य ब्रेस्ट कैंसर के प्रति समाज में जागरूकता बढ़ाना और लोगों को यह संदेश देना था कि प्रारंभिक जांच से इस बीमारी से जीवन बचाया जा सकता है। कार्यक्रम की शुरूआत सुबह 7 बजे वॉकाथॉन से हुई। जिसे प्रधान सचिव उद्योग श्री आलोक कुमार, प्रधान सचिव योजना आलोक कुमार तथा डीसीपी वूमेन सेल, मा. ममता रानी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर एसजीपीजीआई के एंडोक्राइन सर्जरी विभाग के प्रमुख डॉ. गौरव अग्रवाल भी उपस्थित रहे। वॉकाथॉन में 300 से अधिक लोगों ने लगभग 3 किलोमीटर की दूरी तय की। इसके बाद सुबह 8 बजे विंटेज कार रैली का शुभारंभ हुआ, जो लोहियापथ होते हुए लखनऊ गोल्फ ड्राइविंग रेंज और प्रैक्टिस एरिया पर जाकर समाप्त हुई। इसके बाद वहाँ मौजूद डॉक्टरों ने उपस्थित लोगों को ब्रेस्ट कैंसर से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियाँ दीं। उन्होंने बताया कि प्रत्येक महिला को मासिक 'ब्रेस्ट सेल्फ एग्जामिनेशन' करना चाहिए और 40 वर्ष से अधिक आयु की महिलाओं को सालाना ब्रेस्ट स्क्रीनिंग अवश्य करानी चाहिए। डॉ. गौरव अग्रवाल ने कहा कि ब्रेस्ट में बिना दर्द की कोई भी गाँठ अनदेखी नहीं करनी चाहिए और तुरंत किसी योग्य चिकित्सक से परामर्श लेना चाहिए। उन्होंने बताया कि यदि यह बीमारी शुरूआती चरण में पकड़ी जाए तो अधिकतर मामलों में पूरी तरह ठीक हो सकती है। इस 'पिंक वेव' अभियान को नागरिकों से शानदार प्रतिक्रिया मिली और यह संदेश सफलतापूर्वक दिया गया कि ब्रेस्ट कैंसर को पराजित करने की कुंजी...जागरूकता, आत्म-निरीक्षण और समय पर उपचार है।

# स्वच्छता, सेवा व विकास को समर्पित दौरे पर सोमवार को काशी जायेंगे मुख्यमंत्री

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सोमवार को दो दिवसीय दौरे पर काशी आएंगे। वे स्वच्छता, विकास और जनसेवा के कार्यक्रमों में शामिल होंगे। साथ ही कानून व्यवस्था और विकास कार्यो की समीक्षा भी करेंगे। मुख्यमंत्री चांदपुर स्थित अंतरराष्ट्रीय धान अनुसंधान संस्थान (इरी) के दक्षिण एशिया क्षेत्रीय केंद्र (आईसार्क) में तीन दिवसीय सम्मेलन में शामिल होंगे। मुख्यमंत्री सफाई कर्मियों के सम्मान और शिवपुर स्थित अन्नपूर्णा मंदिर ट्रस्ट के कार्यक्रम में भी शिरकत करेंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ वाराणसी में हाल ही में सम्पन्न हुए स्वच्छता अभियान के तहत सफाई कर्मियों का सम्मान भी करेंगे। पिपलानी कटरा स्थित सरोजा पैलेस में आयोजित इस कार्यक्रम में लगभग 400 सफाई कर्मियों को मुख्यमंत्री स्वच्छता किट वितरित करेंगे, साथ ही उन्हें सम्मानित भी करेंगे। योगी सरकार की यह पहल सफाई कर्मचारियों के प्रति संवेदनशीलता और मानवीय भावों को दशार्ती है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अन्नपूर्णा मंदिर ट्रस्ट के शिवपुर स्थित अन्नपूर्णा ऋषिकुल ब्रह्मचर्य आश्रम में आयोजित समारोह में भी शामिल होंगे। मुख्यमंत्री आश्रम की लगभग 150 कन्याओं को सिलाई-कढ़ाई मशीनें वितरित करेंगे, जिससे उन्हें आत्मनिर्भर बनने की दिशा में प्रोत्साहन मिलेगा। मुख्यमंत्री सर्किट हाउस में विकास कार्यों और कानून व्यवस्था की समीक्षा भी करेंगे। साथ ही काशी विश्वनाथ मंदिर तथा काल भैरव मंदिर में दर्शन-पूजन कर आशीर्वाद लेंगे। वे यहां रात्रि विश्राम भी करेंगे।

# आरएसएस के स्वयंसेवकों ने पथ संचलन में प्रतिभाग किया




**लखनऊ।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सौ वर्ष पूर्ण होने पर पश्चिमभाग के रामनगर प्रखंड परशुराम बस्ती की ओर से शताब्दी वर्ष आयोजित गया जिसमें सैकड़ों स्वयंसेवकों ने विशाल पथ संचलन में प्रतिभाग किया जिसका स्वागत विभिन्न स्थानों पर क्षेत्रीय जनमानस द्वारा किया गया। बस्ती प्रमुख अनूप शुक्ला ने बताया कि इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में अंशुल विद्यार्थी प्रांत संगठन मंत्री अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने स्वयंसेवकों को संबोधित किया। मुख्य रूप से राज केसर, श्याम कौशल, हिमांशु राय, डॉ यू एन पांडे सहित सैकड़ों स्वयंसेवकों ने कदमताल किया।

# जनसंपर्क शिविर में समस्याओं का कराया त्वरित निदान

विशेष संवाददाता (vol)

- डॉ. राजेश्वर सिंह का स्वास्थ्य, शिक्षा और युवा कल्याण पर जोर
- डॉ. राजेश्वर सिंह की पहल पर मखदूमपुर में स्वास्थ्य शिविर



**लखनऊ।** सरोजनीनगर विधानसभा क्षेत्र के विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह द्वारा संचालित साप्ताहिक जनसंपर्क अभियान ह्यआपका विधायक - आपके द्वारह्न के तहत रविवार को 138वां शिविर ग्राम पंचायत मखदूमपुर कैंथी (मजरा मोहनीखेड़ा) में आयोजित किया गया। यह अभियान प्रत्येक रविवार किसी न किसी गांव में आयोजित होता है, जिसमें डॉ. सिंह की टीम सीधे जनता के बीच पहुंचकर ग्रामीण समस्याओं के समाधान हेतु संवाद स्थापित करती है।

शिविर में कुल 34 ग्रामीणों की समस्याएं प्राप्त हुईं, जिनमें मुख्यतः सड़क, नाली, प्रधानमंत्री आवास, पेंशन, किसान सम्मान निधि आदि से संबंधित प्रकरण शामिल रहे। सभी मामलों पर संबंधित विभागों को त्वरित और प्रभावी कार्यवाही के निर्देश दिए गए। साथ ही 6 ग्रामीणों के आयुष्मान कार्ड एवं 9 ग्रामीणों के आभा कार्ड बनाए गए। ग्रामीणों, विशेष रूप से बुजुर्गों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से अपोलो हॉस्पिटल के सहयोग से निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया। शिविर में ग्रामीणों का स्वास्थ्य एवं नेत्र परीक्षण किया गया और 50 ग्रामीणों को दृष्टि परीक्षण के उपरांत निःशुल्क चश्मे वितरित किए गए। डॉ. राजेश्वर सिंह का उद्देश्य ग्रामीण प्रतिभाओं को प्रोत्साहन देना है ताकि वे उच्च लक्ष्य प्राप्त करें और अन्य छात्र-छात्राएं उनसे प्रेरणा लें। गांव की शान पहल के अंतर्गत मोहनीखेड़ा के चार मेधावी विद्यार्थियों - हाईस्कूलः रोहन (64%), अमन (60%) इंटरमीडिएटः सूरज कुमार (66%), खुशबू (61%) को साइकिल, घड़ी एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। ग्रामीण युवाओं को संगठित एवं सक्रिय रखने के उद्देश्य से 89वां गर्ल्स यूथ क्लब गठित किया गया। क्लब को कैरम, वॉलीबॉल, फुटबॉल सहित विभिन्न खेल सामग्रियां प्रदान की गईं, ताकि युवाओं में खेल सहभागिता और फिटनेस की भावना को बढ़ावा मिल सके।समाज की उन्नति में सक्रिय सहयोग देने वाले प्रबुद्धजनों का सम्मान भी इस अवसर पर किया गया। सम्मानित व्यक्तियों में वरिष्ठ भाजपा नेता संजय लोधी, मंडल उपाध्यक्ष अनुपम पंडित, सेक्टर संयोजक राधेश्याम तिवारी, मनोज कुमार, राम शंकर गौतम, मुकेश शर्मा, वृज किशोर रावत, सोहन लाल प्रजापति, दिनेश गौतम और रमेश रावत सहित अनेक ग्रामवासी शामिल रहे।

# भाजपा सरकार ने पूरे सरकारी तंत्र को भ्रष्ट बना दिया : अखिलेश

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार ने पूरे सरकारी तंत्र को भ्रष्ट बना दिया है। भाजपा के नेता और अधिकारी मिलकर प्रदेश को लूट रहे हैं। बजट का बंदरबांट हो रहा है। जनता के धन का दुरूपयोग हो रहा है। भाजपा सरकार प्रदेश को खोखला बना रही है। शासन-प्रशासन पर सरकार का नियंत्रण खत्म हो चुका है। पूरी सरकार में बेईमानी लूट और भ्रष्टाचार का बोलबाला है। भाजपा नेताओं और अधिकारियों को जहां भी मौका मिल रहा है, दोनों हाथों से लूट रहे है।

अखिलेश यादव ने कहा कि जीएसटी विभाग के अधिकारियों के भ्रष्टाचार का खुलासा भाजपा सरकार की कार्यप्रणाली को उजागर कर रहा है। अधिकारियों ने सैकड़ों करोड़ की काली कमाई कर बड़े पैमाने पर जमीनों की खरीद फरोख्त की। नामी बेनामी सम्पत्तियाँ और जमीनें खरीदी। यह लूट सरकार की मिली भगत से हो रहा है। भ्रष्टाचार और लूट के ऐसे कई मामले हैं। यही काम तो भाजपा के नेता और उनके समर्थक अयोध्या, गोरखपुर, वाराणसी समेत अन्य जिलों में भी कर रहे है। जमीनों की अवैध खरीद-बिक्री, रजिस्ट्रियां हुई है। रजिस्ट्रियां कराने वाले और कुछ ही घंटों में जमीनों से करोड़ों मुनाफा कमाने वाले सब भाजपा के समर्थक है।

श्री यादव ने कहा कि भाजपा सरकार में हर तरह का अवैध कार्य हो रहा है। इन कामों को सत्ता का संरक्षण है। अवैध खनन, गरीबों और सरकारी जमीनों पर अवैध कब्जा, जानवरों का अवैध व्यापार इस सरकार की पहचान बन चुकी है। निर्माणकार्यों में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार है। हर विभाग और हर काम में भ्रष्टाचार है। पूरी सरकार भ्रष्टाचार में डूबी है। जल जीवन मिशन योजना तो लूट की योजना बन गयी है। कई जिलों में पानी की टंकियां फट गयी। पानी के लिए बिछायी गयी पाइपें फट गयी। इस सरकार में बनते ही कई जगह सड़कें टूट गयी। उखड़ गयीं। सड़कों के गड्ढामुक्त योजना के नाम पर बड़ा घपला हुआ।

अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार के भ्रष्टाचार और कमीशनखोरी से प्रदेश की जनता त्रस्त हो चुकी है। जनता 2027 के विधानसभा चुनाव में भाजपा सरकार के भ्रष्टाचार और कमीशनखोरी को हमेशा के लिए खत्म कर देगी। भाजपा सरकार हटेगी तभी जनता को भ्रष्टाचार, कमीशनखोरी, अन्याय, अत्याचार से निजात मिलेगी।

## लंच विद लाडली - किशोरियों को सशक्त बनाने व नेतृत्व प्रदान करने का एक महत्वपूर्ण मंच

# प्रेरक संवाद और साझा अनुभवों से बढ़ रहा किशोरियों का आत्मविश्वास



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

- महिला नेतृत्वकताओं संग लंच कर किशोरियों ने सीखी आत्मनिर्भरता और जीवन कौशल की सीख :लीना जौहरी

**लखनऊ।** अपर मुख्य सचिव, महिला कल्याण एवं बाल विकास सेवा पुष्टाहार लीना जौहरी ने बताया कि समाज के सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक है कि हमारी किशोरियों आत्मनिर्भर आत्मविश्वासी और नेतृत्व क्षमता से संपन्न हो। लंच विद लाडली एक ऐसा प्रयास है जो किशोरियों को प्रेरित करने, उनकी समस्याओं को सुनने उन्हें समाधान की दिशा में मार्गदर्शन देने हेतु आयोजित किया गया। मिशन शक्ति के अंतर्गत बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग के तत्वाधान में आज प्रदेश के जनपदों में लंच विद लाडली का आयोजन किया गया जिसका उद्देश्य किशोरियों को सशक्त बनाकर उन्हें आत्मविश्वास, नेतृत्व, कौशल विकसित करना जीवन कौशल ,शिक्षा स्वास्थ्य और सुरक्षा से जुड़ी जानकारी देना, निर्णय लेने की क्षमता और संवाद कौशल को प्रोत्साहित करना तथा उन्हें समाज में सकारात्मक बदलाव के लिए प्रेरित करना था। जनपदों में एक अनौपचारिक लंच सेशन आयोजित किया गया जिसमें महत्वपूर्ण पदों पर आसीन समाज की विभिन्न महिलाएं जो किसी न किसी रूप में संघर्षों को पार कर महत्वपूर्ण पदों पर पहुंची हैं और समाज को नेतृत्व प्रदान कर रही हैं जिस में शिक्षाविद सामाजिक कार्यकर्ता महिला नेतृत्व कर्ता द्वारा कार्यक्रम में अतिथि के रूप में प्रतिभाग किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित किशोरियों से रोल मॉडल के रूप में उपस्थित महिलाओं के साथ उनका परिचय कराया गया। प्रेरक संवाद के माध्यम से उपस्थित सम्मानित महिला अधिकारियों के द्वारा व सामाजिक कार्यकताओं के द्वारा अपने अनुभव साझा किए गए इस अवसर पर सामूहिक चर्चा एवं प्रश्नोत्तर सत्र का आयोजन किया गया। जिससे किशोरियों में आत्मविश्वास भविष्य की महिला नेतृत्व कर्ता को तैयार करने की एक पहल की गई।

# डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान में 75 लोगों ने किया स्वैच्छिक रक्तदान



**लखनऊ।** रविवार को राष्ट्रीय रक्तदान दिवस के उपलक्ष्य में एक मुहिम जीवन बचाने के संकल्प के साथ लखनऊ पुलिस मित्र परिवार टीम द्वारा डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान स्थित ब्लड बैंक में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 75 से अधिक रक्तदाताओं उपस्थित हुए , जिनमें से 45 रक्तवीरों ने सफलतापूर्वक रक्तदान किया, जबकि 15 रक्तदाता स्वास्थ्य कारणों से रक्तदान नहीं कर सके।

यह आयोजन संरक्षक कविंद्र प्रताप सिंह (सेवानिवृत्त आईपीएस) के संरक्षण, टीम के संस्थापक जितेन्द्र सिंह एवं सरिता सिंह के मार्गदर्शन एवं डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान ब्लड बैंक के सहयोग से संपन्न हुआ। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि डॉ. धर्मेंद्र शर्मा रहे !

शिविर की सफलता में टीम के वरिष्ठ पदाधिकारी एवं डायरेक्टर (प्रचार जंक्सन) सत्यम पाण्डे, कवि कुलदीप किशोर तिवारी ^कलस^, विशिष्ट मंत्रणा दात्री एवं सेक्टर वार्डन सिविल डिफेंस ज्योति खरे, उप्र पुलिस से संजय सिंह, पवन सिंह उ प्र पुलिस से नूतन वर्मा, अश्वनी कुमार, वीके सिन्हा, प्रशांत बाजपेयी और सुजीत कुमार का विशेष योगदान रहा। इसके साथ ही बाराबंकी से आशीष सिंह,रिशु गुप्ता,समाज सेविका रुचि मिश्रा, लोक निर्माण विभाग मुख्यालय से अनुज कुमार श्रीवास्तव , बाराबंकी से अरूण कुमार गुप्ता , हरिराम वर्मा ने सक्रिय भूमिका निभाई।

# बान्द्रा और श्री सिद्धारूढ़ा स्वामीजी हुब्बल्लि जं. के लिए चलेंगी पूजा विशेष ट्रेनें

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** रेलवे प्रशासन द्वारा आगामी दीपावली एवं छठ त्यौहारों पर यात्रियों की मांग पर 05033/05034 बढ़नी-बान्द्रा टर्मिनस-बढ़नी साप्ताहिक पूजा विशेष गाड़ी का संचलन बढ़नी से 09 अक्टूबर से 27 नवम्बर तक प्रत्येक वृहस्पतिवार को तथा बान्द्रा टर्मिनस से 11 अक्टूबर से 29 नवम्बर तक प्रत्येक शनिवार को 08 फेरों के लिये किया जायेगा। 05033 बढ़नी-बान्द्रा टर्मिनस बढ़नी-बान्द्रा टर्मिनस साप्ताहिक पूजा विशेष गाड़ी 09 अक्टूबर से 27 नवम्बर तक प्रत्येक वृहस्पतिवार को बढ़नी से 21.30 बजे प्रस्थान कर बलरामपुर से 22.45 बजे, गोंडा से 23.48 बजे, दूसरे दिन बादशाहनगर से 02.13 बजे, ऐशबाग से 03.05 बजे, कानपुर सेंट्रल से 05.25 बजे, इटावा से 07.35 बजे, टूण्डला से 09.24 बजे, ईदगाह आगरा से 10.16 बजे, बयाना से 12.42 बजे, कोटा से 15.40 बजे, रतलाम से 19.30 बजे, तीसरे दिन बडोदरा से 00.10 बजे, सूरत से 02.32 बजे, बलसाड से 03.27 बजे, वापी से 03.48 बजे, बोरीवली से 05.24 छूटकर बांद्रा टर्मिनस 06.30 बजे पहुंचेगी।

वापसी यात्रा में 05034 बान्द्रा टर्मिनस-बढ़नी साप्ताहिक पूजा विशेष गाड़ी 11 अक्टूबर से 29 नवम्बर तक प्रत्येक शनिवार को बान्द्रा टर्मिनस से 09.30 बजे प्रस्थान कर बोरीवली से 10.07 बजे, वापी से 12.22 बजे, वलसाड से 12.54 बजे, सूरत से 14.05 बजे, वडोदरा से 15.55 बजे, रतलाम से 20.25 बजे, दूसरे दिन कोटा से 01.10 बजे, बयाना से 04.50 बजे, ईदगाह आगरा से 07.04 बजे, टूण्डला से 09.07 बजे, इटावा से 10.40 बजे, कानपुर सेंट्रल से 14.05 बजे, ऐशबाग से 15.55 बजे, बादशाहनगर से 16.27 बजे, गोंडा से 19.50 बजे तथा बलरामपुर 20.50 छूटकर बढ़नी 22.15 बजे पहुंचेगी। इस गाड़ी में, साधारण द्वितीय श्रेणी के 09, शयनयान श्रेणी के 09 तथा एसएलआर के 02 कोचों सहित कुल 20 कोच लगाये जायेंगे। इसी क्रम में 05543/05544 मुजफ्फरपुर-श्री सिद्धारूढ़ा स्वामीजी हुब्बल्लि जं.-मुजफ्फरपुर साप्ताहिक पूजा विशेष गाड़ी का संचलन मुजफ्फरपुर से 10 अक्टूबर से 14 नवम्बर तक प्रत्येक शुक्रवार को तथा श्री सिद्धारूढ़ा स्वामीजी हुब्बल्लि जं. से 14 अक्टूबर से 18 नवम्बर तक प्रत्येक मंगलवार को 06 फेरों के लिये किया जायेगा। 05543 मुजफ्फरपुर-श्री सिद्धारूढ़ा स्वामीजी हुब्बल्लि जं. साप्ताहिक पूजा विशेष गाड़ी 10 अक्टूबर से 14 नवम्बर तक प्रत्येक शुक्रवार को मुजफ्फरपुर से 12.45 बजे प्रस्थान कर मोतीपुर से 13.26 बजे, चकिया से 13.50 बजे, बापूधाम मोतिहारी से 14.20 बजे, सगौली से 14.45 बजे, बेतिया से 15.10 बजे, नरकटियागंज से 16.15 बजे, बगहा से 17.10 बजे, कप्तानगंज से 19.04 बजे, गोरखपुर से 20.45 बजे, गोंडा से 23.10 बजे, दूसरे दिन ऐशबाग से 02.55 बजे, कानपुर सेंट्रल से 05.55 बजे, उरई से 07.52 बजे, वीरांगना लक्ष्मीबाई जं. झांसी से 11.15 बजे, बीना से 15.10 बजे, भोपाल से 17.15 बजे, इटारसी से 19.30 बजे, अमला से 22.17 बजे, तीसरे दिन नागपुर से 01.20 बजे, चंद्रपुर से 05.17 बजे, बल्हारशाह से 06.15 बजे, रामगुंडम से 09.20 बजे, काजीपेट से 11.30 बजे, काचीगुडा से 14.40 बजे, महबूबनगर से 16.35 बजे, डोन जं. से 21.15 बजे, चौथे दिन धर्मवरम् से 01.10 बजे तथा यलहंका से 03.50 बजे छूटकर श्री सिद्धारूढ़ा स्वामीजी हुब्बल्लि जं. 12.20 बजे पहुंचेगी।

वापसी यात्रा में 05544 श्री सिद्धारूढ़ा स्वामीजी हुब्बल्लि जं.-मुजफ्फरपुर साप्ताहिक पूजा विशेष गाड़ी 14 अक्टूबर से 18 नवम्बर तक प्रत्येक मंगलवार को श्री सिद्धारूढ़ा स्वामीजी हुब्बल्लि जं. से 09.00 बजे प्रस्थान कर यलहंका से 17.15 बजे, बापूधाम मोतिहारी से 03.30 बजे, चकिया से 03.57 बजे तथा मोतीपुर से 04.25 बजे छूटकर मुजफ्फरपुर से 05.00 बजे पहुँचेगी।

# पीडब्ल्यूडी में गोलमाल: सड़क बनी नहीं, कर दिया करोड़ों का भुगतान

## छह महीने बाद बिना सड़क बनाये करा दिया उद्घाटन, सीएम योगी से शिकायत

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** लोक निर्माण विभाग में जमकर गोलमाल चल रहा है। इंजीनियरों और ठेकेदारों के गठजोड़ से भ्रष्टाचार फल-फूल रहा है। यहां सड़क बनने के पहले ही फर्मों को भुगतान किया जा रहा है। ताजा मामला राजधानी के मलिहाबाद विधानसभा क्षेत्र में सड़क निर्माण से जुड़ा है। कागज में सड़क बनकर तैयार हो गई है। वहीं मौके पर लोग गड्ढे पर चलने को मजबूर हैं। फरवरी में टेंडर फाइनल होने के बाद भी सड़क न बनने का खुलासा तब हुआ जब क्षेत्रीय विधायक की ओर से पूरे मामले की मुख्यमंत्री से शिकायत की गई। जनप्रतिधि से सड़क निर्माण का उद्घाटन भी करा लिया गया। मगर बिना सड़क बनाए भुगतान होने की जानकारी होने पर अब सीएम से शिकायत करते हुए प्रकरण की जांच कर दोषी इंजीनियरों के खिलाफ कार्रवाई करने का अनुरोध किया है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जीरो टोलरेंस नीति का भी अफसरों व इंजीनियरों पर कोई असर नहीं है। राजधानी में ही पीडब्ल्यूडी के इंजीनियर सरकार की छवि धूमिल करने में लगे हैं। यह मामला पीडब्ल्यूडी के निर्माण खंड-दो से जुड़ा है। यहां 12 करोड़ की लागत से माल-दुबग्गा रोड के नवीनीकरण और पैच वर्क का काम नहीं हुआ जबकि ठेकेदार को 10% अग्रिम भुगतान भी किया जा चुका था। विभाग ने फरवरी में 12 करोड़ की लागत से माल-दुबग्गा रोड के नवीनीकरण और पैच वर्क का टेंडर जारी किया था। नियमों के मुताबिक ठेकेदार को 10% अग्रिम भुगतान भी किया जा चुका था। भुगतान होने के बावजूद ठेकेदार ने छह महीने तक काम ही शुरू नहीं किया। खास बात यह है कि विभाग के आला अफसरों व इंजीनियरों ने तो काम की कोई जांच की और न ही न ही किसी पर कोई कार्रवाई की। ठेकेदार हर महीने अलग-अलग बहाने बनाकर काम को टालता रहा। स्थानीय लोगों ने जब जनप्रतिनिधियों से शिकायत की, तब मुख्यमंत्री से शिकायत की गई। बताया गया कि मार्च में मशीनरी एवं मोबिलाइजेशन के अग्रिम भुगतान के अतिरिक्त टीईए से पैच मरम्मत के कार्य को सम्मिलित करते हुए डीबीएम भुगतान सहित कुल 05 करोड़ 30 लाख का भुगतान कर दिया गया। आरोप है कि इंजीनियरों ने गुमराह कर 26 सितंबर को विधायक से मार्ग का उद्घाटन भी करा दिया। बताया जा रहा है कि इसकी लागत करीब 15 करोड़ की अनुमानित थी। मेसर्स जितेंद्र सिंह नाम की कार्यदायी संस्था ने 12 करोड़ में टेंडर हासिल कर लिया। इसमें इस्टीमेटेड टेक्निकल एप्रूवल के तहत पैच मरम्मत के लिए 35 लाख का बजट भी रखा गया। नियमों के अनुसार अग्रिम भुगतान के बाद एक सप्ताह में काम शुरू हो जाना चाहिए था। लेकिन ठेकेदार ने काम समय पर शुरू नहीं किया। लेकिन यहां 6 महीने तक निर्माण शुरू नहीं हुआ। इसकी शिकायत प्रमुख सचिव पीडब्ल्यूडी से की गई। इसके लिए अधिशासी अभियंता राजेश कुमार, सहायक अभियंता राम रतन और अवर अभियंता नागेंद्र पाल की भूमिका पर सवाल उठने लगे हैं। वहीं निर्माण खंड-2 की ओर से शिकायत के बाद कार्रवाई से बचने के लिए इंजीनियर आनन-फानन में सड़क बनाने के लिए जोर आजमाइश करने में जुट गए हैं। इस मामले में अधिशासी अभियंता निर्माण खण्ड-2 राजेश कुमार से बात करने का प्रयास किया गया लेकिन उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया।

## प्रदेश में आज ओले गिरने की संभावना

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** प्रदेश में मानसून पश्चिमी विक्षोभ के असर से सोमवार को पश्चिमी यूपी में मौसम में बदलाव हो सकता है साथ ही ओले भी गिरने की संभावना है। मौसम विभाग ने सोमवार के लिए पश्चिमी तराई के सहारनपुर, शामली, बिजनौर समेत 15 जिलों में गरज चमक के साथ ओले गिरने की आशंका जताई है। वहीं पश्चिम के 13 जिलों में भारी बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है। इस दौरान 30 से 40 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से तेज झोंकेदार हवाएं चलने की भी चेतावनी है। लगभग 38 जिलों में मेघ गर्जन के साथ वज्रपात की भी आशंका है। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र लखनऊ के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता से सोमवार को पश्चिमी यूपी के कई जिलों में भारी बारिश और गरज चमक के साथ ओले गिरने की चेतावनी है। बुधवार से पूर्वी और पश्चिमी यूपी में मौसम के शुष्क रहने के संकेत हैं।

## 9 अक्टूबर को लखनऊ पहुंचेगी जागृति यात्रा



**लखनऊ।** श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी के 350वें शहीदी पर्व के अवसर पर तख्त श्री हरिमंदिर जी पटना साहिब द्वारा जागृति यात्रा पटना साहिब से चलकर कई प्रदेशों में होती हुई 9 अक्टूबर को कानपुर के रास्ते लखनऊ में आ रही है गुरुद्वारा सचिव मनमोहन सिंह हैप्पी ने बताया कि शहीदी यात्रा शाम 4:00 बजे लखनऊ में सरोजिनी नगर पहुंचेगी एवं ट्रांसपोर्ट नगर, कृष्णा नगर, सिंगार नगर, पटेल नगर, सदर होते हुए, नाका गुरुद्वारा से होते हुए देर रात गुरुद्वारा यहियागंज पहुंचेगी। इस यात्रा में पुरातन शस्त्र एवं ऐतिहासिक निशानियां भी मौजूद हैं। यात्रा 9 अक्टूबर रात गुरुद्वारा यहियागंज में रुक कर 10 अक्टूबर को प्रातः 10:00 बजे सीतापुर के लिए रवाना होगी। इस अवसर पर गुरुद्वारा यहियागंज में विशेष समागम होंगे। लखनऊ पहुंचने पर जगह-जगह यात्रा के स्वागत की विशेष तैयारी की गई है। यात्रा के लखनऊ पहुंचने पर डॉक्टर गुरमीत सिंह एवं सहयोगियों एवं लखनऊ के समस्त गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के मुख्य सेवादारों द्वारा स्वागत किया जाएगा।

## 'हम तो चले हरिद्वार' संग्रह का विमोचन और मंचन



**लखनऊ।** बिम्ब सांस्कृतिक समिति की ओर से संस्कृति मंत्रालय नई दिल्ली के सहयोग से नवीनतम हास्य नाटक 'हम तो चले हरिद्वार' की प्रस्तुति होगी। राय उमानाथ बली प्रेक्षागृह में 12 अक्टूबर को शाम सवा सात बजे रामकिशोर नाग के लिखे नाटक के मंचन से पहले तीन बजे इसी शीर्षक से सद्य प्रकाशित नाट्य संग्रह का विमोचन भी बली हाल में ही होगा। संस्था के सचिव महर्षि कपूर ने बताया कि राम किशोर नाग ने अब तक ममता, रांग नम्बर, उ बंगला नम्बर 302, कबीर एक ध्रुव तारा, से मोहन, द कान्ट्रैक्ट आदि 46 नाटक लिखे हैं। इनमें से अधिकांश मंचित हो चुके हैं। नाट्य संकलन हम तो चले हरिद्वार से पहले उनके लिखे तीन तीन नाटकों के दो नाट्य संग्रह 'वन टू का फोर' और 'इटैलियानो' भी प्रकाशित हो चुके हैं। नाटक का पूर्वाभ्यास महर्षि कपूर के निर्देशन में जानकीपुरम में चल रहा है।

## आईआईटी भुवनेश्वर में नमो सेमीकंडक्टर प्रयोगशाला की होगी स्थापना

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। भारत में स्वदेशी चिप निर्माण और पैकेजिंग क्षमताओं के लिए प्रतिभा पूल विकसित करने में सहायता के लिए आईआईटी भुवनेश्वर में नमो सेमीकंडक्टर प्रयोगशाला की स्थापना को मंजूरी दी गई। नमो सेमीकंडक्टर लैब युवाओं को उद्योग-अनुकूल कौशल से लैस करके ह्यमेक इन इंडिया और डिजाइन इन इंडिया पहल को बढ़ावा देगी। यह लैब आईआईटी भुवनेश्वर को सेमीकंडक्टर अनुसंधान और कौशल विकास के केंद्र के रूप में स्थापित करेगी। केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने हाल ही में आईआईटी भुवनेश्वर में नमो सेमीकंडक्टर प्रयोगशाला की स्थापना को मंजूरी दी है। इस परियोजना को एमपीएलएडी योजना के तहत धनराशि प्रदान की जाएगी। इस परियोजना की अनुमानित लागत 4.95 करोड़ रुपये है। यह लैब पूरे भारत में स्थापित होने वाली चिप निर्माण और पैकेजिंग इकाइयों के लिए प्रतिभाओं को विकसित करने में सहायता करेगी। यह नई प्रयोगशाला मेक इन इंडिया और डिजाइन इन इंडिया पहलों को और बढ़ावा देगी। यह भारत के तेजी से बढ़ते सेमीकंडक्टर इकोसिस्टम के लिए उत्प्रेरक का काम करेगी। भारत वैश्विक चिप डिजाइन प्रतिभाओं का 20 प्रतिशत हिस्सा रखता है।



देश भर के 295 विश्वविद्यालयों के छात्र उद्योग द्वारा उपलब्ध कराए गए नवीनतम ईडीए उपकरणों का उपयोग कर रहे हैं। 20 संस्थानों के 28 छात्रों द्वारा डिजाइन किए गए चिप एससीएल मोहाली में प्रदर्शित किए गए हैं। आईआईटी भुवनेश्वर में पहले से ही सिलिकॉन कार्बाइड अनुसंधान एवं नवाचार केंद्र है। इस नई प्रयोगशाला से मौजूदा क्लीनरूम सुविधाओं में वृद्धि होगी।

## गंदे पानी की आपूर्ति से लोग परेशान

**लखनऊ।** आजाद नगर, जानकीपुरम, हुसैनगंज, अलीगंज, छितवापुर में पिछले कई दिनों से गंदा और बदबूदार पानी सप्लाई होने से लोग परेशान हैं। जलकल विभाग की लापरवाही से त्रस्त लोग अब सड़कों पर उतरने की तैयारी में हैं। आजाद नगर में हालात सबसे ज्यादा खराब हैं। क्षेत्र के करीब 50 प्रतिशत घरों में पानी की आपूर्ति पूरी तरह ठप है। जिन घरों में कभी-कभी पानी आ भी रहा है, वहां बदबूदार और काला पानी टंकी तक भर रहा है। लोगों का कहना है कि पानी इतना गंदा है कि उससे न तो पीना संभव है, न ही कपड़े धोना। समाजसेवी मुशर्रफ इमाम ने बताया कि रात-रात भर जागकर वे किसी तरह थोड़ा बहुत पानी भर पाते हैं, लेकिन अब सब्र का बांध टूट चुका है। हुसैनगंज में भी नहीं दूर हुआ संकट हुसैनगंज और छितवापुर इलाकों की स्थिति भी भयावह है। यहां भी पिछले हफ्ते से लगातार गंदा पानी सप्लाई हो रहा है। स्थानीय पार्षद पहले भी इस मुद्दे पर प्रदर्शन कर चुके हैं, लेकिन जलकल अधिकारियों ने समस्या सुलझाने की दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया। इसी तरह जानकीपुरम विस्तार के सभी सेक्टरों से भी लोगों ने पानी में बदबू और मटमैलेपन की शिकायत की है। जलकल विभाग का कैम्प कार्यालय सेक्टर-6 में ही मौजूद है, लेकिन उसके बावजूद अधिकारी समस्या का समाधान नहीं कर पा रहे। जानकीपुरम विस्तार संयुक्त कल्याण महासमिति के महासचिव विनय कृष्ण पाण्डेय खुद लगातार पेयजल की समस्या उठा रहे हैं। अलीगंज में दो महीने से गंदे पानी की सप्लाई अलीगंज सेक्टर-ई के एमआईजी कॉलोनी में भी स्थिति चिंताजनक है। यहां पानी सप्लाई के लिए बने गड्ढे में लगा नोजल दो महीने से खराब पड़ा है। परिणामस्वरूप गड्ढे में जमा बदबूदार पानी ही पाइपलाइन में सप्लाई हो रहा है।

## 9,527 पुलिस कर्मियों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

- वामा वेलनेस कैम्प: पुलिस परिवारों के स्वास्थ्य के लिए एक समर्पित पहल

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश पुलिस फैमिली वेलफेयर एसोसिएशन, वामा सारथी उत्तर प्रदेश पुलिस के कर्मियों एवं उनके परिवार के कल्याणार्थ एक समर्पित संस्था के रूप में कार्यरत है जिसकी पदेन अध्यक्षा पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश की धर्मपत्नी श्रीमती मीनाक्षी सिंह हैं। वामा सारथी की अध्यक्षा मीनाक्षी सिंह के दूरदर्शी नेतृत्व में वामा सारथी को पिछले तीन माह में एक नई संजीवनी प्राप्त हुई है जो अब संवेदना, सहयोग और सशक्तिकरण का सजीव प्रतीक बन चुकी है। उत्तर प्रदेश के 34 जनपदों में डॉ. लाल पैथ लैब्स के सहयोग से वामा वेलनेस कैम्प का आयोजन किया गया जिसका उद्देश्य उनकी विभिन्न समग्र सेहत की जांच, स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना और रोगों की समय से पहचान सुनिश्चित करना रहा। उत्तर प्रदेश पुलिस में पहली बार सामूहिक स्तर पर इतनी किफायती दरों पर उत्कृष्ट स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए गए हैं। इन सभी जनपदों में कुल 9,527 पुलिस कर्मियों एवं उनके परिवारजन द्वारा वामा वेलनेस कैंप में सहभागिता की गयी, जिसमें 5,326-पुरूषों तथा 2,145-महिलाओं एवं 213-बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इस वामा वेलनेस कैंप में लखनऊ के 311, मेरठ के 140, खीरी के 225, सुलतानपुर के 175, बुलंदशहर के 160, झांसी के 332 कर्मियों एवं उनके परिवार के सदस्यों द्वारा सहभागिता की गयी। यह आकड़े इस पहल की व्यापकता और पुलिस परिवारों में स्वास्थ्य के प्रति बढ़ती जागरूकता का प्रतीक है। वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों की पत्नियाँ, डॉ. चेतना गुप्ता, डॉ. रिचा चौधरी, डॉ. कोमल, डॉ. आंकाक्षा गुप्ता, डॉ. अरूणिमा शामिल हैं। इन सभी ने इस प्रदेश स्तरीय अभियान के संचालन में पूर्ण योगदान दिया। जनपदों में वेलनेस कैम्प के कार्यक्रम के सुचारू रूप से संचालन हेतु वामा सारथी की सचिव श्रीमती चारू गाबा के पर्यवेक्षण में हेल्थ एवं वेलनेस कमेटी एवं जनपद स्तर पर वामा सारथी की स्थानीय अध्यक्षा ने सक्रिय भूमिका निभाई। यह स्वास्थ्य शिविर न केवल पुलिस बल की कार्य क्षमता और मानसिक सजगता को बढ़ाने की दिशा में एक सशक्त प्रयास है, बल्कि यह वामा सारथी की उस मूल सोच का भी प्रतीक है, जिसके अंतर्गत एक स्वस्थ, सशक्त और सुरक्षित पुलिस परिवार का निर्माण सुनिश्चित किया जा रहा है।

## डांडिया नाइट से हुआ प्रगति महोत्सव का आगाज



**लखनऊ।** प्रगति पर्यावरण संरक्षण ट्रस्ट एवं प्रगति इवेंट के संयुक्त तत्वाधान में आशियाना के सेक्टर एम गुरुद्वारा स्थित ग्राउंड पर 24 सितंबर 2025 से 26 अक्टूबर 2025 तक चलने वाले प्रगति महोत्सव में राम कथा का समापन हुआ आज से सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ डांडिया से आरंभ हुआ है डांडिया का आयोजन प्रगति इवेंट तथा हुनर है तो कदर है के तहत दिवास करिश्मा ब्यूटी सैलून एंड मेकअप स्टूडियो डायरेक्टर माधुरी वर्मा के नेतृत्व में किया गया कार्यक्रम की प्रोग्राम डायरेक्टर गीतांजलि वर्मा के नेतृत्व में सभी आयु वर्गों के लोगों द्वारा जमकर झूम कर और पूरे हिस्सा के साथ डांडिया का लुफ्त उठाया गया। डांडिया नाइट में मुख्य अतिथि के रूप, सदस्य आयोग डॉ प्रियंका मौर्या प्रगति इवेंट के अध्यक्ष विनोद कुमार सिंह उपाध्यक्ष एन सिंह पार्षद श्रीमती निर्मल सिंह भोजपुरी फिल्म एक्टर सुनील दत्त पांडे विशेष रूप से उपस्थित थे कार्यक्रम में अपनी सहभागिता अर्चना विमल आरती माला कुमारी क्षमता राठौर नीता दीक्षित दीपा द्विवेदी लंबा बबीता तथा पूनम, स्नेहा, रागिनी जायसवाल सहित भारी संख्या में युवा मौजूद थे। डांडिया नृत्य में मुख्य आकर्षण आकर्षक परिधान और श्रद्धा हुआ ले लाल आकर्षण का केंद्र रहा। प्रगति महोत्सव में जहां झूला मस्ती के साथ क्रोकरी फर्नीचर कारपेट फूड स्टॉल सहित सैकड़ो दुकान लोगों को अपनी ओर आकर्षित कर रही है।

## प्रशासनिक दक्षता और सुशासन के क्षेत्र में आगे बढ़ रहा उत्तर प्रदेश

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार ने प्रशासनिक दक्षता और सुशासन के क्षेत्र में एक और उल्लेखनीय उपलब्धि दर्ज की है। इसके तहत समाज कल्याण विभाग प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरदर्शी पहल मिशन कर्मयोगी अभियान को पूरी प्रतिबद्धता के साथ आगे बढ़ा रहा है। इस अभियान के तहत विभाग के अधिकारी और कर्मचारी डिजिटल प्रशिक्षण के माध्यम से अपने कार्यकौशल को निखारते हुए जनता को पारदर्शी, तेज और प्रभावी सेवाएं प्रदान करने की दिशा में उल्लेखनीय प्रगति कर रहे हैं।

समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने बताया कि सितंबर 2025 तक विभाग के 3,900 अधिकारी, नियमित/संविदा कर्मचारी एवं शिक्षक पोर्टल पर पंजीकृत हो चुके हैं। इन सभी ने अब तक 21,150 कोर्स पूरे किए हैं, जिनमें कुल 15,893 घंटे का प्रशिक्षण शामिल है। आंकड़ों के अनुसार 2,759 कर्मचारियों ने कम से कम एक कोर्स पूरा किया है। 2,289 कर्मचारियों ने तीन या उससे अधिक कोर्स पूरे किए हैं। वहीं 1,611 कर्मचारी तीन से कम कोर्स तक सीमित रहे हैं और 1,141 अभी प्रशिक्षण पूरा करने की प्रक्रिया में हैं। मंत्री असीम अरुण ने कहा कि मिशन कर्मयोगी का मुख्य उद्देश्य प्रत्येक सरकारी अधिकारी और कर्मचारी को दक्ष, पारदर्शी और जवाबदेह बनाना है।

इस प्रशिक्षण से सरकारी कर्मचारियों में नई कार्यशैली, नीति निर्माण की समझ और प्रबंधन कौशल विकसित हो रहे हैं, जिससे जनता को अधिक गुणवत्तापूर्ण और पारदर्शी सेवाएं मिलेंगी। राज्य सरकार की डिजिटल गवर्नेंस नीति के अंतर्गत मिशन कर्मयोगी जैसे अभियानों से न केवल सरकारी कामकाज की गति बढ़ रही है, बल्कि जवाबदेही और नागरिक संतुष्टि में भी उल्लेखनीय सुधार हुआ है।

## बिजली निजीकरण के मुद्दे पर डिस्ट्रीब्यूशन मीट का होगा विरोध

**लखनऊ।** बिजली कर्मचारियों और अभियंताओं की राष्ट्रीय समन्वय समिति नेशनल को-ऑर्डिनेशन कमेटी ऑफ इलेक्ट्रिसिटी इंप्लाइज एंड इंजीनियर्स (एनसीसीओईईई) ने चार और पांच नवंबर को होने वाली डिस्ट्रीब्यूशन यूटिलिटी मीट के विरोध का ऐलान किया है। संगठन ने कहा है कि यह मीट वितरण निगमों के निजीकरण के एजेंडे पर रखी गई है। ऑल इंडिया पावर इंजीनियर्स फेडरेशन के चेयरमैन शैलेंद्र दुबे ने बताया कि रविवार को इस संदर्भ में हुई मीटिंग में मुंबई में होने वाली बैठक में सभी निजी औद्योगिक समूह हिस्सा लेंगे। कमेटी ने फैसला लिया है कि यूपी समेत अन्य जगहों पर चल रही निजीकरण की प्रक्रिया का भी विरोध किया जाएगा। डिस्कॉम एसोसिएशन निजीकरण में बिचौलिए की भूमिका निभा रही है। बैठक में तय किया गया है कि मुंबई में आयोजन स्थल पर ही बिजली कर्मचारी विरोध प्रदर्शन करेंगे।

## स्वदेशी अपनाओ, ऑनलाइन खरीदारी से नाता तोड़ो

विशेष संवाददाता (vol)

- यापारियों ने निकाली बाजारों में जनजागरण यात्रा

लखनऊ। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल लखनऊ इकाई के तत्वावधान में रविवार को आलमबाग नटखेड़ा रोड बाजार में कोषाध्यक्ष धर्मपाल अग्रवाल के प्रतिष्ठान से स्वदेशी वस्तुएं अपनाए-आनलाइन कारोबार से नाता तोड़े अभियान की शुरूआत की गयी। जनजागरण अभियान प्रदेश अध्यक्ष मुकुन्द मिश्रा के नेतृत्व में प्रारंभ हुआ। जो नटखेड़ा रोड बाजार, चन्दन नगर मार्केट, आलमबाग, तालकटोरा रोड बाजारों में पद यात्रा करके दुकानदारो व ग्राहकों हैंडविल वितरित किए एवं पोस्टर चिपका कर स्वदेशी वस्तुएं अपनाए-ऑनलाइन से नाता तोड़ने की अपील की गयी। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष मुकुंद मिश्रा ने व्यापारियों से अपील की, कि भारत की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने एवं आत्म निर्भर बनाने के लिए व्यापारी अमेजॉन फ्लिपकार्ट जैसी विदेशी कंपनी का बहिष्कार कर ऑनलाइन कारोबार से नाता तोड़े स्वदेशी वस्तुएं एवं स्वदेशी उत्पाद बाजार में दीपावली के पर्व पर आकर्षक पैकिंग में वर्तमान जीएसटी दर में बेचे। बाजारों में सफाई रखे, ग्राहकों की पार्किंग के फुटपाथ खाली रखे, ताकि दीपावली त्यौहार पर बाजारों की रौनक गुलजार हो। जन जागरण यात्रा के दौरान नटखेड़ा रोड बाजार के स्थानीय दुकानदारों ने कई स्थानो पर फूलों की वर्षा कर मिष्ठान वितरित करते हुए यात्रा स्वागत किया।

**सुनील पाण्डेय का हुआ स्वागत :** राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड के सदस्य सुनील पांडे का लखनऊ के प्रथम आगमन पर व्यापारियों ने जोरदार स्वागत किया। जन जागरण यात्रा में प्रमुख रूप से प्रदेश अध्यक्ष मुकुंद मिश्रा, राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड के सदस्य सुनील पांडे, प्रदेश युवा महामंत्री संत मिश्रा, नगर अध्यक्ष अमरनाथ अग्रवाल, महामंत्री योगेंद्र सिंह, कोषाध्यक्ष धर्मपाल अग्रवाल, प्रदेश संगठन मंत्री श्याम मिश्रा, नगर युवा अध्यक्ष संजय जायसवाल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अरविंद अग्रवाल, मंत्री प्रशांत वर्मा, विवेक अग्रवाल, मंगलेश मिश्रा, अमरीश अग्रवाल, गोपाल अग्रवाल हरिशंकर मिश्रा, सुशील जायसवाल, प्रदीप सोनकर, राकेश गुप्ता, हरपाल अग्रवाल, सुरेश अग्रवाल, अमित अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में व्यापारियों ने जनजागरण यात्रा में भाग लिया।

## यूपी एससीआर: जीआईएस आधारित तैयार होगी क्षेत्रीय महायोजना

**लखनऊ।** राज्य राजधानी क्षेत्र विकास प्राधिकरण के गठन को लेकर भू-स्थानिक सूचना प्रणाली (जीआईएस) आधारित क्षेत्रीय महायोजना तैयार की जाएगी। इस योजना की जिम्मेदारी एईकॉम इंडिया प्राइवेट लिमिटेड और एजिस इंडिया परामर्श अभियंता प्राइवेट लिमिटेड को जिम्मेदारी दी गई है। परिवहन निगम मुख्यालय की ओर से सिटी ट्रांसपोर्ट सर्विसेज लिमिटेड के सभी प्रबंध निदेशकों को निर्देशित किया गया है कि इस कार्य में सहयोग करें और आवश्यक सूचनाएं तथा रिपोर्ट समय पर उपलब्ध कराएं। एलडीए के सचिव विवेक श्रीवास्तव ने इस सम्बंध में परिवहन विभाग को पत्र लिखकर सहयोग मांगा था। परिवहन निगम के प्रबंध निदेशक ने मामले में निर्देश जारी किया। प्राधिकरण की योजना के अनुसार राज्य राजधानी क्षेत्र के विकास के लिए सटीक भौगोलिक और जनसांख्यिकीय आंकड़ों पर आधारित महायोजना तैयार की जाएगी।

## नवीन मार्केट व्यापार मंडल इकाई का गठन, अध्यक्ष बने विश्व विजय




विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** लखनऊ व्यापार मंडल की नवीन मार्केट मुंशी पुलिया इकाई का शपथ ग्रहण समारोह रविवार को सम्पन्न हो गया। समारोह की अध्यक्षता लखनऊ व्यापार मंडल के वरिष्ठ उपाध्यक्ष मनीष वर्मा ने की। इस अवसर पर मुख्य अतिथि संगठन के अध्यक्ष अमर नाथ मिश्र, विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ महामंत्री पवन मनोचा, महामंत्री सुहैल हैदर अल्वी के साथ सतनाम सिंह अभिषेक सिंह चौहान, हिमांशु भट्ट, यशपाल सिंह, नितिन जैन, नितिन अग्रवाल, गोपाल अग्रवाल उपस्थित रहे। समारोह में अध्यक्ष पद पर विश्व विजय सिंह, महामंत्री महेश शर्मा, कोषाध्यक्ष आनंद वर्मा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष रवि मिश्रा, कनिष्ठ उपाध्यक्ष दिनेश मिश्रा, कानूनी सलाहकार सरोज शुक्ला, संगठन मंत्री मोहम्मद रईस, कार्यकारिणी सदस्य में शहमीर(शिबू), सुबोध मिश्रा, मुन्ना सिंह, राजेश सिंह(पप्पू) विवेक बिसेन, अशोक सिंह, जगदीश प्रसाद, महेंद्र यादव, आकाश, राजीव, ताज मोहम्मद, दानिश, चंद्रा, ऋषि कुमार, मोहम्मद रईस, भोला मिश्रा (अशोक), अखिलेश सिंह, जावेद, कुलदीप गुप्ता, अभिजीत ध्रुव चंद्र तिवारी को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गयी। इस मौके पर अमरनाथ मिश्रा ने कहा कि व्यापारी समाज देश की आर्थिक रीढ़ है और हमें उस पर गर्व है। संगठन की एकता और सेवा भावना ही हमारी सबसे बड़ी ताकत है।

## 'विकसित यूपी' की चाह, पहली बार खुलकर सुझाव दे रहे ग्रामीण युवा

विशेष संवाददाता (vol)

- ग्रामीण क्षेत्रों से मिले करीब 21 लाख सुझाव
- तकनीकी खेती, कोल्ड स्टोरेज, समर्थन मूल्य और डिजिटल किसान मंडियों के मिल रहे सुझाव

**लखनऊ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'विकसित भारत 2047' के संकल्प को साकार करने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश को 'विकसित यूपी' बनाने का जो अभियान शुरू किया है, वह अब एक जन आंदोलन बनता जा रहा है। दिलचस्प बात यह है कि इस अभियान में ग्रामीण युवाओं ने अभूतपूर्व उत्साह दिखाया है।

पहली बार गांवों से इतनी बड़ी संख्या में युवा प्रदेश के विकास के हर पहलू पर अपनी राय दे रहे हैं। सरकार के पोर्टल पर अब तक करीब 27 लाख सुझाव प्राप्त हुए हैं। इनमें से लगभग 21 लाख सुझाव ग्रामीण क्षेत्रों से और करीब 6 लाख शहरी क्षेत्रों से आए हैं। यानी, शहरों से कहीं अधिक सक्रिय हैं यूपी के गांवों के युवा, जो अपने सुझावों से ह्यविकसित यूपीह्न के ब्लूप्रिंट को आकार दे रहे हैं।

गांवों के युवाओं का मानना है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश में विकास की गति तेज हुई है और वे इस परिवर्तन का हिस्सा बनना चाहते हैं।

हरदोई के सौरभ सिंह कहते हैं कि अब गांवों में भी खेल, शिक्षा और स्वास्थ्य को प्राथमिकता मिलनी चाहिए। हर पंचायत में खेल मैदान और डिजिटल लाइब्रेरी जरूरी हैं।

सीतापुर के योगेश कुमार का कहना है कि हर गांव तक इंटरनेट और अच्छी शिक्षा पहुंचे। तभी गांवों का युवा शहरों से मुकाबला कर सकेगा। जौनपुर की पूजा त्रिपाठी का कहना है कि गांवों में लड़कियों के लिए उच्च शिक्षा और सुरक्षा के इंतजाम बेहतर हों।

योगी सरकार ने जो शुरूआत की है, उसे आगे बढ़ाना चाहिए। महराजगंज के किसान युवक अमन चौधरी कहते हैं कि खेती में तकनीक का इस्तेमाल जरूरी है। हर ब्लॉक में कोल्ड स्टोरेज और डिजिटल मंडी बने ताकि फसल का सही दाम मिले।

वाराणसी के प्रवीण सिंह का सुझाव है कि युवाओं को स्टार्टअप्स के लिए आसान लोन और तकनीकी मार्गदर्शन मिले।

अब गांवों में भी इनोवेशन की लहर है। अभियान के तहत अब तक मिले 7.8 लाख सुझाव शिक्षा क्षेत्र से जुड़े हैं। कन्नौज के विवेक मिश्रा ने कहा है कि हर गांव में जिम और खेल प्रशिक्षण केंद्र बनें।

## कथित पत्रकारों का शराब दुकानदार ने सिर फोड़ा

**लखनऊ।** चिनहट कस्बा में तड़के सुबह दो कथित पत्रकारों को देशी शराब की दुकान का वीडियो बनाना महंगा पड़ा। दुकान में मौजूद सेल्स मैनेजर और अन्य लोगो ने उन्हें दबोच लिया। सड़क से दोनों को घसीट कर दुकान के अंदर ले गए। दोनों को बंधक बनाकर कर मारने पीटने लगे। लोहे की रॉड से दोनों की बेरहमी से पिटाई की। स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना पड़ोस में रहने वाले स्थानीय पुलिस को दी। मौके पर पहुँचे स्थानीय पार्षद ने दोनों कथित पत्रकारों को बंधक मुक्त कराया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

चिनहट कस्बा में रावण दहन स्थल के पास सुनील कुमार जयसवाल के नाम देशी शराब की दुकान। शराब की यह दुकान आबकारी नियमों को ताख पर रखकर संचालित की जाती है। रात 1 बजे तक दुकान खुली रहती है। वहीं तड़के सुबह 4 बजे ही दुकान खुल जाती है। रविवार को तड़के सुबह करीब 5 बजे बाराबंकी के रहने वाले कथित पत्रकार सुनील कुमार और महेश चक्रवती शराब की दुकान पर पहुंचे। उन्होंने वहाँ वीडियो बनाना शुरू कर दिया। ओवर रेटिंग और समय के नियमों को दरकिनार का वीडियो बनाना दुकानदार को नागवार गुजरा। दुकान पर मौजूद सेल्स मैनेजर सुनील कुमार पुत्र रामदत्त निवासी गल्ला मंडी चिनहट उन्हें रोकने लगा। दोनों युवक वहाँ से जाने लगे। सेल्स मैनेजर सुनील कुमार अपने कुछ साथियों के साथ दोनों को रोक लिया। दोनों का मोबाइल छीन कर उन्हें सड़क से ही घसीटते हुए दुकान तक ले गए। दुकान का शटर बंद कर दिया। दिनों को दुकान पर ही बंधक बनाकर कर पीटना शुरू कर दिया। लोहे की रॉड से दोनों की बेरहमी से पिटाई की। इस पिटाई में सुनील कुमार के सर पर गंभीर चोटें आईं हैं। किसी ने इसकी सूचना पड़ोस में रहने वाले पार्षद अरुण राय को मिली। मौके पर पहुंचे पार्षद ने शटर खुलवाया।

महत्वपूर्ण नंबर
वूमेन पावर लाइन 1090
पुलिस 100
2629999
पुलिस स्टेशन गंज 2622556

फायर स्टेशन
हजरतगंज- कंट्रोल रूम
9454418642
गोमती नगर-9454418657

एम्बुलेंस
मेडिकल सेवा- 102, 108



# सर्वार्थ सिद्धि योग में शरद पूर्णिमा आज, होगी चांद से अमृत वर्षा

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** अश्विन मास का आखिरी दिन है शरद पूर्णिमा। दशहरा के बाद यह पर्व मनाया जाता है। इस दिन भगवान विष्णु और मां लक्ष्मी की पूजा की जाती है। ऐसा कहा जाता है कि इस दिन मां लक्ष्मी और भगवान विष्णु धरती पर भ्रमण के लिए आते हैं। इस दिन के बाद से कार्तिक मास लग जाता है, जिसमें दिवाली, धनतेरस का पर्व मनाया जाता है। इस साल शरद पूर्णिमा 6 अक्टूबर को है। ग्रह नक्षत्रों की बात करें तो इस साल 6 अक्टूबर को उत्तराभाद्रपद नक्षत्र रहेगा, वहीं सर्वार्थ सिद्धि योग भी इस दिन मिल रहा है, दो इस पर्व को दोगुना शुभ बना रहा है। कुछ लोग इस दिन व्रत रखते हैं और भगवान विष्णु और मां लक्ष्मी का पूजन करते हैं। इस दिन चंद्रमा की पूजा का भी विधान है। इस साल पूर्णिमा तिथि की शुरूआत 6 अक्टूबर को सुबह 11 बजकर 02 मिनट से होगी और यह अगले दिन 07 अक्टूबर 2025 को दोपहर 01 बजकर 37 मिनट पर समाप्त होगी। लेकिन पूर्णिमा की शाम 6 अक्टूबर को मिलेगी, इसलिए पर्व 6 अक्टूबर को मनाई जाएगी। वहीं उदया तिथि में शरद पूर्णिमा 7 अक्टूबर को है।

**चंद्रमा का है खास महत्व:** ऐसा कहा जाता है कि शरद पूर्णिमा पर चंद्रमा से अमृत बरसता है। इस दिन चंद्रमा अपनी 16 कलाओं से परिपूर्ण होता है। इसलिए इस दिन चांद की रौशनी में खीर बनाकर रखी जाती है। रात भर खीर को रखकर अगले दिन खाया जाता है। ऐसा कहा जाता है कि इस दिन चंद्रमा से अमृत बरसता है , इसलिए चांद की रोशनी में खीर बनाकर रखी जाती है।





**चंद्रमा की किरणों से बरसेगा अमृत:** शरद पूर्णिमा की रात चंद्रमा 16 कलाओं से युक्त होता है। चंद्रमा से अमृत रूपी किरण बरसने की मान्यता होने से खीर को चंद्रमा की रोशनी में रखा जाता है। जब चंद्रमा की किरणें खीर में समाहित हो जाती हैं, इसके पश्चात उस खीर का सेवन किया जाता है। खीर के साथ आयुर्वेदिक औषधि का सेवन करने से बीमारी में लाभ होता है।

**शरद पूर्णिमा की खीर को खाने के फायदे:** शरद पूर्णिमा की रात को चांदनी में रखी खीर खाने के कई फायदे बताए जाते हैं। यह खीर कई रोगों से मुक्ति दिला सकती है, खासकर चर्म रोगों के लिए यह बहुत फायदेमंद मानी जाती है। इसके अलावा, यह आंखों की रोशनी बढ़ाने में भी मददगार मानी जाती है। मान्यता है कि यह खीर वाणी के दोषों को दूर करने के साथ-साथ मां लक्ष्मी का आशीर्वाद भी दिलाती है। प्रसाद के रूप में यह खीर खाने से आपको कभी धन की कमी का सामना नहीं करना पड़ेगा और मां लक्ष्मी का हाथ आपके सिर पर बना रहेगा।

**शरद पूर्णिमा क्यों मानी गई है सर्वश्रेष्ठ :** आरोग्य, धन, सुख प्राप्ति के लिए शरद पूर्णिमा सबसे खास है। शरद पूर्णिमा की रात मां लक्ष्मी का धरती पर आगमन होने से भक्तों के धन-धान्य से भरपूर रहने का आशीर्वाद मिलता है, वहीं इस दिन चंद्रमा की किरणों से अमृत की वर्षा होती है, जो स्वास्थ के लिए औषधि का काम करती है। यही वजह है कि शरद पूर्णिमा की रात चांद की रोशनी में खीर रखी जाती है और फिर इसका सेवन किया जाता है। कहेत हैं ये खीर अमृत के समान हो जाती है। मानसिक शांति के लिए भी इस दिन चंद्रमा की पूजा अचूक मानी गई हैं। इसी दिन श्रीकृष्ण ने गोपियों संग महारास रचाया था, जिसे देखने के लिए मनुष्य क्या देवी.देवता भी विवश हो गए थे।

**शरद पूर्णिमा का महत्व:** पौराणिक मान्यताओं अनुसार शरद पूर्णिमा के दिन ही मां लक्ष्मी की उत्पत्ति समुद्र मंथन से हुई थी। इस दिन मां लक्ष्मी पृथ्वी पर विचरण करती हैं। अपने भक्तों पर धन की देवी कृपा बरसाती हैं। शरद पूर्णिमा की रात को चंद्रमा की चांदनी से पूरी धरती सराबोर रहती है और अमृत की बरसात होती है। इन्हीं मान्यताओं के आधार पर ऐसी परंपरा बनाई गई है कि रात को चंद्रमा की चांदनी में खीर रखने से उसमें अमृत समा जाता है।

**शरद पूर्णिमा की पूजा-विधि:** शरद पूर्णिमा के दिन पवित्र नदी में स्नान करने की परंपरा है। यदि ऐसा नहीं कर सकते हैं तो घर में पानी में ही गंगाजल मिलाकर स्नान करें और स्वच्छ वस्त्र धारण करें। लकड़ी की चौकी पर लाल रंग का वस्त्र बिछाएं और इस स्थान को गंगाजल से पवित्र कर लें। इस चौकी पर अब मां लक्ष्मी की प्रतिमा स्थापित करें और लाल चुनरी पहनाएं। इसके साथ ही धूप, दीप, नैवेद्य और सुपारी आदि अर्पित करें। मां लक्ष्मी की पूजा करते हुए ध्यान करते हुए लक्ष्मी चालीसा का पाठ करें। शाम को भगवान विष्णु की पूजा करें और तुलसी पौधा के पास घी का दीपक जलाएं। इसके साथ ही, चंद्रमा को अर्घ्य दें। चावल और गाय के दूध की खीर बनाकर चंद्रमा की रोशनी में रखें। कुछ घंटों के लिए खीर रखने के बाद उसका भोग लगाएं और प्रसाद के रूप में पूरे परिवार को खिलाएं। पं. पुरेंद्र उपाध्याय ने बताया कि नारद पुराण के अनुसार ऐसा माना गया है कि इस दिन लक्ष्मी मां अपने हाथों में वर और अभय लिए घूमती हैं। इस दिन मां लक्ष्मी अपने जागते हुए भक्तों को धन और वैभव का आशीष देती हैं। शाम होने पर सोने, चांदी या मिट्टी के दीपक से आरती की जाती है। रातभर महालक्ष्मी का ध्यान और पूजा-अर्चना करने वाले भक्त को लक्ष्मी जी का विशेष आशीर्वाद प्राप्त होता है।

## दीयों की रोशनी से जगमग होगा गोमती घाट

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** शरद पूर्णिमा पर आज रात में आसमान से अमृत की वर्षा होगी। इसी के चलते घरों की छत पर लोग गाय के दूध से बनी खीर खुले आसमान के नीचे रखेंगे। शरद पूर्णिमा पर आदि गंगा गोमती का मनकामेश्वर उपवन घाट दीपकों की रोशनी से नहा उठेगा। मनकामेश्वर मंदिर की महंत देव्या गिरि ने बताया कि शरद पूर्णिमा सभी पूर्णिमाओं में खास होती है। वैसे तो हर पूर्णिमा पर आदि गंगा गोमती की आरती होती है, लेकिन शरद पूर्णिमा पर आसमान से अमृत वर्षा के चलते खीर का वितरण किया जाता है। चंद्रमा से अमृत वर्षा होती है जो शरद ऋतु के आने और मानव को रोगों से सुरक्षित रखती है।



**सनातन महासभा की ओर से गोमती आरती:** सनातन महासभा द्वारा इस बार अश्विन शरद पूर्णिमा 06 अक्टूबर सोमवार को सायं 6:00 बजे झूलेलाल वाटिका गोमती तट पर मनाई जाएगी। अध्यक्ष डा प्रवीण ने बताया कि इस मौके पर 143वी आदि गंगा मां गोमती महाआरती, सनातन समागम एवं विशेष श्रीमती करवाचौथ एवं समूह नृत्य प्रतियोगिता, सांस्कृतिक संध्या, नशा मुक्त प्रदेश विषयक नुक्कड़ नाटक का आयोजन होगा।

## डांडिया नाइट में अर्चना सिंह बनी करवा चौथ क्वीन

- मून एंड बीट्स में महिलाओं ने किया डांडिया

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** करवाचौथ के अवसर पर अदीरा कल्चरल क्लब द्वारा रविवार शाम होटल कसाया इन, विराजखंड गोमतीनगर में रंगारंग कार्यक्रम मून एंड बीट्स का आयोजन किया गया है।

कार्यक्रम का शुभारम्भ बतौर मुख्य अतिथि मौजूद उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक की पत्नी नम्रता पाठक, विशिष्ठ अतिथि वास्तु एक्सपर्ट सोहानी पाण्डेय, अदीरा कल्चरल क्लब की संस्थापिका व सीईओ रितिका चौधरी ने किया। उन्होंने सभी महिलाओं को करवा चौथ की बधाई दी। कार्यक्रम में महिलाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और डांडिया रास के साथ करवा चौथ का जश्न मनाया। सुंदर परिधान पहने, हाथों में मेहंदी लगाए और सोलह श्रृंगार किए महिलाओं ने जमकर धमाल मचाया।




महिलाओं ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए और डांडिया नृत्य किया। डांडिया क्वीन व करवा चौथ क्वीन का चुनाव भी किया गया जिसमें अर्चना सिंह को करवाचौथ क्वीन, पूजा पुरी डांडिया क्वीन चुनीं गयीं। इस मौके पर विजेताओं को पुरस्कार दिए गए। इसके साथ ही कार्यक्रम में शामिल सभी महिलाओं को उपहार दिया गया। इस मौके पर रिशु खुराना, मंजुलिका अस्थाना, अनिता सिंह, रूपाली श्रीवास्तव सहित काफी संख्या में महिलाएं मौजूद रहीं।

## गहोई समाज के दशहरा मिलन में बच्चों का सम्मान




वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** गहोई वैश्य सेवा समिति, लखनऊ के तत्वावधान में रविवार को वृन्दावन कॉलोनी के सेक्टर-9 स्थित कन्ट्री बाईट रेस्टोरेंट एण्ड बैंक्वेट में दशहरा मिलन, आमसभा बैठक एवं मेधावी छात्र सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में समाज की विभिन्न सामाजिक गतिविधियों पर विचार-विमर्श किया गया तथा राष्ट्रीय महासभा के आगामी चुनावों के संदर्भ में चर्चा हुई। बच्चों के मध्य मनोरंजक खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, वहीं महिला सदस्यों ने उत्साहपूर्वक डांडिया नृत्य की प्रस्तुति दी, जिससे पूरा वातावरण उल्लासमय हो उठा। समिति के अध्यक्ष विनोद कुमार गुप्ता भावुक ने बताया कि शैक्षणिक वर्ष 2024 एवं 2025 में कक्षा 10वीं एवं 12वीं में 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों सहित आईआईटी, आईआईएम और नीट परीक्षा में सफलता अर्जित करने वाले 13 मेधावी छात्रों को समाज के संरक्षक रमेश मलैया एवं गणेश शंकर गुप्ता द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का कुशल संचालन कवयित्री श्रीमती अर्चना गुप्ता ने किया तथा महामंत्री ज्ञानेंद्र गुप्ता ने सभी आगंतुकों का धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया। इस अवसर पर विनोद कुमार गुप्ता भावुक, संजय गुप्ता, श्रीमती शशि रावत, आलोक सेठ, राजीव गुप्ता, श्रीमती रश्मि हूंका, अंकित गुप्ता सहित समाज के अनेक वरिष्ठजन एवं सदस्य उपस्थित रहे।

## गरबा और डांडिया महोत्सव में झूमे लोग



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** सहारागंज मॉल के निकट स्थित फैशन टीवी डाइनर में आयोजित नवरात्र गरबा एवं डांडिया महोत्सव बड़े ही धूमधाम और पारंपरिक उल्लास के साथ संपन्न हुआ। पूरे आयोजन स्थल पर गरबा की ताल, रंगीन परिधानों और उत्सव के जोश से भरा माहौल देखने लायक था। कार्यक्रम की संयोजिकाएँ सोनिका अग्रवाल, श्वेता जैन, खुशबू जैन और आरती अग्रवाल रहीं, जिन्होंने पूरे आयोजन का सफल संचालन किया। कार्यक्रम की एंकरिंग नंदिनी अग्रवाल ने अपने ऊजार्वान और मनमोहक अंदाज में की, जिससे पूरे समारोह का उत्साह दोगुना हो गया। शाम के मुख्य आकर्षणों में फैशन शो, लक्की ड्रॉ, गरबा डांस, और ऑन-द-स्पॉट गेम्स शामिल रहे, जिनमें प्रतिभागियों ने पूरे जोश और उमंग के साथ भाग लिया। सभी ने पारंपरिक परिधानों में गरबा की मनमोहक प्रस्तुतियों से माहौल को गरिमामय बना दिया। कार्यक्रम में डांडिया क्वीन प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, जिसमें विजेताओं को विशेष उपहार प्रदान किए गए। उत्सव का समापन भक्तिमय गरबा और सामूहिक आरती के साथ हुआ।

# पति से झगड़े के बाद दूसरी मंजिल से कूदी पत्नी, मौत

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** राजधानी के जानकीपुरम इलाके में पति-पत्नी के बीच हुए विवाद के बाद एक बड़ा हादसा हो गया। शनिवार रात करीब 10 बजे प्रोफेसर की पत्नी ने कथित तौर पर घर की दूसरी मंजिल से छलांग लगा दी, जिससे उसकी मौत हो गई।

मृतका के मायके वालों ने इसे आत्महत्या मानने से इनकार करते हुए ससुराल वालों पर छत से धक्का देकर हत्या करने और दहेज प्रताड़ना का गंभीर आरोप लगाया है। वही दूसरी ओर स्थानीय लोगों में इस बात की चर्चा थी की

विवाद( झगड़े ) के बाद कूदी या धक्का दिया गया मृतका को। पुलिस ने कहा है कि जांच-पड़ताल की जा रही है। जानकीपुरम निवासी शिवम दुबे बाबू बनारसी दास कॉलेज में प्रोफेसर हैं और अपनी पत्नी विधि दुबे और 8 महीने की बेटी के साथ किराए के मकान में रहते थे। दोनों के बीच लंबे समय से विवाद चल रहा था। शनिवार रात पति-पत्नी में किसी बात को लेकर विवाद हुआ। विधि के माता-पिता कुछ देर पहले ही वहां से गए थे। उनके जाने के करीब आधे घंटे बाद उनके मायके वालों को हादसे की सूचना मिली। खून से लथपथ विधि को ट्रॉमा सेंटर ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

**मायके वालों ने लगाया दहेज हत्या का आरोप:** विधि के भाई सचिन मिश्रा ने ससुराल वालों पर हत्या का सीधा आरोप लगाया है। उनका कहना है कि बहन को ससुराल वालों ने छत से धक्का देकर मार दिया है।

सचिन मिश्रा के मुताबिक शादी के बाद से ही विधि को दहेज के लिए प्रताड़ित किया जाता था। 8 महीने की बेटी के जन्म के बाद प्रताड़ना और बढ़ गई। उसे ताने मारे जाते थे कि दहेज तो कम लाई हो ऊपर से बेटी पैदा हुई है। सचिन ने बताया कि शनिवार को विधि के सास, ससुर और ननद उनके किराए के मकान पर आए थे और विधि के साथ मारपीट कर रहे थे। विधि ने अपने माता-पिता और चाचा को कॉल करके बुलाया था, लेकिन ससुराल वालों ने उन्हें वापस भेज दिया। उसके करीब आधा घंटे बाद हादसे की सूचना मिली। इंस्पेक्टर जानकीपुरम विनोद तिवारी ने बताया कि शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। पति-पत्नी के बीच विवाद की बात सामने आ रही है और मुकदमा दर्ज करके मामले की जांच की जा रही है। पुलिस अब हत्या के आरोपों की पड़ताल कर रही है।

## आधी रात पंखे से लटकी मिली युवती, नहीं मिला सुसाइड नोट

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** बिजनौर कोतवाली क्षेत्र में शनिवार देर रात एक बीटेक पास युवती ने संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। युवती रात में अपने माता-पिता के साथ एक ही कमरे में सोई थी, लेकिन जब देर रात मां की नींद खुली तो वह बिस्तर से गायब मिली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच कर रही है। पुलिस के मुताबिक आधी रात बिस्तर से गायब हुई मृतका (युवती)। पुलिस घटना को लेकर जांच-पड़ताल करने में लगी हुई है। कुछ लोगों से पूछताछ भी की गई है। बिजनौर के चंद्रावल स्थित मजरा सादुल्ला खेड़ा निवासी जगदीश पाल की 26 वर्षीय अविवाहित बेटी रुचि पाल उर्फ काजल ने यह आत्मघाती कदम उठाया। रुचि ने बीटेक की पढ़ाई की थी और सरोजनीनगर के ट्रांसपोर्टनगर में एक निजी कंपनी में कार्यरत थी।

शनिवार रात रुचि अपने माता-पिता के साथ एक ही कमरे में सोई थी। देर रात करीब 3:30 बजे रुचि की मां की नींद खुली, तो उन्होंने देखा कि बेटी बिस्तर पर नहीं है। परिवार के सदस्यों ने रुचि को घर के अंदर ढूंढना शुरू किया। तभी उन्हें घर के दूसरे कमरे में रुचि पंखे के हुक से दुपट्टे के सहारे लटकी हुई मिली।

परिजनों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने रुचि को फंदे से नीचे उतारा और उसे सरोजनी नगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। हालांकि, वहाँ चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस के अनुसार, मृतका के पास से कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है। युवती ने यह कदम क्यों उठाया, इसका कारण अभी स्पष्ट नहीं हो सका है। पुलिस अब युवती के मोबाइल कॉल डिटेल्स और उसके कार्यस्थल से जानकारी जुटाकर मामले की गहनता से जांच कर रही है।

## भोजपुरी स्टार पवन सिंह के घर हंगामा

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** भोजपुरी स्टार पवन सिंह की पत्नी ज्योति सिंह रविवार को अचानक उनके लखनऊ स्थित घर पहुंच गईं। पत्नी के घर पहुंचते ही पुलिस भी वहां आ धमकी और ज्योति को अपने साथ थाने चलने के लिए कहा। इस पर ज्योति ने साफ इनकार कर दिया। पुलिस से केस के बारे में पूछा और कहा कि वारंट लेकर आइए तब ही चलेंगे। इंस्टाग्राम पर लाइव आकर ज्योति ने पवन सिंह पर कई आरोप लगाए। रोते-बिलखते हुए कहा कि जो अपनी पत्नी को पकड़ने के लिए पुलिस भेज रहा है वह समाजसेवा क्या करेगा। इसके साथ ही आम लोगों से इंसाफ की गुहार लगाई और आत्महत्या की धमकी तक दे डाली। ज्योति सिंह ने इंस्टाग्राम पर लाइव आकर बताया कि वे पति से मिलने लखनऊ स्थित उनके घर पहुंची थीं, लेकिन वहां उनका स्वागत पुलिस ने किया। ज्योति ने वीडियो में कहा कि अभी मैं पवन जी के घर पर आई हूं। लेकिन उन्होंने हमारे खिलाफ पुलिस थाने में एफआईआर कराई है। मैं यहां जनता के कहने पर आई थी, लेकिन देखिए, ये लोग मुझे थाने ले जाने आए हैं। वे सिसकते हुए आगे बोलीं, मैं उनकी पत्नी हूं, फिर भी मुझे बेइज्जत किया जा रहा है। वीडियो में ज्योति महिला पुलिसकर्मी से पूछती है कि किस केस में आप मुझे ले जा रही हैं। इस पर पुलिसकर्मी ने जवाब दिया कि कोई केस नहीं है, थाना प्रभारी ने बुलाया है। आप वहां बैठकर आराम से बात करिए। जब ज्योति ने वजह पूछी, तो पुलिस ने बताया कि उनका कोर्ट केस चल रहा है, जिसमें दोनों पक्षों ने शिकायतें दर्ज की हैं। पुलिस ने कहा कि अगर आपने आरोप लगाया कि आपके पति ने मारपीट की या मर्डर की धमकी दी तो यह कानून के तहत आता है। यह आपके लिए भी सुरक्षित नहीं है।

## पदोन्नति पाकर बने 82 उपाधीक्षकों का शासन ने किया तबादला

- आनंद कुमार ओझा बने कानपुर नगर कमिश्नरेट में सहायक पुलिस आयुक्त

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** इंस्पेक्टर पद से पदोन्नति पाकर पुलिस उपाधीक्षक बने 82 अफसरों का तबादला किया गया है। यह तबादला शासन ने अधिकारियों को उनके पदोन्नति के बाद अलग-अलग स्थानों पर किया गया है।

शासन द्वारा जारी हुई सूची के मुताबिक आनंद कुमार ओझा को कम्पनी कमाण्डर, सहायक सेनानायक, 11वी वाहिनी पीएसी, सीतापुर से सहायक पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट कानपुर नगर के पद पर भेजा गया है। इसके अलावा विनोद कुमार दुबे, विपिन कुमार, राकेश कुमार शर्मा, भैया संतोष कुमार सिंह, विकास राय, सुनील कुमार सिंह, शेष धर पाण्डेय, धर्मेन्द्र कुमार यादव, मुकेश कुमार, धर्मेन्द्र सिंह यादव, गंगा प्रसाद, जिज्ञासा पारासर, उमा शंकर यादव, रामकृष्ण द्विवेदी, कुशल पाल सिंह, भरत कुमार गौतम, प्रदीप कुमार पालीवाल, बृजेश कुमार, राकेश कुमार सिंह, रविन्द्र प्रताप सिंह, राजेश दीक्षित, शैलेन्द्र सिंह, नवरत्न गौतम, रिजवान अब्बास, वीरेन्द्र कुमार सिंह, राजेश सिंह, रवीन्द्र कुमार सिंह, सुरेश कुमार मिश्र, दया शंकर द्विवेदी, पवन कुमार वर्मा, देवकी नन्दन, विवेक वार्ष्णं, रमेश चन्द्र यादव, रेखा कपूर, अजय कुमार, मनोज कुमार सिंह, राजकुमार सिंह, प्रमोद कुमार शुक्ला, राजीव कुमार शर्मा, जितेन्द्र कुमार, बृजेश कुमार मिश्र, राजीव यादव, सलीम खान, इन्द्र मोहन बडोला, अमर पाल सिंह, संजय कुमार सिंह, राजेश चतुवेर्दी, अनिल कुमार राय, तेज प्रकाश सिंह, राजेश नारायण व छोटे सिंह सहित पदोन्नति पद से बने 82 अफसरों का तबादला किया गया है।

## यूपीएसटीएफ ने करोड़ों की ठगी करने वाले गिरोह के दो-सदस्य किए गिरफ्तार

**लखनऊ।** यूपीएसटीएफ ने फर्जी दस्तावेजों का इस्तेमाल कर होम लोन कराने वाले एक बड़े संगठित गिरोह का लखनऊ में भंडाफोड़ किया है। एसटीएफ ने गिरोह के दो मुख्य सदस्यों को गिरफ्तार किया है, जिन्होंने पूछताछ में करोड़ों रुपये की ठगी करने की बात कबूल की है। एसटीएफ द्वारा गिरफ्तार किए गए आरोपी विनय कुमार श्रीवास्तव निवासी बीबी खेड़ा, पाराऔर दीपक रावत निवासी राजाजीपुरम, तालकटोरा लखनऊ के ही रहने वाले हैं।

आरोपी अपने साथियों के साथ मिलकर उन लोगों को निशाना बनाते थे, जिन्हें मकान खरीदने के लिए होम लोन की जरूरत होती थी। वे खुद को 'आधार हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड' से जुड़ा बताते थे। ग्राहकों का विश्वास जीतने के बाद, वे लोन फाइल तैयार करने के नाम पर 11,000 नकद और 10,000 ऑनलाइन वसूलते थे। बाद में ये ठग फर्जी लोन अप्रूवल लेटर और फर्जी डिमांड ड्राफ्ट (डीडी) दिखाकर लाखों रुपए कमीशन, रजिस्ट्री और कोर्ट फीस के नाम पर ऐंठ लेते थे। जांच में पता चला कि वे फर्जी यस बैंक की डीडी बनाकर लोगों को भेजते थे। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि इस गिरोह ने फर्जी लोन के जरिए अब तक करोड़ों रुपए की ठगी को अंजाम दिया है। एसटीएफ अब इनके बैंक खातों और पूरे नेटवर्क की गहन जांच कर रही है और गिरोह के अन्य सदस्यों, अभिषेक सोनी और अमित रस्तोगी, की तलाश जारी है।

यूपीएसटीएफ मुख्यालय लखनऊ में शनिवार देर रात पूछताछ के लिए बुलाए जाने के बाद दोनों अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। एसटीएफ टीम ने आरोपियों के पास से ठगी से संबंधित भारी मात्रा में फर्जी दस्तावेज और इलेक्ट्रॉनिक उपकरण बरामद किए हैं, जिनमें 5 मोबाइल फोन, 7 एटीएम कार्ड, 4 पैन कार्ड, 3 आधार कार्ड, 1 ड्राइविंग लाइसेंस ,1 डेस्कटॉप, जिसका उपयोग फर्जी दस्तावेज बनाने में होता था, 103 लोन प्रक्रिया से जुड़े दस्तावेजों की छायाप्रति, 28 हस्ताक्षरित चेक, 1 बिना नंबर की मोटरसाइकिल मिली।

## यू-टर्न ले रहे ट्रक में जा घुसी तेज रफ्तार कार, छात्र की मौत

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** राजधानी के अयोध्या रोड पर रविवार तड़के एक भीषण सड़क हादसे में बीएससी के एक छात्र की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि उसके दो दोस्त घायल हो गए। तीनों दोस्त एक बर्थडे पार्टी के बाद होटल से खाना खाकर घर लौट रहे थे, तभी यह दुर्घटना हुई। स्थानीय लोगों ने बताया कि तेज रफ्तार कार ट्रक में जा घुसी थी। इससे हादसा हुआ। फिलहाल पुलिस जांच-पड़ताल कर रही है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और आगे की कार्रवाई की जा रही है। खदरा निवासी राहुल वर्मा (25) अपने दोस्त अभिषेक और रजी के साथ एक दोस्त की बर्थडे पार्टी से लौट रहे थे। राहुल के भाई अमित वर्मा ने बताया कि वे पोलो कार से कालिका हवेली होटल से वापस आ रहे थे। रविवार तड़के लगभग 4 बजे, उनकी तेज रफ्तार कार अचानक यू-टर्न ले रहे एक ट्रक से जा टकराई। टक्कर इतनी भयंकर थी कि कार का अगला हिस्सा पूरी तरह से ट्रक के अंदर जा घुसा।

**इलाज के दौरान छात्र की मौत, ड्राइवर फरार:** बताया जा रहा है कि हादसे के बाद स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने काफी मशक्कत के बाद तीनों घायलों को कार से बाहर निकाला और लोहिया संस्थान की इमरजेंसी में भर्ती कराया। इलाज के दौरान सुशीलादेवी कॉलेज, संडीला में बीएससी के छात्र राहुल वर्मा की मौत हो गई। वहीं, उनके दोनों घायल दोस्तों अभिषेक और रजी की हालत स्थिर बताई जा रही है। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमॉर्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है। घटना के बाद से ट्रक ड्राइवर फरार है, जिसकी तलाश में पुलिस जुटी हुई है और मामले की जांच कर रही है।

## रोडवेज बस की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत, चालक बस छोड़कर फरार

**लखनऊ।** राजधानी के दुबग्गा कोतवाली क्षेत्र में रविवार सुबह एक तेज रफ्तार रोडवेज बस की टक्कर से बाइक सवार एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। यह भीषण हादसा हरदोई रोड पर मछली मंडी के सामने हुआ। मृतक की पहचान 23 वर्षीय सुजीत कुमार के रूप में हुई है, जो माल थाना क्षेत्र के जगनीखेड़ा का निवासी था और एक बैंक में सिक्योरिटी गार्ड के रूप में कार्यरत था। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि अनियंत्रित बस ने मारी थी टक्कर, मौके पर ही उसने दम तोड़ा दिया था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, सुजीत कुमार अपनी स्प्लेंडर बाइक से लखनऊ की ओर जा रहा था। इसी दौरान, सामने से आ रही एक रोडवेज बस ने अनियंत्रित होकर उसे टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि सुजीत सड़क पर गिर पड़ा और गंभीर चोटों के कारण उसने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। सुजीत की शादी दो साल पहले ही हुई थी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और आगे की कार्रवाई को करने में लगी हुई है। हादसे के तुरंत बाद बस चालक बस को मौके पर छोड़कर फरार हो गया। सूचना मिलने पर दुबग्गा थाना पुलिस तुरंत घटनास्थल पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस ने रोडवेज बस को कब्जे में ले लिया है और चालक-परिचालक की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस घटना से संबंधित जानकारी जुटाने के लिए आस-पास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाल रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि हरदोई रोड स्थित मछली मंडी के सामने अक्सर अव्यवस्थित पार्किंग और ट्रैफिक जाम की समस्या रहती है, जिसके कारण इस क्षेत्र में आए दिन हादसे होते रहते हैं। नागरिकों ने प्रशासन से इस क्षेत्र में यातायात व्यवस्था सुधारने की मांग की है।

संक्षेप

## तेंदुए ने किया युवक का शिकार, मौत

धौरहरा खीरी। रविवार की सुबह खेत में चारा लेने गया युवक तेंदुए का शिकार बन गया। दोपहर बाद तक उसके घर वापस न पहुंचने पर तलाश के लिए निकले परिवार जनों को उसका अधखाया शव गन्ने के खेत में मिला। जानकारी के अनुसार वन रेंज धौरहरा के ग्राम दोंदरा पंडितपुरवा निवासी पैकरमा का 35 वर्षीय पुत्र मन्नालाल रविवार की सुबह सात बजे मवेशियों के लिए चारा लेने गया खेतों को गया था।गांव के बाहर लोकईपुरवा निवासी शंकर के गन्ने के खेत में वह घास काटने के लिए घुसा तो खेत में मौजूद तेंदुए ने उसे शिकार बना लिया। तेंदुआ उसका दाहिना पैर खाकर चला गया और मन्नालाल की मौत हो गई। दोपहर तक जब मन्नालाल घर वापस नहीं लौटा तो घर वालों को चिंता हुई और वह अन्य ग्रामीणों के साथ उसे तलाश करने निकले।खोज के दौरान शंकर के खेत में मन्नालाल का अधखाया शव मिला,जिसके बाद गांव में कोहराम मच गया।ग्रामीणों ने पुलिस और वन विभाग को सूचना दी तो दोनों विभाग के लोग घटना स्थल पर पहुंचे थे रेंजर नृपेंद्र चतुवेर्दी ने हमेशा की तरह फोन नहीं उठाया, और वन दरोगा राजेश दीक्षित ने कहा कि वह घटना स्थल पर जा रहे हैं। समाचार प्रेषण तक प्रशासन ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया।

## युवती प्रेमी संग फरार

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। (वीओएल) कोतवाली क्षेत्र निवासी एक युवती संदिग्ध अवस्था में लापता हो गई।युवती के पिता ने एक युवक पर बहला-फुसलाकर भगा ले जाने का आरोप लगाया है। युवती के पिता ने दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि शुक्रवार की बीती रात लगभग 12 बजे उसकी पुत्री घर से अचानक गायब हो गई। जब परिजनों की नींद खुली, तो वह अपने कमरे में नहीं मिली। खोजबीन करने पर पता चला कि थाना फरधान के ग्राम खूँटाकुआं निवासी युवक विकास पुत्र प्रहलाद बहला-फुसलाकर उसे भगा ल गया है।युवती अपने साथ घर में रखे 45 हजार रुपए की नकदी, दो जोड़ी सोने के कुण्डल, चांदी की कमर की बिछुआ, चांदी का हथफूल सहित अन्य जेवरात भी साथ ले गई है।युवती के पिता का आरोप है कि उसकी पुत्री को भगाने में विकास के चाचा उत्तम पुत्र मंगरे लाल एवं जीजा राहुल पुत्र तीरथराम निवासी ग्राम खेतौसा ने सहयोग किया है।

## लखनऊ में 9 अक्टूबर को होगी विशाल रैली

सिद्धार्थनगर । जिले के इटवा ब्लॉक स्थित ग्राम पंचायत परसा में बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की एक बैठक आयोजित की गई। यह बैठक मान्यवर कांशीराम की पुण्यतिथि पर 9 अक्टूबर को लखनऊ में होने वाली विशाल रैली की तैयारियों को लेकर हुई।बैठक के मुख्य अतिथि बसपा के जिला प्रभारी रमेश कुमार गौतम थे। उन्होंने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि मान्यवर कांशीराम साहब बहुजन समाज के लिए मसीहा थे, जिन्होंने लोगों को आत्मसम्मान के साथ जीना और हुक्मरान बनना सिखाया।उन्होंने सभी पदाधिकारियों से पूरे जिले के गांवों में जाकर लोगों से लखनऊ रैली में शामिल होने की अपील की। बैठक की अध्यक्षता विधानसभा अध्यक्ष रामपाल गौतम ने की।उन्होंने भी मान्यवर कांशीराम की पुण्यतिथि पर लखनऊ में आयोजित होने वाली विशाल रैली में सभी आयु वर्ग के लोगों, बूढ़े, बच्चे और युवाओं से शामिल होने का आह्वान किया।इस बैठक में बलराम गौतम, सुरेश गौतम, रामू गौतम, अरविंद गौतम सहित कई बसपा कार्यकर्ता और पदाधिकारी मौजूद रहे।

## घर में घुस कर दिव्यांग से छेड़खानी, मुकदमा दर्ज

गोला,गोरखपुर। गोला में एक दिव्यांग युवती से छेड़खानी का मामला सामने आया है।गोला थाना क्षेत्र में एक घर में घुसकर युवती से छेड़खानी की गई, जिसके बाद पीड़िता की मां की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया है।पीड़िता की मां ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 4 अक्टूबर को वह अपने भसुर के घर गई थीं।उनके पति घर में सो रहे थे, जबकि 19 वर्षीय मानसिक रूप से अस्वस्थ बेटी दूसरे कमरे में अकेली थी।इसी दौरान, ग्राम लकुड़ी निस्फी राजा निवासी जयप्रकाश बेटी के कमरे में घुस गया। उसने बेटी के साथ जबरन छेड़खानी शुरू कर दी। बेटी के शोर मचाने पर पति जाग गए और मौके पर पहुंचे।पति ने देखा कि जयप्रकाश उनकी बेटी के साथ छेड़खानी कर रहा था।

# संचारी रोग नियंत्रण अभियान का शुभारंभ

## सांसद रवि किशन ने दिखाई हरी झंडी



गोरखपुर।कलेक्ट्रेट स्थित पर्यटन भवन से रविवार को विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान (5 से 31 अक्टूबर) का शुभारंभ किया गया। सदर सांसद रवि किशन शुक्ला ने अभियान की शुरूआत करते हुए संचारी रोग निवारण वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।तो वही कार्यक्रम से पहले सासंद ने सभी को शपथ भी दिलाया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि संचारी रोगों से बचाव के लिए जनजागरूकता और स्वच्छता ही सबसे प्रभावी उपाय है। सांसद श्री शुक्ला ने कहा कि ह्लघर-घर दस्तक अभियान₹ स्वस्थ व्यवहार अपनाना है, संचारी रोग को हराना हैह्व को सफल बनाने के लिए हर नागरिक को आगे आना होगा।उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री की प्राथमिकता के अनुरूप स्वास्थ्य विभाग, नगर निगम और ग्रामीण विभाग मिलकर इस अभियान को जन-आंदोलन का रूप देंगे। उन्होने यह भी कहा कि यह अभियान तभी सफल होगा जब प्रत्येक व्यक्ति अपने घर और आसपास की स्वच्छता की जिम्मेदारी खुद उठाए। उन्होंने कहा, ह्लअगर जनता और प्रशासन एकजुट होकर काम करें तो गोरखपुर को पूरी तरह रोगमुक्त बनाया जा सकता है।

मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ राजेश झा ने बताया कि जिले में संचारी रोगों पर नियंत्रण के लिए लगातार जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। दस्तक अभियान 11 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक चलेगा। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग की टीमें घर-घर जाकर बुखार, डेंगू, मलेरिया, जापानी इंसेफलाइटिस, चिकनगुनिया और अन्य संचारी रोगों से बचाव की जानकारी देंगी तथा बीमार लोगों को तुरंत सरकारी अस्पताल पहुंचाने के लिए प्रेरित करेंगी। कार्यक्रम में विधायक विपिन सिंह, जिलाधिकारी दीपक मीणा, एसीएमओ डॉ. राजेश कुमार, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. धर्मेंद्र पांडेय, बीएसए रामेंद्र सिंह, डीपीआरओ नीलेश प्रताप सिंह, पार्षद अजय राय, पार्षद रढनजन्य जुगनू सहित अन्य अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

# गरीब, असहाय, वृद्धजनों की सेवा सबसे बड़ा धर्म और सेवा : विधायक सरवन निषाद



गगहा/मझगांवा,गोरखपुर। गरीब, असहाय, वृद्ध विधवा की सेवा सबसे बड़ी सेवा के साथ धर्म भी है।ऐसे लोगों की सेवा बेकार नहीं जाती है।एक ओर पुण्य आत्मा को शांति मिलती है, वहीं दूसरी ओर वृद्धो का आशीर्वाद मिलता है। यह बातें रविवार को ग्रामसभा टेकुआमाधो में पूर्व प्रधानाचार्या स्व० शीला सिंह की पांचवीं पुण्यतिथि के अवसर पर आयोजित साड़ी सह मिष्ठान वितरण समारोह में मुख्य अतिथि विधायक चौरीचौरा ई० सरवन निषाद ने कही ' उन्होंने कहा कि आज स्व० शीला सिंह की पुण्यतिथि में साड़ी वितरण कर सरवन सिंह व अवधेश सिंह का परिवार ने सराहनीय काम किया ।इससे पूर्व मुख्यअतिथि व विशिष्ठ अतिथि ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि बांसगांव शिवाजी सिंह , वेद प्रकाश शाही पप्पू, छात्रनेता सचिन शाही आदि ने स्व० शीला सिंह की चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए कार्यक्रम की शुरूआत की। गांव के करीब 250 गरीबों के बीच साड़ी का वितरण किया गया ।इस मौके पर पूर्व ग्राम प्रधान हलचल सिंह ने कहा कि साड़ी वितरण का कार्य हर वर्ष किया जाता है और सदैव मेरे पूरे परिवार द्वारा किया जाता है।वही ब्लॉक प्रमुख बांसगांव प्रतिनिधि शिवाजी सिंह ने कहा कि गरीबों की सेवा ही सच्ची सेवा है इससे मन को शांति मिलती है ।स्व० शीला सिंह के जेष्ठ पुत्र समाजसेवी वेदरत्न सिंह भोला ने कहा कि बेसहारो की मदद की जाय तो इससे बड़ा कोई धर्म नही । इस अवसर पर अतुल रंजन सिंह, आलोक रंजन सिंह, राजवीर सिंह, रघुवीर सिंह, उदयवीर सिंह आदि मौजूद थे ।

# डीएम - एसएसपी ने मैराथन दौड़ को हरी झंडी दिखाई



इटावा।रविवार को रिजर्व पुलिस लाइन में महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से रन फॉर एम्पावरमेंट दौड़ का आयोजन किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस विशेष कार्यक्रम में क्षेत्राधिकारी नगर अभय नारायण राय व जनपद के विभिन्न स्कूलों की छात्राओं, एनसीसी की छात्राओं, पुलिस मार्डन स्कूल की छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और समाज में महिला सशक्तिकरण का संदेश दिया।दौड़ की शुरूआत रिजर्व पुलिस लाइन से हुई और यह मोतीझील चैराहा, डीएम चैराहा एवं एसएसपी चैराहा होते हुये पुलिस लाइन में समाप्त हुयी, जिसकी कुल दूरी 2-3 किलोमीटर रही।विशेष उल्लेखनीय यह रहा कि क्षेत्राधिकारी नगर अभय नारायण राय ने भी स्वयं दौड़ में भाग लेकर प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। इस कार्यक्रम में जनपद के विभिन्न शिक्षण संस्थानों की एनसीसी राष्ट्रीय कैडेट कोर की छात्राओं ने भी सक्रिय रूप से भाग लेकर कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया।इस दौरान कार्यक्रम में अपर पुलिस अधीक्षक नगर अभयनाथ त्रिपाठी, अपर पुलिस अधीक्षक अपराध सुबोध गौतम, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण श्रीश्चन्द्र क्षेत्राधिकारी नगर अभय नारायण राय, क्षेत्राधिकारी जसवन्तनगर, लाइन्स आयुषी सिंह, क्षेत्राधिकारी सैफई रामगोपाल शर्मा व प्रतिसार निरीक्षक व स्कूल शिक्षकों तथा अभिभावकों की उपस्थिती रही।

# सैफई अस्पताल में पत्रकारों के इलाज के लिए विशेष सुविधाः कुलपति



इटावा।सैफई विश्वविद्यालय में इलाज के लिए आने वाले सभी पत्रकारों व वीआईपी व उनसे संबंधित मरीजों के चिकित्सीय उपचार व भर्ती प्रक्रिया आदि कार्यों हेतु विश्वविद्यालय के संबंधित विभाग व चिकित्सक में तालमेल स्थापित कराने हेतु तत्काल प्रभाव से केबी अग्रवाल मुख्य प्रशासनिक अधिकारी मोबइल नंबर 9456262819 को नामित किया जाता है। उक्त जानकारी विश्वविद्यालय के कुलपति डा. अजय सिंह ने जारी विज्ञप्ति के जरिए दी।पत्रकार, बीआईपी मरीजों से संबंधित इलाज हेतु केबी अग्रवाल मुख्य प्रशासनिक अधिकारी से संपर्क स्थापित करें। यदि उनकी समस्या का समाधान नहीं हो पाता है तो चिकित्सा अधीक्षक डा. एसपी सिंह के फोन नंबर 9457879726 से संपर्क करें। यदि इसके बाद भी संबंधित मरीजों की समस्या का समाधान नहीं हो पाता है तो डा. रमाकान्त यादव प्रतिकुलपति फोन नंबर 9415181190 से संपर्क किया जा सकता है।

# उपजा कार्यालय पर संगठन के विस्तार को लेकर हुई चर्चा

मेरठ। रविवार को एन. ए. एस कॉलेज के सामने पूजा आर्किड में स्थित यू.पी जर्नलिस्ट एसोसिएशन ₹उपजा₹के पश्चिम उत्तर प्रदेश कार्यालय पर मीटिंग का आयोजन किया गया।जिसकी अध्यक्षता वरिष्ठ पत्रकार मुकेश कुमार गुप्ता व उपजा के प्रदेश सचिव ,मेरठ जिला अध्यक्ष गौरव चौधरी ने की व संचालन पत्रकार हश्मे आलम ने किया।जिसमें संगठन के विस्तार को लेकर चर्चा की गई। इसके साथ ही मीटिंग में मौजूद संगठन से जुड़े सभी पत्रकारों की सहमति के बाद जिला मेरठ में जल्द ही ₹उपजा₹ संगठन के द्वारा एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन कर पत्रकार बंधुओ एवं समाजसेवियों को सम्मानित करने का फैसला लिया गया। इस दौरान संगठन से जुड़े सभी पत्रकारों ने पत्रकार एकता, पत्रकारों के साथ आए दिन हो रही समस्याओं, उनके उत्पीड़न, और उत्तर प्रदेश में पत्रकार सुरक्षा कानून लागू किया जाने जैसे अहम मुद्दे उठाते हुए इन सब के समाधान के लिए उपजा संगठन के द्वारा हर संभव प्रयास करने का आश्वासन देते हुए कहा कि यूपी जर्नलिस्टस एसोसिएशन पत्रकार बंधुओ की सहायता और उनके अधिकारों की लड़ाई को पूरी मजबूती के साथ लड़ेगी।इस मीटिंग में गाजियाबाद से आए विशिष्ट अतिथि व जिला अध्यक्ष गाजियाबाद ने उपजा संगठन की मजबूती के लिए सदैव तत्पर रहने की बात कही। इस दौरान रहीस अहमद सरधना, राकेश गोस्वामी, नवीन मिश्रा, शाह फिरोज, जावेद अब्बासी, संजीव शर्मा, गौहर अनवार आदि पत्रकार मौजूद रहे।

# गायत्री परिवार की महिलाओं ने निकाली प्रभात फेरी

## 13 अक्टूबर को होगा संस्कार महोत्सव के लिए गायत्री परिवार का भूमिपूजन



लखीमपुर खीरी। अखिल विश्व गायत्री परिवार की गुरु माता भगवती देवी शर्मा जी की जन्म शताब्दी के उपलक्ष्य में लखीमपुर के रामापुर तिराहे के निकट राम वाटिका मैदान में होने वाले विराट नारी उत्कर्ष समारोह एवं संस्कार महोत्सव कार्यक्रम हेतु 13 अक्टूबर सोमवार को होने जा रहे भव्य भूमि पूजन समारोह की तैयारियाँ गायत्री परिवार ने रविवार को महाश्रमदान के द्वारा शुरू कर दी। मीडिया प्रभारी अनुराग मौर्य ने बताया रविवार को गायत्री परिवार महिला मंडल की अगुआई में रामापुर तिराहे के निकट राम वाटिका आयोजन स्थल पर परिजनों ने श्रमदान कर भूमि की स्वच्छता सफाई की।प्रातः 6 बजे से ही गायत्री परिजन हाथों में खुरपे, फावड़े और अन्य सफाई उपकरणों के साथ स्थल की झाड़-झंखाड़ साफ करने में जुट गए। उसके बाद राम वाटिका से प्रभातफेरी निकालकर रसौरा गांव की ग्राम प्रदक्षिणा की।गायत्री परिवार की महिलाओं ने रसौरा गांव के घर-घर जाकर सभी को भूमिपूजन के लिए निमंत्रण दिए। गायत्री परिवार के आवाहन से उत्साहित होकर ग्राम वासियों ने 7 अक्टूबर मंगलवार को रसौरा गांव में सामूहिक दीप महायज्ञ आयोजन का निश्चय किया।आयोजन मंडल के उदय सिंह ने बताया आयोजन का मुख्य कार्यक्रम 6 से 10 नवंबर की तिथियां में होगा जिसमें 1000 महिलाएं आवासीय प्रशिक्षण के माध्यम से देव परिवार निर्माण का प्रशिक्षण लेंगी।इसके साथ ही संस्कार महोत्सव में पुंसवन, नामकरण, विद्यारंभ, मुंडन, यज्ञोपवीत आदि संस्कार संस्कार महोत्सव के अंतर्गत सामूहिक रूप से संपन्न होंगे जिसके लिए पंजीकरण किए जा रहे हैं। इस दौरान महिला मंडल संगीता वर्मा, लक्ष्मी वर्मा, परबीता सिंह, नीलम पटेल राज किशोर वर्मा, राज कुमार गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# पत्नी जेवर नगदी लेकर प्रेमी के साथ फुर्र

जसवंतनगर, इटावा।थाना बलरई क्षेत्र के नगला राम सुंदर निवासी दिव्यांग राधेश्याम ने पत्नी के अपहरण और नकदी व गहनों की चोरी का गंभीर आरोप लगाते हुए पुलिस से न्याय की गुहार लगाई है।राधेश्याम का आरोप है कि ग्राम राहिन थाना चैबिया निवासी रामपाल उनकी पत्नी मंजू देवी को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया है। पीड़ित के अनुसार, घटना 20 अगस्त की सुबह करीब 10 बजे की है।पत्नी मंजू देवी घर से जाते समय 40 हजार रुपये नकद, 250 ग्राम की पायल, 250 ग्राम का कड़ा, कुंडल और गले का लॉकेट भी साथ ले गई।राधेश्याम का कहना है कि वह दिव्यांग हैं और यह राशि उन्होंने घर निर्माण के लिए संभालकर रखी थी।साथ ही उनकी तीन बेटियां मुस्कान, दामिनी और रोशनी भी पत्नी के साथ चली गई हैं।राधेश्याम ने बताया कि घटना के बाद 9 सितंबर को वह अपने पिता संग आरोपी रामपाल के घर पहुंचे थे।उस समय रामपाल ने आश्वासन दिया था कि चार दिन में मंजू देवी को लौटा देगा, लेकिन काफी समय बीत जाने के बावजूद वह वापस नहीं आई।पीड़ित का कहना है कि पुलिस उदासीन बनी हुई है जबकि वह दिव्यांग होने के कारण खुद इस मामले में ज्यादा प्रयास भी नहीं कर पा रहे हैं। अब उनकी पूरी उम्मीद उच्च अधिकारियों पर टिकी हुई है।वहीं बलरई पुलिस पर सवालिया निशान लग रहे हैं।क्योंकि बलरई थाना क्षेत्र के अलग अलग गाँव से लगभग आधा दर्जन युवतियां और गायब हो चुकी है जिसमें अभी तक सफलता हाथ नहीं लगी है।

# याचिका समिति के अशोक अग्रवाल पहुंचे गोला, विधायक से हुई चर्चा



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। (वीओएल) विधान परिषद की याचिका समिति के अशोक अग्रवाल व शिक्षक एमएलसी उमेश द्विवेदी ने विधायक अमन गिरि के आवास पर पहुंचकर मुलाकात की। निर्धारित भ्रमण कार्यक्रम के तहत याचिका समिति के अशोक अग्रवाल व शिक्षक एमएलसी उमेश द्विवेदी रविवार को अपरान्ह सवा दो बजे पौराणिक शिव मंदिर पहुंचे जहां विधायक अमन गिरि ने फूलमालाओ से उनका जोरदार स्वागत किया।सबसे पहले पौराणिक शिव मंदिर में जलाभिषेक किया। इसके बाद विधायक अमन गिरि के आवास पर पहुंचकर राजनीति चर्चा की। उन्होंने कहा कि विधायक स्वः अरविंद गिरि ने अपने राजनीतिक जीवन में लोगों के बीच रहकर उनके मुद्दों को हल करने का प्रयास किया। पूर्व विधायक अरविंद गिरि का जीवन और उनकी राजनीतिक यात्रा एवं जनसेवा के प्रति समर्पण को हमेशा याद किया जाएगा। वह अपने क्षेत्र के लोगों के लिए हमेशा एक प्रेरणास्त्रोत बने रहेंगे। इस मौके पर एसडीएम युगान्तर त्रिपाठी, नायब तहसीलदार भानुप्रताप सिंह, लेखपाल रमेश कुमार, अवधेश मिश्रा, भाजपा नेता धर्मेन्द्र गिरि मोन्टी, सत्यप्रकाश अग्रवाल, धनश्याम अग्रवाल, केशव अग्रवाल, प्रधान मुकेश गुप्ता, प्रधान बिट्टू सरदार, सभासद राजेश वर्मा, सचिन सिंह, दिलीप यादव, राजन साहनी आदि मौजूद रहे।

# संचारी रोग नियंत्रण अभियान का आगाज



लखीमपुर खीरी। रविवार को कलेक्ट्रेट से ₹संचारी रोग नियंत्रण अभियान₹ का भव्य आगाज हुआ। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता, एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह, पीडी एसएन चौरसिया संग अभियान का फीता काटकर शुभारंभ किया।इसके बाद जन जागरूकता रैली, वेक्टर कंट्रोल वाहनों का फ्लैग ऑफ कर रवाना किया।डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कहा कि संचारी रोगों की रोकथाम में जागरूकता सबसे कारगर हथियार है। उन्होंने सभी स्वास्थ्यकर्मियों और विभागीय टीमों से अपील की कि वे गांव-गांव, घर-घर जाकर लोगों को मच्छरों से बचाव, सफाई, और इलाज से जुड़ी जरूरी जानकारी दें। डीएम ने कहा कि यह सामूहिक जिम्मेदारी का अभियान है। सभी विभाग परस्पर समन्वय बनाकर काम करें और सुनिश्चित करें कि कोई भी व्यक्ति झोलाछाप डॉक्टरों के चक्कर में न पड़े। संचारी रोग के लक्षण दिखते ही सरकारी अस्पताल से संपर्क करें। सीएमओ डॉ. संतोष गुप्ता ने कहा कि विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान 5 से 31 अक्तूबर तक चलेगा।

# श्रीराम जन्मोत्सव की कथा सुन झूम उठे श्रद्धालु



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। (वीओएल) हनुमान मंदिर सुहेला में प्रवाहित हो रही श्रीराम कथा के तीसरे दिन कथा व्यास आचार्य अजयानंद महाराज ने भगवान श्रीराम के जन्म की पावन कथा का श्रवण कराया।कथा व्यास ने कहा कि जब-जब धरती पर अधर्म बढ़ता है और सज्जनों को पीड़ा पहुँचती है, तब-तब प्रभु स्वयं अवतार लेकर धर्म की पुनः स्थापना करते हैं।इस प्रसंग में उन्होंने रामचरितमानस की चैपाई -जब-जब होइ धरम की हानी, बाढ़इ असुर अधम अभिमानी।तब-तब प्रभु धरि मनुज सरीरा, हरहिं सकल सज्जन भव पीरा। का अर्थ विस्तारपूर्वक समझाया। इसके उपरांत उन्होंने अयोध्या के चक्रवर्ती सम्राट दशरथ के यहां भगवान राम, भरत, लक्ष्मण और शत्रुघ्न के जन्म प्रसंग का वर्णन किया।जैसे ही कथा व्यास ने चैपाई भए प्रगट कृपाला दीनदयाला कौसल्या हितकारी, का गायन प्रारंभ किया, उपस्थित श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर भगवान श्रीराम के अवतरण का उत्सव धूमधाम से मनाया। श्रोतागण भक्ति भाव में सराबोर होकर व्यासपीठ के समीप नृत्य करने लगे और सम्पूर्ण वातावरण राममय हो उठा।इस पावन अवसर पर भूपेंद्र दीक्षित, सुरेश पांडेय, सरोज मिश्रा, आनंद त्रिवेदी, राजकुमार, राजनारायण, राम मोहन मिश्र, शत्रुघ्न मिश्र, मुकेश कुमार, वेद प्रकाश अग्निहोत्री, जया अग्निहोत्री सहित अनेक श्रद्धालु मौजूद थे।

# भाजपा जिलाध्यक्ष ने निःशुल्क नेत्र शिविर का किया उद्घाटन

परसेण्डी (सीतापुर)।विकास क्षेत्र परसेंडी की ग्राम पंचायत धिमौरा में पंचायत भवन आयोजित निःशुल्क नेत्र शिविर का उद्घाटन का आयोजन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला को माला पहनकर संदीप मिश्रा जिला पंचायत सदस्य के द्वारा स्वागत किया गया।साथ में ग्राम प्रधान प्रतिनिधि छोटेलाल भार्गव अध्यक्ष अनुसूचित मोर्चा ब्लॉक परसेंडी द्वारा स्वागत किया गया।कार्यक्रम में पधारे भारतीय जनता पार्टी के मंडल अध्यक्ष अमित त्रिपाठी व्यापार प्रकोष्ठ के जिला संयोजक सुरेश गुप्ता को ग्राम प्रधान के द्वारा सभी लोगों का माला पहनकर स्वागत किया गया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुएके द्वारा निःशुल्क नेत्र शिविर का उद्घाटन किया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष सीतापुर राजेश शुक्ला ने कहा कि आंख से बढ़कर मनुष्य के जीवन में कुछ नहीं होता है। आंख हड़ताल सीतापुर के द्वारा बड़े पैमाने पर गांव में जाकर निःशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन किया जाता है।जिससे कमजोर लोगों को घर बैठे ही इलाज की सुविधा प्राप्त होती है और यदि नेत्र रोगी को आंख के संबंध में गंभीर बीमारी के लक्षण दिखाई पड़ते हैं तो आंख अस्पताल सीतापुर के द्वारा निःशुल्क ऑपरेशन भी किया जाता है।मुख्यमंत्री व प्रधानमंत्री द्वारा संपूर्ण प्रदेश में विकास की गंगा बहाने का काम किया है।कार्यक्रम आयोजक संदीप मिश्रा सदस्य जिला पंचायत प्रतिनिधि को धन्यवाद ज्ञापित किया।

# साइबर ठगों ने लिपिक को बनाया शिकार, उड़ाये 22 हजार रुपये

सिधौली (सीतापुर)।साइबर ठगी के मामलों में लगातार बढ़ोतरी के बीच सिधौली कस्बे के निवासी डिग्री कालेज के लिपिक को ठगों ने 22 हजार रुपये का चूना लगा दिया। पीड़ित ने इसकी शिकायत कोतवाली और साइबर क्राइम पोर्टल पर दर्ज कराई है।सिधौली कस्बा निवासी कौशलेंद्र शर्मा पुत्र अशोक शर्मा कस्बा स्थित श्री गांधी महाविद्यालय में लिपिक हैं।उन्होंने बताया कि शुक्रवार को उनके मोबाइल पर एक अज्ञात व्यक्ति का फोन आया।कॉल करने वाले ने खुद को बैंक प्रतिनिधि बताते हुए कहा कि उनके एसबीआई क्रेडिट कार्ड पर तीन किस्तों की विशेष छूट चल रही है।लालच में आकर उन्होंने कॉल करने वाले को अपनी व्यक्तिगत और बैंक संबंधी जानकारी साझा कर दी।कुछ देर बाद उनके मोबाइल पर तीन बार क्रमश 51 सौ, 51 सौ व 10 हजार ट्रांजैक्शन के मैसेज आए और कुल 22,000 रुपये अमेजॉन पर खर्च दिखाए गये।जब उन्हें धोखाधड़ी का एहसास हुआ तो उन्होंने तत्काल सिधौली कोतवाली में सूचना दी और साइबर क्राइम पोर्टल पर ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराई।पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और लोगों से अपील की है कि किसी भी अज्ञात कॉल या लिंक पर अपनी बैंक संबंधी जानकारी साझा न करें।

# रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान का शुभारंभ



श्रावस्ती। कलेक्ट्रेट परिसर, भिनगा में संचारी रोग नियंत्रण अभियान एवं दस्तक अभियान माह अक्टूबर-2025 का विधिवत शुभारंभ विधायक राम फेरन पांडे एवं जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि द्वारा अपर जिलाधिकारी की उपस्थिति में हरी झंडी दिखाकर किया गया।इस अवसर पर जनपद स्तरीय अधिकारी, चिकित्सा विभाग के वरिष्ठ कर्मी, आशा व आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, एवं नागरिक गण उपस्थित रहे।कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अशोक कुमार सिंह, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी (वीबीडी), जिला मलेरिया अधिकारी सहित स्वास्थ्य विभाग की टीम ने अभियान की रणनीति, जनजागरूकता एवं सहभागिता पर प्रकाश डाला।इस अवसर पर जनसहभागिता, समन्वय, संवेदनशीलता, स्वास्थ्य चेतना, स्वच्छता, निवारण तथा निगरानी जैसे बिंदुओं पर बल दिया गया।विधायक राम फेरन पांडे ने कहा कि स्वच्छता ही सुरक्षा का आधार है।उन्होंने आमजन से अपील की कि वे मच्छर जनित रोगों से बचाव हेतु जलजमाव रोकें, स्वच्छ परिवेश बनाएं तथा नियमित रूप से घरों के आसपास दवा छिड़काव कराएं। उन्होंने कहा कि संचारी रोगों जैसे डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया, जापानी इंसेफेलाइटिस से बचाव के लिए सामूहिक प्रयास अत्यंत आवश्यक हैं।अभियान के अंतर्गत प्रचार-प्रसार हेतु जागरूकता रथों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।उपस्थित नागरिकों को संचारी रोगों से बचाव की शपथ दिलाई गई — हम अपने घर-आँगन को स्वच्छ रखेंगे, मच्छरों को पनपने नहीं देंगे।मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि पूरे माह चलने वाले इस अभियान में घर-घर दस्तक देकर आशा व एएनएम टीमें रोग पहचान, परामर्श, उपचार एवं सफाई जनजागरण का कार्य करेंगी।उन्होंने कहा कि सामुदायिक सहभागिता से ही रोग मुक्त श्रावस्ती का लक्ष्य साकार होगा।

# श्रावस्ती पुलिस का मिशन शक्ति जागरूकता अभियान

श्रावस्ती। उत्तर प्रदेश शासन द्वारा महिला सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन के लिए चलाए जा रहे मिशन शक्ति 5.0 अभियान के तहत आज जनपद श्रावस्ती में व्यापक जागरूकता गतिविधियाँ आयोजित की गईं। इस अभियान का उद्देश्य महिलाओं और बालिकाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा, लैंगिक समानता एवं साइबर सुरक्षा के प्रति सजग करना तथा शासन की कल्याणकारी योजनाओं से अवगत कराना है।



पुलिस अधीक्षक राहुल भाटी के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक मुकेश चंद्र उत्तम, क्षेत्राधिकारी इकौना भरत पासवान तथा भिनगा सतीश कुमार शर्मा के पर्यवेक्षण में सभी थानों की मिशन शक्ति टीमें सक्रिय रहीं।टीमों ने विद्यालयों, पंचायत भवनों, मंदिरों, बाजारों और सार्वजनिक स्थलों पर महिलाओं व बालिकाओं से संवाद कर उन्हें हेल्पलाइन नंबर, सुरक्षा उपायों और डिजिटल साधनों के सुरक्षित उपयोग की जानकारी दी। थाना एनएमपीटी, मल्हीपुर, इकौना, कोतवाली भिनगा, हरदत्त नगर गिरण्ट, सोनवा, सिरसिया तथा शक्ति मोबाइल टीमों ने अपने-अपने क्षेत्रों में व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाया। ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं और किशोरियों को गुड टच-बैड टच, साइबर सुरक्षा, लैंगिक समानता और महिला हेल्पलाइन सेवाओं की जानकारी दी गई।इसके साथ ही उन्हें शासन की वृद्धावस्था पेंशन, विधवा पेंशन, कन्या सुमंगला, सुकन्या समृद्धि, प्रधानमंत्री मातृ वंदना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह एवं प्रधानमंत्री आवास योजना जैसी योजनाओं से भी अवगत कराया गया। मिशन शक्ति टीमें महिलाओं और बालिकाओं में सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के प्रति जागरूकता फैलाने में निरंतर सक्रिय भूमिका निभा रही हैं।

# रेउसा थानाध्यक्ष ने चलाया जागरूकता अभियान

रेउसा (सीतापुर)।एसपी अंकुर अग्रवाल के निर्देश पर रेउसा पुलिस ने मिशन शक्ति फेज 5 और एंटी-रोमियो अभियान चलाया। यह जागरूकता अभियान कार्यक्रम स्थल पंचायत भवन रेउसा पकरिया पुरवा, बरी, सार्वजनिक स्थानों पर आयोजित किया गया।पुलिस ने अलग-अलग गोष्ठियों के माध्यम से लोगों को जागरूक किया।इन गोष्ठियों में सरकारी हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई। इनमें 1090 वूमेन पावर, 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन, 108 एंबुलेंस, 102 स्वास्थ्य सेवा, 101 फायर ब्रिगेड, 181 महिला हेल्पलाइन, 1930 साइबर हेल्पलाइन और 112 पुलिस आपातकालीन शामिल थे। उत्तर प्रदेश सरकार की विभिन्न योजनाओं के बारे में भी बताया गया। इनमें सामूहिक विवाह योजना बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान, कन्या सुमंगला योजना और बाल सेवा योजना शामिल थीं। बाल सेवा योजना के तहत कोविड-19 में माता-पिता खोने वाले बच्चों को 4,000 और अन्य कारणों से माता-पिता खोने वालों को 2,500 मासिक सहायता दी जाती है। इसके अतिरिक्त, प्रधानमंत्री जन धन योजना मुफ्त खाता, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना 2 लाख का बीमा कवर, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना 2 लाख का दुर्घटना बीमा और अटल पेंशन योजना जैसी केंद्र सरकार की योजनाओं पर भी प्रकाश डाला गया।

संक्षेप

## युवती ने जहर खाकर आत्महत्या की

**जौनपुर।** खेतासराय थाना क्षेत्र के टेकरी गांव में युवती ने जहर खाकर आत्महत्या कर लिया है। घटना शनिवार रात्रि की है। गांव के मखनचू की 22 वर्षीया पुत्री खुशबू ने पारिवारिक कलह से तंग आकर जहर खा लिया। जब वह अचेत हो गई तब उसकी तबीयत बिगड़ने लगी परिवार के लोग देर रात सदर अस्पताल ले आए जहां उपचार के लगभग 1 घंटे बाद उसकी मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने लाख को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इस मामले को लेकर क्षेत्र में जितना मुंह उतनी बातें कहीं जा रही है।

## सांसद के अनुरोध पर बढ़ी सर्वेक्षण की सीमा

**जौनपुर।** उत्तर प्रदेश के चुनिंदा जिलों में प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण सर्वेक्षण के लिए समय सीमा बढ़ा दी गई है। सांसद प्रिया सरोज ने ग्रामीण विकास मंत्री और ग्रामीण विकास मंत्रालय के सचिव को पत्र लिखकर समय सीमा बढ़ाने का अनुरोध किया था। सर्वेक्षण में छूटे हुए, बेघर या कच्चे घरों वाले परिवारों की पहचान करने के लिए यह सर्वेक्षण शुरू किया गया था। यह सर्वेक्षण मोबाइल एप्लिकेशन के माध्यम से किया जा रहा है। जौनपुर, वाराणसी, गाजीपुर, सुल्तानपुर और आसपास के क्षेत्रों में कुछ पात्र परिवारों को निर्धारित अवधि में शामिल नहीं किया जा सका क्योंकि क्षेत्रीय परिचालन संबंधी बाधाएं थीं। इसीलिए समय सीमा बढ़ाने का अनुरोध किया गया था। पत्र जारी होने की तारीख से 15 दिन तक बढ़ाई गई है, यानी 15 अक्टूबर तक है।

## घर के गलियारे में ड्रोन उतरने पर लोग भयभीत

**ड्रमंडगंज, मीरजापुर।** लालगंज थाना क्षेत्र के बरौधा चौकी क्षेत्र के अलग अलग गावो में रात्रि में ड्रोन उडने से ग्रामीण भयभीत है वही हथिया बांध गांव में रात्रि करीब 9 बजे जमालुद्दीन के घर के गलियारे में एकाएक ट्रोन उतरने से परिजन दहशत में आ गये परिजन भयभीत होकर ग्रामीणों को आवाज लगाने लगे ग्रामीणों को इकठ्ठा होते ही ड्रोन गलियारे से निकलकर छत के उपर उडने लगा और रोशनी बुझ गई देखते ही देखते ड्रोन आसमान में गुम हो गया गृहस्वामि जमालुद्दीन ने गलियारे से छत पर उड़ने वक्त ड्रोन का वीडीयो भी बना लिया प्रश्न यह है की ड्रोन कौन उडाऊ रहा है इसके पिछे मक्शद क्या है वही परिजनों व ग्रामीणों का कहना है की बरौधा पुलिस को सूचना दिया गया है लेकिन ड्रोन कहा से कौन उड़ा रहा है पुलिस पता नही लगा पा रही है।

## दो पक्षों में जमकर हुई मारपीट

**लालगंज, मीरजापुर।** क्षेत्र के लहंगपुर पुलिस चौकी अंतर्गत उत्तर देवरी गांव में दो पक्षों के बीच विवाद का वीडियो इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित हो रहा है। इस मामले में तहरीर मिलने पर पुलिस ने एक पक्ष के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल में जुट गई है। इंटरनेट मीडिया पर दो पक्षों के बीच विवाद का एक वीडियो तेजी से प्रसारित हो रहे वीडियो वायरल होते ही पुलिस सक्रिय हुई पुलिस ने मामले की जांच कर विवाद करने वाले एक पक्ष के खिलाफ केसदर्ज कर लिया है। लहंगपुर पुलिस चौकी क्षेत्र के उत्तर देवरी गांव निवासी शमशेर बहादुर ने थाने में तहरीर दिया है कि गांव निवासी विजय पांडेय ने मारपीट कर चोट पहुंचाई और जान से मारने की नियति से पिस्टल लेकर दौड़ाया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत कर लिया।

# दो इनामी लुटेरे गिरफ्तार तीसरा साथी भी पकड़ा गया



**मीरजापुर।** जिले की थाना कछवां पुलिस, एसओजी और सर्विलांस टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए ?25-25 हजार के इनामी दो शातिर अंतर्जनपदीय लुटेरों रामजन्म यादव और सुनील यादव को बरैनी गांव के पास मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किया है। मुठभेड़ के दौरान दोनों के पैर में गोली लगी है, जिन्हें इलाज हेतु सीएचसी कछवां भेजा गया है। मौके से दो तमंचे, कारतूस, दो बाइक और लूट के ?35 हजार बरामद हुए हैं। इनके तीसरे साथी सोहन प्रसाद को भी गिरफ्तार कर लिया गया है। तीनों के खिलाफ कई जनपदों में गंभीर आपराधिक मुकदमें दर्ज हैं।

बता दें कि कछवां थाना क्षेत्र के गोधना गांव निवासी हूबलाल मौर्या पुत्र स्वर्गीय बचऊ 29 सितंबर को झोले में पैसा लेकर अपनी पत्नी के साथ कहीं जा रहे थे कि मझवां पानी टंकी के पास अज्ञात बाइक सवार लोगों ने श झप्पटा मारकर झोला छिनकर भाग गये थे। मामले में इन्होंने लिखित तहरीर दी थी।

इस संदर्भ में एसएसपी सोमेन बर्मा ने घटना से सम्बन्धित सभी बदमाशों की यथाशीघ्र गिरफ्तारी व बरामदगी के लिए अपर पुलिस अधीक्षक नगर व क्षेत्राधिकारी सदर के नेतृत्व में कुल 5 टीमों का गठन किया था। साक्ष्य संकलन व सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस छानबीन कर रही कि इसी बीच 5 अक्टूबर 2025, रविवार को थाना कछवां पुलिस व एसओजी की संयुक्त पुलिस टीम ने मुखबीर की सूचना के आधार पर प्रकाश में आये सोहन प्रसाद रवानी पुत्र धरीक्षण प्रसाद निवासी चौबेपुर थाना चौबेपुर जनपद वाराणसी को गिरफ्तार किया। गिरफ्तारी के क्रम में थाना कछवां व एसओजी की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा उक्त मामले से सम्बन्धित ? 25-25 हजार के ईनामियां रामजन्म यादव पुत्र राजाराम यादव निवासी परानापुर थाना चौबेपुर जनपद वाराणसी व सुनील यादव उर्फ रिंकु यादव पुत्र बसन्तलाल यादव निवासी चौरभरवा पचोखर थाना बबुरी जनपद चन्दौली को थाना कछवां क्षेत्रांतर्गत ग्राम बरैनी में जगतानन्द आश्रम के पास पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार किया गया। इस दौरान बदमाशों द्वारा गिरफ्तारी से बचने के लिए पुलिस टीम पर फायरिंग करते हुए भागने का प्रयास किया गया, परन्तु पुलिस टीम द्वारा सिखलाये हुए तरीके से आत्मरक्षार्थ जवाबी कार्यवाही में रामजन्म व सुनील यादव के पैर में गोली लगी है। पुलिस मुठभेड़ में घायल, गिरफ्तार रामजन्म व सुनील यादव को पुलिस अभिरक्षा में इलाज के लिए कछवां सीएचसी भिजवाया गया है, जहां उसकी स्थिति सामान्य है।

## कृषि मंत्री ने मां विन्ध्यवासिनी देवी का किया दर्शन-पूजन

**मीरजापुर।** प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने रविवार को जनपद भ्रमण के दौरान विन्ध्याचल पहुंचकर मां विन्ध्यवासिनी देवी का पूरे मंत्रोच्चार के साथ दर्शन-पूजन किया। तत्पश्चात जनपद के किसान भाईयों को दलहन, तिलहन बीज मिनीकिट का वितरण किया। इस दौरान कृषि मंत्री व नगर विधायक रत्नाकर मिश्र ने विन्ध्याचल में उपस्थित किसान भाईयों को सम्बोधित करते हुए बताया कहा कि कृषि विभाग द्वारा किसानों को दलहन, तिलहन का बीज मिनीकिट के रूप में निःशुल्क उपलब्ध कराया जा रहा है, जिससे किसान भाई बीज की बुआई कर कम लागत में अधिक उत्पादन प्राप्त कर सकते हैं और अपनी आमदनी में वृद्धि कर सकते हैं। साथ ही जनपद में दलहन, तिलहन के क्षेत्रफल में अधिक वृद्धि किया जा सकता है। कृषि मंत्री द्वारा विकास खण्ड सिटी के किसानों को मिनीकिट बीज का वितरण किया गया। जिसमें चना बीज मिनीकिट हेतु लालमनी मौर्य टेंगराही, रमेश चन्द्र पाण्डेय चेरूईराम, अनारसी देवी चपउर कला, विनोद कुमार बजीमुर्कुन्दपुर, दशही देवी जीउती, स्वरूपानन्द शोभोपुर, मसूर बीज मिनीकिट हेतु श्री उमेश चन्द्र बीरशाहपुर, प्रेमचन्द्र मौर्य शोभोपुर, अशोक कुमार गोपालपुर, बासदेव रानीबारी, रत्नाकर तिवारी भोड़सर, राधेश्याम तिवारी भोड़सर, मटर बीज मिनीकिट के लिए प्रमेश कुमार चपउर कला, सुरेश चन्द्र बिन्द लच्छापट्टी, योगेश कुमार बरकछा खुर्द, रामधारी रानीबारी, विजय शंकर मिश्र रानीबारी तथा सरसो बीज मिनीकिट लालबाबू बिन्द जीउती, कृष्णचन्द्र राजापुर, अमरनाथ गोपालपुर, राजेश कुमार पटेल अधौली, विशाल कुमार एवं अशोक सादी बनकट को वितरण किया गया। उप कृषि निदेशक विकेश कुमार द्वारा किसान भाईयों से अपील किया गया कि जिन किसान भाईयों द्वारा चना, मटर, मसूर व सरसों, अलसी, तीसी हेतु एग्री दर्शन पोर्टल पर आनलाइन बुकिंग किया गया था और ई-लाटरी में जिनका चयन हुआ है वह अपना मिनीकिट अपने ब्लाक के राजकीय कृषि बीज भण्डार से पीओएस मशीन से अंगूठा लगाकर निःशुल्क प्राप्त कर सकते है, तथा तिलहनी व दलहनी फसलों की बुआई कर अधिक से अधिक उत्पादन प्राप्त कर अच्छी आमदनी प्राप्त कर सकते हैं। किसान भाई दलहनी, तिलहनी फसलों की मिनीकिट आन लाइन बुकिंग के माध्यम से प्राप्त कर सकते है।

● तपश्चात किसानों को दलहन तिलहन का मिनी किट बीज का किया वितरण

## जब जब होय धरम कै हानी बाढ़हिं अधम असुर अभिमानी



**तिलोई, अमेठी।** भक्तों के कल्याण के लिए ही प्रभु अवतार लेते है जब जब पृथ्वी पर पर धर्म की हानि होती है तब तब प्रभु को अपने भक्तों के कल्याण हेतु अवतरित होना पड़ता है"यह उदगार तिलोई ब्लाक क्षेत्र के सेमरौता स्थित श्यामगंज चौराहे पर सेमरौता पब्लिक स्कूल पर में चल रही श्री मद्भागवत कथा में कथावाचक आचार्य श्रीमज्जगदगुरु रामानुजाचार्य स्वामी हरिनारायणाचार्य जी महराज ने व्यक्त किये। श्रीमज्जगदगुरु रामानुजाचार्य स्वामी हरिनारायणाचार्य जी महराज ने बताया कि जब पृथ्वी पर कंस का अत्याचार बढ़ने लगा तब प्रभु को भक्तो के कल्याण हेतु अवतार लेना पड़ता है ।पहले तो उन्होंने अपनी बाल लीलाओं से जनमानस को अपनी ओर आकर्षित किया तत्पश्चात अपनी रासलीला से लोगों को मंत्रमुग्ध किया ।कंस द्वारा भेजे गए असुरों का विनाश करने के पश्चात उन्होंने कंस का बध करके उसके अत्याचार को समाप्त कर धर्म का राज्य स्थापित किया ।इस प्रकार भगवान श्री कृष्ण ने अपने पराक्रम से कंस का बध करके जनमानस को अत्याचार से मुक्ति दिलाई ।इस अवसर पर महंत राम वचन दास जी कुंवर अवनेद प्रताप सिंह देवी शरन बाजपेई कमलेश अग्निहोत्री सुरेश अग्निहोत्री राम कुबेर बाजपेई दीपू शुक्ला देशराज बाजपेई सतीश मिश्रा सधन बाजपेई आशू तिवारी मारुत मिश्रा कर्ण बाजपेई जानकी बाजपेई जय पांडे राहुल पांडे पंकज तिवारी डाक्टर ललित शुक्ला अनुराग शुक्ला राजेश बाजपेई मनीष बाजपेई आदि तमाम लोग मौजूद रहे।

## अज्ञात वाहन की चपेट में आकर किशोरी की मौत

**जगदीशपुर, अमेठी।** अपने मामा के साथ बाइक पर बैठ कर दवा कराने जा रही किशोरी को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दिया जिससे मामा भांजी दोनों लोग घायल हो गए जिन्हें ईलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां चिकित्सकों ने किशोरी को मृत घोषित कर दिया ।थाना क्षेत्र के अंतर्गत अयोध्या रायबरेली रोड पर स्थित श्रीरामगंज चौराहे के समीप घटना उस वक्त घटी जब पूरे गौहर निवासी अली आलम अपनी भांजी सबनूर बानो उम्र लगभग 20 वर्ष निवासी मोहिद्दीन पुर थाना शुक्ल बाजार को बाइक पर बैठा कर दवा कराने जायस जाते समय अचानक अज्ञात वाहन के टक्कर से दोनों मामा भांजी घायल हो गए जिन्हें उपचार हेतु सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सकों ने किशोरी को मृत घोषित कर दिया तथा मामा का उपचार जारी है। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम हेतु जिला भेज दिया ।इस संबंध में पुलिस ने बताया कि मृतक के शव को पोस्टमार्टम हेतु भेजकर अज्ञात वाहन की तलाश जारी है।

## संदिग्ध परिस्थिति में पेड़ से लटका मिला युवक का शव, जांच में जुटी पुलिस

**तिलोई, अमेठी।** रविवार को एक युवक का शव गांव के बाहर बाग में पेड़ से लटका मिला। मामले की जानकारी तब हुई जब गांव वाले सुबह शौच के लिए गांव के बाहर गए। पुलिस मामले को प्रथम दृष्टया आत्म हत्या मान रही है। फिलहाल युवक ने आत्म हत्या क्यों किया इसका पता नहीं चल पाया है ।सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच में जुट गई है। जिले के शिवरतनगंज थाना क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम राजापुर हलीम निवासी धर्मेन्द्र कुमार यादव 35 पुत्र माताफेर यादव का संदिग्ध परिस्थितियों में गांव के बाहर बाग में पेड़ में शव लटका हुआ मिला ।इसकी जानकारी गांव वालों को तब हुई जब गांव वाले शौच के लिए गांव के बाहर निकले ।गांव वालों ने आनन फानन घटना की सूचना परिजनों को दिया। आपको बता दें कि मृतक के दो बहिनों का इकलौता भाई था। बहिनों की शादी काफी पहले हो गई थी। धर्मेन्द्र की शादी पास के गांव बाबू का पुरवा मजरे अकबरपुर फर्शी से सुदामा के साथ हुई थी।अभी हाल के दिनों में ही वह अपनी पत्नी तथा बच्चों को मारपीट कर ससुराल छोड़ आया था। माता पिता को भी घर से मारपीट कर घर से बाहर भगा दिया था जो सेमरौता किसी रिस्तेदारी में रूके थे । वह घर पर अकेला था। जिसका आज सुबह गांव के बाहर शव मिला। गमीणो ने मामले की सूचना थाना शिवरतनगंज को दिया। मौके पर पुलिस पहुंच कर शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया है।

## आजमगढ़ की बेटी ने टीम के साथ फतह किया 6120 मीटर ऊंचा माउंट लामो




आजमगढ़। जनपद के रानी की सराय थाना क्षेत्र के सेठवल क्षेत्र की शान मेजर स्वाती राय ने भारतीय सैन्य नर्सिंग सेवा की 11 वीरांगना अधिकारियों की टीम के साथ एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। हाल ही में गठित इस महिला दल ने लद्दाख की याबत तोक्पो घाटी में स्थित 6,120 मीटर ऊंची सर्वोच्च चोटी पर विजय प्राप्त कर इतिहास रच दिया। यह चोटी, जो आज तक मानव कदमों से अछूती रही थी, अब "माउंट लामो" के नाम से जानी जाएगी। नाम का चयन लद्दाख की स्थानीय परंपराओं के अनुरूप किया गया है, जो मां काली की असीम शक्ति और दिव्य ऊर्जा से प्रेरित है। दल का नेतृत्व मेजर रचना हुड्डा ने किया, जिसमें मेजर स्वाती राय भी शामिल रहीं। अदम्य साहस, दृढ़ संकल्प और उच्च मनोबल के साथ इस टीम ने कठिन परिस्थितियों का सामना करते हुए यह मुश्किल मिशन पूरा किया। यह उपलब्धि न केवल एमएनएस के इतिहास में स्वर्णिम अध्याय जोड़ेगी, बल्कि पूरे राष्ट्र की बेटियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगी। पर्वतारोहण जैसे जोखिम भरे साहसिक कार्य में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी समाज के लिए सुखद संदेश है। सफलता की खबर सेठवल गांव पहुंचते ही पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई। मेजर स्वाती राय सेठवल निवासी सेवानिवृत्त सैन्य अधिकारी श्यामू राय की पुत्री हैं। पिता की सेना की विरासत को आगे बढ़ाते हुए स्वाती ने टटर में अपनी सेवाएं दी हैं। माता उर्मिला राय भी बेटी की इस उपलब्धि पर गर्व से चमक रही हैं। परिवार और ग्रामीणों का कहना है कि यह सफलता न केवल स्वाती की मेहनत का फल है, बल्कि भारतीय सेना की महिला शक्ति का प्रतीक भी है।

# संचारी दस्तक अभियान का हुआ शुभारंभ



**जौनपुर।** जिला मलेरिया अधिकारी ने अवगत कराया है कि रविवार को जिला टीबी. चिकित्सालय परिसर से मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 लक्ष्मी सिंह द्वारा संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान अक्टूबर का संचारी शपथ, स्लोगन, प्रचार-प्रसार वाहन, बैनर पोस्टर के साथ जन जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर किया गया। रैली टी.बी. हॉस्पिटल से गांधी तिराहा तक जाकर पुनः टी बी हॉस्पिटल पहुंच कर समाप्त हुई ।संचारी रोग अभियान जिले में 5 से 31 अक्टूबर तक चलाया जाएगा। अभियान के अंतर्गत स्वास्थ्य विभाग के अतिरिक्त पंचायती राज विभाग, स्वच्छ भारत मिशन, नगर विकास विभाग, पशुपालन विभाग, बाल विकास विभाग, शिक्षा विभाग, दिव्यांग कल्याण विभाग, कृषि विभाग, सिंचाई विभाग, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग, सूचना विभाग अपने निर्धारित कार्य एवं दायित्व के अनुसार कार्य योजना बनाकर कार्यवाही कराएंगे। संचारी अभियान का मुख्य उद्देश्य अंतर विभागीय सहयोग द्वारा वेक्टर जनित एवं संक्रामक बीमारियों पर नियंत्रण हेतु निरोधात्मक कार्यवाही जैसे साफ सफाई, झाड़ी की कटाई, जल निकासी, एंटी लार्वा रसायन छिड़काव, फॉगिंग, प्रचार प्रसार एवं जन जागरूकता कराया जाना है। दस्तक अभियान 11 से 31 अक्टूबर तक चलाया जाएगा। जिसमें स्वास्थ्य विभाग से आशा तथा बाल विकास विभाग से आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओ द्वारा कार्य योजना के आधार पर घर घर जाकर वेक्टर जनित बीमारियों के प्रति लोगों को जागरूक किया जाएगा तथा बुखार के रोगियों का चिन्हीकरण, सर्दी जुकाम लक्षण युक्त व्यक्तियों, क्षय रोग से ग्रसित व्यक्तियों, कुपोषित बच्चों का चिन्हीकरण कर आवश्यक कार्यवाही किया जाएगा। सीएमओ ने आम जनमानस से अपील किया है कि संचारी अभियान में अपना सहयोग दे कर कार्यक्रम को सफल बनाएं। जिला मलेरिया अधिकारी ने अपील की है कि अभी संचारी रोगों डेंगू मलेरिया का सीजन चल रहा है ऐसे में सभी लोग सावधानी बरतें, अपने घरों के आस पास पानी न एकत्र होने दें, झाड़ियों को काट दें, बेकार पड़े जलपात्रों को नष्ट कर दें, कूलर को सूखा कर रख दें या बिना पानी के इस्तेमाल करें, मच्छरदानी में सोएं, पूरी आस्तीन के कपड़े पहने, बुखार की स्थिति में जिला चिकित्सालय, पीएचसी जाकर जांच उपचार करायें।

# रेलवे फ्लाईओवर निर्माण कार्य का भूमि पूजन



**जौनपुर।** लंबे समय से प्रतीक्षित जगदीशपुर रेलवे फ्लाईओवर के निर्माण कार्य की शुरूआत आखिरकार रविवार को हो गई। इसका शुभारंभ नगर विधायक एवं उत्तर प्रदेश सरकार के खेल एवं युवा कल्याण मंत्री गिरीशचंद्र यादव ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पूजन-अर्चन कर भूमि पूजन के साथ किया ।राज्य ने कहा कि यह फ्लाईओवर नगर की वर्षों पुरानी समस्या का समाधान साबित होगा। उन्होंने बताया कि परियोजना को दो वर्ष में पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, लेकिन मैंने कार्यदाई संस्था से बात कर ली है, प्रयास रहेगा कि यह पुल समय से पहले बनकर तैयार हो जाए," उन्होंने कहा। यह फ्लाईओवर जगदीशपुर रेलवे क्रॉसिंग पर प्रस्तावित है, जो सीआरआईएफ योजना के तहत निर्मित होगा। सेतु की कुल लंबाई 765.05 मीटर होगी, जिसमें रेल पोर्शन 76.10 मीटर का निर्माण किया जाएगा। परियोजना की स्वीकृत लागत 10889.13 लाख तथा प्राप्त आवंटन ?7895.20 लाख है। निर्माण कार्य जनवरी 2027 तक पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है। वक्ताओं ने कहा इस ओवरब्रिज के निर्माण से नगर सहित आसपास के क्षेत्रों के लोगों को जाम की समस्या से स्थायी राहत मिलेगी। वर्तमान में जगदीशपुर रेलवे क्रॉसिंग पर प्रतिदिन भारी वाहन आवागमन के कारण अक्सर लंबा जाम लगता है, जिससे लोगों को असुविधा और समय की हानि होती है। ओवरब्रिज के बन जाने से वाराणसी लखनऊ राष्ट्रीय राजमार्ग पर आने-जाने वाले वाहनों को सुगम यातायात मिलेगा। इससे न केवल जौनपुर नगर, बल्कि आजमगढ़, , शाहगंज, बदलापुर सहित आसपास के जिलों के लोगों को भी लाभ होगा। फ्लाईओवर निर्माण से नगर की ट्रैफिक व्यवस्था सुधरेगी, प्रदूषण में कमी आएगी और क्षेत्र के आर्थिक व सामाजिक विकास को नया आयाम मिलेगा। पूर्व विधायक सुरेंद्र प्रताप सिंह, मनीष श्रीवास्तव, पूर्व नगर अध्यक्ष अमित श्रीवास्तव, आदि उपस्थित रहे।

## धर्मांतरण कराने वालों पर लगे रासुका : दिलीप सिंह

**मीरजापुर।** देश के विभिन्न कोनों में हिंदू धर्म के लोगों का ईसाई धर्म में धर्मांतरण किए जाने की अनेक घटनाएं और खबरें लगातार सुनने को मिल रही हैं। इतना ही नहीं जनपद में भी यह पूरी तरह से फल फूल रहा है। जिसका ताजा उदाहरण अभी जनपद के सीमा अंतर्गत ही कुछ लोगों की गिरफ्तारी और चंगाई सभा आयोजित किए जाने की बात प्रकाश में आई। स्थानीय सिटी ब्लॉक क्षेत्र अंतर्गत भी ईटरनल ग्रेस चर्च में भी जहां के पादरी विजय स्वयं हिंदू हैं, जिन्होंने ईसाई धर्म स्वीकार करने के बाद आसपास के समस्त क्षेत्र के लोगों को अनेक प्रकार के प्रलोभन देकर हिंदू धर्म से ईसाई धर्म में परिवर्तन करा रहे हैं और चंगाई सभा का आयोजन खुलेआम डंके की चोट पर किया जा रहा है। जिसमें हिंदू धर्म के निर्धन लोग अनेक प्रकार के लाभ चाहे रूपयो का हो, चाहे नौकरी का हो, या उन पर भूत प्रेत बाधा आदि की समस्याओं के निराकरण की बात हो? अनेक प्रकार के प्रलोभनों को देकर उनका धर्मांतरण कराया हिंदू राष्ट्र भारत देश में ईसाई अपना पैर फिर से फैला रहे हैं। पूर्व में उन्होंने कई सौ वर्षों तक भारत को गुलाम बनाए रखा। भारत के महापुरुषों ने तब आजादी दिलाई।, लेकिन भारत के नागरिक पूरी तरह से अपने पूर्वजों व स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को भूल चुके हैं, जिसका लाभ पाकर अंग्रेज पुनः भारत देश पर हावी होकर अपना साम्राज्य फैलाना चाहते हैं। रविवार को करणी सेना के जिलाध्यक्ष दिलीप कुमार सिंह गहरवार ने कहा कि करणी सेना ईसाइयों के नापाक इरादे कभी भी पूरे नहीं होने देगी। जिला अध्यक्ष दिलीप सिंह गहरवार के नेतृत्व में ईटरनल ग्रेस चर्च सिटी ब्लॉक भुजवा की चौकी पर आज करणी सेना के पदाधिकारियों ने प्रदर्शन किया और चंगाई सभा को तत्काल रोके जाने की अपील की। प्रदर्शन के दौरान वक्ताओं ने कहां कि तत्काल हिंदुओं का धर्मातरण नहीं रोका गया तो देशव्यापी आंदोलन चलाया जाएगा और भारत देश से सिर्फ चर्च ही नहीं ईसाइयों का भी अस्तित्व खतरे में पड़ सकता है। हम भारत के निवासी सभी धर्म का सम्मान करते हैं सभी को आश्रय भी देते हैं।

## विशेष संचारी रोग नियंत्रण तथा घर-घर दस्तक अभियान शुरू



**आजमगढ़।** डीएम रविन्द्र कुमार ने 5 से 31 अक्टूबर तथा 11 से 31 अक्टूबर 2025 तक चलने वाले विशेष संचारी रोग नियंत्रण तथा घर-घर पर दस्तक अभियान की रैली को हरिऔध कला केंद्र आजमगढ़ से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। यह रैली शहर के गली-गली में जाकर संचारी रोगों से कैसे बचाव किया जाए, इसके बारे में लोगों को जागरूक करेगी। जिलाधिकारी द्वारा जन सामान्य को संचारी रोगों के बचाव हेतु साफ-सफाई रखने, शौचालयों का उपयोग करने, शुद्ध पेयजल पीने तथा ताजा भोजन के उपयोग के सम्बन्ध में जागरूक किया गया। उन्होंने कहा कि मच्छर जनित बीमारियों से बचाव के लिए घर और कार्य स्थल के आस-पास पानी जमा न होने दे, पुराने एवं खराब बर्तन, डिब्बे को छत पर न रखे, पुराने टायर, प्लास्टिक के कप, फ्रिज की ट्रे, बोतलों, कबाड़, फूलदानों आदि में पानी इकट्ठा न होने दे। बुखार आने पर लापरवाही न करें एवं बिना डाक्टर के सलाह के किसी दर्दनाशक दवा का सेवन न करें। सीएमओ आजमगढ द्वारा जानकारी दी गई कि इस अभियान में आशाएं और आंगनबाड़ी कार्यत्रियों एवं विभिन्न अन्तर्विभाग, जैसे नगर विकास विभाग, जिला पंचायती राज विभाग, बेसिक शिक्षा विभाग, माध्यमिक शिक्षा विभाग, बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग, कृषि विभाग, सिंचाई विभाग, पशुपालन विभाग के द्वारा विशेष संचारी रोग एवं वेक्टर जनित रोगों से बचाव हेतु अभियान के दौरान विशेष योगदान दिया जायेगा। डीएम आजमगढ, सीएमओ आजमगढ, डा. अविनाश कुमार झा नोडल अधिकारी वीबीडी एवं संचारी रोग, जिला मलेरिया अधिकारी के साथ मलेरिया एवं फाइलेरिया विभाग के समस्त कर्मचारियों ने रैली में प्रतिभाग किया। रैली में एएनएमटीसी सेन्टर के प्रशिक्षु स्वास्थ्य विभाग / अन्य विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी तथा स्वयंसेवी संस्था के लोग भी शामिल थे।

## डंपर की टक्कर से युवती की मौत

**अमेठी।** जनपद के जगदीशपुर थाना क्षेत्र से एक सड़क हादसे की खबर सामने आई है। रविवार की सुबह लगभग 9:45 बजे मुबारकपुर के पास एक तेज रफ्तार डंपर ने बाइक सवार युवक-युवती को टक्कर मार दी। हादसे में 20 वर्षीय सबनूर बानो की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 30 वर्षीय अली आलम गंभीर रूप से घायल हो गया। अली आलम पुत्र मुमताज अहमद, निवासी पुरे गौहर, मजरे गडरियाडीह, थाना जगदीशपुर, जनपद अमेठी, अपनी बाइक (संख्या वढ 36 ठ 7918, सीटी 100) से अपने रिश्तेदार सपनूर बानो पुत्री मो. जहीर, निवासी महदीपुर, मजरा देवकली, थाना जगदीशपुर, को लेकर रायबरेली रोड से जायस की ओर जा रहे थे। इसी दौरान विपरीत दिशा से आ रहा एक तेज रफ्तार अज्ञात डंपर बाइक से जा टकराया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक सड़क किनारे जा गिरी और सपनूर बानो की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद डंपर चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया। सूचना मिलते ही थाना जगदीशपुर पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची। पुलिस ने घायलों को एंबुलेंस की मदद से सीएचसी जगदीशपुर भेजा, जहां अली आलम का प्राथमिक उपचार किया गया। वहीं मृतका के शव को पुलिस ने कब्जे में लेकर पंचनामा कर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया। थाना प्रभारी जगदीशपुर ने बताया कि दुर्घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस ने तुरंत मौके पर पहुंचकर राहत कार्य शुरू कर दिया। डंपर और उसके चालक की पहचान के लिए सड़क किनारे लगे सीसीटीवी कैमरों और प्रत्यक्षदर्शियों के बयान दर्ज किए जा रहे हैं। प्रारंभिक जांच में यह सामने आया है कि डंपर रायबरेली की ओर से आ रहा था और तेज रफ्तार में बाइक को ओवरटेक करने के दौरान हादसा हुआ। घटना के बाद से मृतका के परिवार में कोहराम मच गया है। पुलिस ने परिजनों को हादसे की जानकारी दे दी है। मृतका सपनूर बानो की उम्र लगभग 20 वर्ष बताई जा रही है।

# ग्रामीण पत्रकारों का कार्य चुनौतीपूर्ण : सीमा द्विवेदी

**जौनपुर।** ग्रामीण पत्रकारों का कार्य चुनौतीपूर्ण होता है। कोई भी घटना दुर्घटना होने पर वह संसाधनों के अभाव में भी वहां पहुंच जाता है। उक्त विचार राज्यसभा सदस्य सीमा द्विवेदी ने जौनपुर पत्रकार संघ के 23वें स्थापना दिवस पर एक होटल में आयोजित समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में व्यक्त किया। उन्होंने कहाकि जब भी कोई विकास का कार्य सरकार द्वारा किया जाता है जब तक मीडिया में उसका उल्लेख नहीं किया जाता, समाज को विश्वास नहीं होता। मुख्य अतिथि ने कहाकि एक शब्द के अनेक अर्थ होते है। साक्षात्कार के दौरान कभी-कभार एकाध शब्द इस तरह का निकल जाता है तो मीडिया उसे तिल का ताड़ बना देती है। राज्यसभा सदस्य ने जौनपुर पत्रकार संघ को आर्थिक सहयोग देने का संकल्प व्यक्त किया। समारोह में विशिष्ट अतिथि पुलिस अधीक्षक डा0 कौस्तुभ ने अपने संक्षिप्त उद्बोधन में कहाकि पत्रकार को अपनी कलम के साथ न्याय करना चाहिये। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे बदलापुर के विधायक रमेश मिश्र ने कहाकि विकास कार्यों में पत्रकारो का योगदान होता है। उन्होंने कहाकि समाचार पत्रों के माध्यम से उन्हे पीली नदी की दुर्दशा की जानकारी हुई। पुराने कैनाल पम्पों के निष्क्रिय होने की जानकारी मिली। जौनपुर पत्रकार संघ के संरक्षक ओम प्रकाश सिंह ने संघ की स्थापना और उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए कहाकि दिल्ली और लखनऊ में बड़े बड़े पत्रकार सुविधा ले रहे हैं। जनपद मुख्यालय पर कार्यरत पत्रकार भी सुविधा ले रहे हैं लेकिन ग्रामीण पत्रकार जो कि पत्रकारिता की रीढ़ है, आज भी सरकार की ओर से उपेक्षित है। समारोह में वरिष्ठ पत्रकार रामदास यादव, राधाकृष्ण शर्मा, अर्जुन शर्मा, विक्रम सिंह, श्यामशंकर पांडेय एवं लोलारक दूबे को सम्मानित किया गया। बड़ी संख्या में पत्रकार मौजूद रहे। आभार ज्ञापन जौनपुर पत्रकार संघ के अध्यक्ष शशिमोहन सिंह क्षेम तथा संचालन डा. मधुकर तिवारी ने किया।



## 500 फार्मर रजिस्ट्री प्रतिदिन करें

**जौनपुर।** जिलाधिकारी डॉ० दिनेश चंद्र की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में एग्री स्टैक कार्य की समीक्षा बैठक की गई। जिलाधिकारी के द्वारा तहसीलवार समीक्षा के दौरान पाया गया कि ई-खसरा पड़ताल में तहसील मछलीशहर और सदर की प्रगति अपेक्षाकृत बहुत कम है, जिस पर उन्होंने नाराजगी व्यक्त करते हुए प्रगति करने के निर्देश दिए। फार्मर रजिस्ट्री कार्य की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि प्रतिदिन प्रति तहसील न्यूनतम 500 फार्मर रजिस्ट्री किया जाना सुनिश्चित करें और बड़ी तहसील न्यूनतम एक-एक हजार फार्मर रजिस्ट्री कराए ताकि जनपद में कम से कम 5000 फार्मर रजिस्ट्री प्रतिदिन हो सके। मुख्य विकास अधिकारी ध्रुव खाड़िया, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट सौरभ कुमार, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व राम अक्षयवर चैहान, मुख्य राजस्व अधिकारी अजय अंबष्ट सहित अन्य उप जिलाधिकारीगण एवं तहसीलदार, उप कृषि निदेशक आदि उपस्थित रहे।

## 110 क्षय रोगियों में पोषण पोटली का वितरण

**आजमगढ़।** डीएम रविन्द्र कुमार के निर्देशानुसार आज हरिऔध कला केंद्र आजमगढ़ मे प्रधानमंत्री टीबी मुक्त मुक्त भारत अभियान के अन्तर्गत इण्डियन रेड क्रास सोसायटी आजमगढ़ के सहयोग से राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम के तहत मेगा कैम्प का आयोजन किया गया, जिसमे टीबी के लक्षणो वाले सम्भावित क्षय रोगियों को निःशुल्क परामर्श, जाँच व दवा वितरण की सुविधा प्रदान की गई। मेगा कैम्प का उद्घाटन डीएम ने फीता काट कर किया। इसके अतिरिक्त हरिऔध कला केन्द्र के आडिटोरियम में जनपदस्तरीय अधिकारियों द्वारा 110 टीबी मरीजो को पोषण पोटली वितरित की गई। डीएम द्वारा गोद लिए हुए 2 टीबी मरीजो को पोषण पोटली वितरित की गई। इस अवसर पर डीएम ने टीबी उन्मूलन के लक्ष्य को प्राप्त करने हेतु चार बातो पर जोर दिया गया। उन्होंने कहा कि सभी सम्भावित क्षय रोगियो की निःशुल्क जॉच सभी स्वास्थ्य केन्द्रो पर उपलब्ध होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि सभी डायग्नोज्ड टीबी मरीजो को प्रत्येक स्वास्थ्य केन्द्र पर पर्याप्त दवा उपलब्ध कराते हुए निःशुल्क उपचार मिलना चाहिए। सभी इलाजरत टीबी मरीजो को उनके बैंक खाते मे डीबीटी के माध्यम से निःक्षय पोषण योजना के अन्तर्गत रु. 1000 प्रतिमाह की दर से धनराशि समय समय पर स्थानान्तरित होना चाहिए।

संक्षेप

## एक जलसा का आयोजन



बाराबंकी। फजलुर्रहमान पार्क स्थित बज्म-ए-गोसुल वरा के तत्वाधान मे एक जलसा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम मे शहर के उल्मा-ए-किराम की मौजूदगी मे छोटे छोटे बच्चो द्वारा नात-ए-पाक पढ़ी गई। जिसमे कादरी ग्रुप भी शामिल रहा। इस मौके पर कमेटी पदाधिकारी ने बच्चो को पुरस्कार देकर सम्मानित भी किया। इस मोके पर सय्यद इकराम, मौलाना जाहिद अली निजामी, मुफ़्ती कलीम नूरी, हाजी मुस्सवीर, तारिक रफीक, हाफिज कमालूद्दीन, मुफ़्ती फैजानुल मुस्तफा किबला, तारिक फरीक, नसीम खान, रईस अंसारी, जुबेर सलमानी, अतीक कुरैशी, हसीब नेता, अमीनुद्दीन अंसारी, जियाउद्दीन अंसारी, नुरुलहूदा अंसारी, अनवारुल हसन, हाजी अलाउद्दीन अंसारी आदि मौजूद रहे।

## लालगंज में तीन दिवसीय मेले का शुभारंभ आज

प्रतापगढ़। नगर पंचायत के सोनहट वीर बाबा प्रांगण में परम्परागत तीन दिवसीय दशहरे मेले का आज सोमवार को दिन में बारह बजे शुभारंभ होगा। कार्यक्रम के संयोजक सुशील कुमार मिश्र ने बताया कि मेले के उदघाटन पर सदभावना को लेकर विविध कार्यक्रम भी होंगे। मेले का समापन आगामी आठ अक्टूबर को होगा।

## टॉवर से बैट्री चोरी का केस दर्ज

प्रतापगढ़। टॉवर में लगी बैट्री चोरी को लेकर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। जेठवारा थाना क्षेत्र के बलापुर निवासी वीरेन्द्र कुमार पटेल एक प्राइवेट टॉवर में टेक्नीशियन के पद पर कार्यरत हैं। आरोप है कि बीती चौबीस सितंबर की रात देउम पूरब टावर में लगे चौबीस बैट्री चोर उठा ले गये। विभागीय छानबीन के बाद टेक्नीशियन वीरेन्द्र ने चार अक्टूबर को पुलिस को तहरीर दी। सांगीपुर एसओ मनीष त्रिपाठी का कहना है कि जांच के बाद अज्ञात चोर के खिलाफ बैट्री चोरी का मुकदमा दर्ज किया गया है।

## संचारी रोग अभियान को दिखाई हरी झंडी



सिद्धार्थनगर । विधायक व जिलाधिकारी ने विशेष संचारी रोग एवं दस्तक अभियान का शुभारंभ करते हुए हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया गत 05. से 31.10.2025 तक विशेष संचारी रोग नियंत्रण / दस्तक अभियान तृतीय चरण का विधायक कपिलवस्तु श्याम धनी राही, व जिलाधिकारी डॉ 0 राजा गणपति आर0 ने कलेक्ट्रेट परिसर से वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर पर सांसद डुमरियागंज प्रतिनिधि एस पी अग्रवाल, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ 0 रजत कुमार चौरसिया व अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# जीरो लेवल क्रॉसिंग की मुहिम चला रही रेलवे : पंकज सिंह

- प्रेस से मिलिए कार्यक्रम में बोले एनई रेलवे के सीपीआरओ
- सभी महत्वपूर्ण मार्गों पर स्थित क्रॉसिंग पर बनाए जा रहे रेल ओवरब्रिज
- पूर्वोत्तर रेलवे में शिकायत निस्तारण प्रक्रिया सबसे तेज



गोरखपुर। पूर्वोत्तर रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी ( सीपीआरओ ) पंकज कुमार सिंह ने कहा कि रेलवे द्वारा जीरो लेवल क्रॉसिंग की मुहिम चलाई जा रही है। इस मुहिम के तहत सभी महत्वपूर्ण मार्गों पर स्थित क्रॉसिंग पर रेल ओवरब्रिज और अंडरब्रिज बनाए जा रहे हैं। सरफेस क्रॉसिंग से सड़क मार्ग पर चलने वालों से अधिक दिक्कत रेलवे को होती है, अतिरिक्त मानव संसाधन लगता है। इसलिए जीरो लेवल क्रॉसिंग मुहिम के तहत सारे सरफेस क्रॉसिंग समाप्त किए जाएंगे। एनई रेलवे के सीपीआरओ श्री सिंह ने गोरखपुर जर्नलिस्ट्स प्रेस क्लब की तरफ से आयोजित ह्यप्रेस से मिलिएह्न कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने पूर्वोत्तर रेलवे के इतिहास, वर्तमान और भावी योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की। बताया कि रेलवे में इंफ्रास्ट्रक्चर के साथ पैसेंजर सर्विस पर पूरा ध्यान दिया जा रहा है। रेलवे का पूरा रेललाइन नेटवर्क इलेक्ट्रिफाइड हो गया है। सिग्नलिंग सिस्टम भी ऑटोमेटिक हो गया है। यात्रियों की शिकायत के लिए 139 हेल्पलाइन नम्बर को एकीकृत किया गया है। अब हर तरह की शिकायत इसी नम्बर पर आ रही है और अधिकतम 15 मिनट में उस पर रिस्पांस भी किया जा रहा है। इसके तहत पूर्वोत्तर रेलवे में शिकायत निस्तारण की प्रक्रिया सबसे तेज है। श्री सिंह ने कहा कि कोहरे के मौसम में रेलवे ही ट्रैवेल का सबसे बेहतर विकल्प होता है। कोहरे में स्पीड कम करनी पड़ती है और इसी से ट्रेनों की टाइमिंग पर असर पड़ता है। इसमें सुधार के लिए पहले फॉग सेव डिवाइस का इस्तेमाल शुरू हुआ। समान कम्पोजिशन की रेक रिजर्व रखने से ट्रेनों का निरस्तीकरण कम हुआ। अब नए कवच सिस्टम से लोको पायलट को उसके कैब में ही सिग्नल दिख जाएगा और कोहरे में भी ट्रेनों की रफ्तार में सुधार आएगा।

पूर्वोत्तर रेलवे के सीपीआरओ ने कहा कि गोरखपुर स्टेशन पर एक बड़ी आबादी की यात्रा निर्भर रहती है। प्रतिदिन करीब एक लाख लोगों का आवागमन यहां से होकर होता है। इसलिए यहां इंफ्रास्ट्रक्चर पर खास फोकस है। वर्तमान समय में इस स्टेशन को वर्ल्ड क्लास बनाने की कार्ययोजना के अनुसार निर्माण कार्य तेजी से जारी है। इसी तरफ सहजनवा से दोहरीघाट तक रेल लाइन बिछाने का कार्य भी प्रक्रिया में आ चुका है।

रेल नीर 14 रुपये में, अधिक कीमत मांगने पर करें शिकायत

एक सवाल के जवाब में सीपीआरओ ने बताया कि जीएसटी सुधार के लागू होने के बाद रेलवे से अनुज्ञापित दुकानों में रेल नीर की बिक्री 14 रुपये में की जा रही है। हर वेंडर की दुकान पर डिस्प्ले लगाया गया है। कोई दुकानदार 14 रुपये से अधिक ले तो रेल मदद एप शिकायत करें, कड़ी कार्रवाई की जाएगी। एक अन्य प्रश्न का उत्तर देते हुए श्री सिंह ने कहा कि दीपावली और छठ पूजा पर भीड़ प्रबंधन के लिए पूर्वोत्तर रेलवे में विशेष योजना बनाई गई है। इसके तहत 15 अक्टूबर से होल्डिंग एरिया बनाए जा रहे हैं। इस एरिया में सीसीटीवी कैमरे भी लगेंगे। यहां यात्रियों को पंक्तिबद्ध कराकर ट्रेनों में बैठाया जाएगा। भीड़ के मद्देनजर बहुत सी स्पेशल ट्रेनें चलाई जाएंगी।

सीपीआरओ ने कहा कि पूर्वोत्तर रेलवे जल्द ही एक लाइव पेंटिंग कम्पटीशन का आयोजन भी करेगा। उसमें अच्छी पेंटिंग की प्रदर्शनी लगाई जाएगी। टॉप थ्री पेंटिंग को को रेलवे खरीदेगी। इससे प्रतिभाओं को मंच मिलेगा। कार्यक्रम में प्रेस क्लब की तरफ से बुके, अंगवस्त्र, एकल पुष्प, स्मृति चिन्ह और पौधा देकर एनई रेलवे के सीपीआरओ का अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर यूपी पुलिस के जवान और रक्तवीर की पहचान रखने वाले रक्तदानी शिवाम्बुज कुमार पटेल को प्रेस क्लब की कार्यकारिणी ने स्मृति चिन्ह और अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन गोरखपुर जर्नलिस्ट्स प्रेस क्लब के उपाध्यक्ष भूपेंद्र द्विवेदी और आभार ज्ञापन अध्यक्ष रीतेश मिश्र ने किया।

इस अवसर पर गोरखपुर जर्नलिस्ट्स प्रेस क्लब के महामंत्री पंकज कुमार श्रीवास्तव, संयुक्त मंत्री अंगद कुमार प्रजापति, कोषाध्यक्ष प्रिन्स कुमार पांडेय, पुस्तकालय मंत्री विनय सिंह, कार्यकारिणी सदस्य राजीव पांडेय, विवेक कुमार, सहायक सूचना निदेशक प्रशांत श्रीवास्तव, पूर्वोत्तर रेलवे के पूर्व जनसंपर्क अधिकारी चंद्र प्रकाश चौहान, राजन राय,

घनश्याम कसौधन, दामोदर उपाध्याय, सूर्य प्रकाश गुप्ता, ब्रजेंद्र सिंह, अजीत यादव, दुर्गेश यादव, उमेश पाठक, गजेंद्र त्रिपाठी, राज श्रीवास्तव, सुशील कुमार, रशाद लारी, नीरज श्रीवास्तव, रवि गुप्ता सहित बड़ी संख्या में मीडियाकर्मियों की उपस्थिति रही।

## संचारी और दस्तक अभियान का शुभारंभ



बांसी सिद्धार्थनगर ।सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मिठवल तिलौली मे संचारी एवम दस्तक अभियान का शुभारंभ किया गया, ब्लॉक प्रमुख डॉ0 दशरथ चौधरी ने हरी झंडी दिखा कर संचारी एवं दस्तक अभियान का शुभारंभ किया 'सीएचसी अधीक्षक तिलौली डॉ 0 राजीव कुमार रंजन के ने बताया कि संचारी एवं दस्तक अभियान 05 अक्टूबर से 31 अक्टूबर 2025 तक चलेगा जिसमें 11 अक्टूबर से 31 अक्टूबर 2025 तक दस्तक अभियान चलाया जाना है 'अभियान में कुल 11 विभागों का सहयोग सुनिश्चित रहेगा जिसमें चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, चिकित्सा शिक्षा विभाग, नगर विकास विभाग, पंचायती राज विभाग, पशुपालन विभाग, दिव्यांग सशक्तिकरण विभाग, कृषि एवं सिचाई, सूचना विभाग, उद्यान विभाग, शिक्षा विभाग, बाल विकास परियोजना विभाग रहेंगे' इस बार अभियान के दौरान आशा और आंगनवाड़ी कार्यकत्री लक्षण युक्त मरीजों का नाम पता मोबाइल नंबर सहित विवरण ई कवच पोर्टल पर डिजिटल अपलोड करेंगी 'जिसमें मुख्यतः बुखार के रोगियों की सूची आई एल आई के रोगियों की सूची क्षय के लक्षण के रोगियों की सूची कुष्ठ रोग फाईलेरिया और काला अजार रोगों के लक्षण के रोगियों की सूची -कुपोषित बच्चों की सूची मकानों की सूची जिनके भीतर मच्छरों का प्रजनन पाया गया हो' किया जाना है' इस बार अभियान मे नया गैर संचारी रोगियों में उच्च रक्त चाप, मधुमेह, कैंसर, साँस के रोगियों की सूची और सी बैंक फॉर्म सी एच ओ और ए एन एम के स्तर पर आशाओं द्वारा उपलब्ध कराया जाएगा और ऑनलाइन ई कवच पर फीड करना है ।

## घरेलू व बाहरी मोर्चे पर विफल है मोदी सरकार : प्रमोद तिवारी



प्रतापगढ़। राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने रविवार को स्थानीय कैम्प कार्यालय पर पार्टी कार्यकताओं तथा क्षेत्रीय लोगों से मुलाकात की। उन्होने कैम्प कार्यालय पर जनसमस्याओं की सुनवाई भी की। यहां पार्टी कार्यकताओं से संवाद करते हुए राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने कहा कि कार्यकर्ता निर्वाचन आयोग के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान को लेकर अभी से सावधानी बरते। उन्होने बतौर उदाहरण दावा जताया कि बिहार में अंतिम मतदाता सूची के प्रकाशन में भी बड़े पैमाने पर गड़बड़ियां सामने आ रही हैं। राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने कहा कि निर्वाचन आयोग अपनी निष्पक्षता की जगह एसआईआर के जरिए भाजपा को अनुचित लाभ पहुंचाने का तानाबाना बुन रहा है। उन्होने कार्यकताओं से कहा कि मोदी सरकार अपनी नाकामियों को छिपाने के लिए गैरजरूरी मुददों को उछालने में लगी हुई है। उन्होने कहा कि अर्थव्यवस्था पटरी से उतर चुकी है। राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने कहा कि खाद की कालाबाजारी से किसान की धान की फसल बबादी के कगार पर आ गयी है। वहीं उन्होने कहा कि प्रदेश में बिजली आपूर्ति का भी बदतर प्रबन्ध ग्रामीण क्षेत्र के उपभोक्ताओं पर दोहरी मार दिये हुए है। वहीं कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने कहा कि मोदी सरकार अपने कुशासन, भ्रष्टाचार और अलोकतांत्रिक हथकण्डों से घिरी होने के साथ वैदेशिक मामलों में भी अलग थलग पड़ गयी है। राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने पीएम मोदी पर तल्ख होते हुए कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति टंज्प ने सीजफायर के दावे, टैरिफ, एच-1 वीजा के जरिए देश की प्रतिष्ठा को आघात पहुंचाने में कोई कोरकसर बाकी नही रखी। उन्होने कहा कि आश्चर्य है कि जब गाजापटटी को लेकर संयुक्त राष्ट्र सभा में सीजफायर का प्रस्ताव रखा गया तब मोदी सरकार के इशारे पर उस प्रस्ताव का वहां भारतीय प्रतिनिधि के जरिए मतदान से बहिष्कार कराया गया। उन्होने कहा कि पीएम मोदी इसके ठीक विपरीत अब फिर से गाजापटटी में सीजफायर को लेकर टंज्प की प्रशंसा के पुल बांध रहे हैं। उन्होने कहा कि फिलिस्तीन को लेकर मोदी सरकार ने देश के पूर्ववर्ती प्रधानमंत्रियों के द्वारा इस मुददे पर स्थापित विदेश नीति से हटकर अदूरदर्शिता का खुला परिचय दिया है। इसके पहले राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने बेलहा गांव में संस्कृत विद्वान आचार्य चक्रधर शुक्ल के हाल ही में निधन पर परिजनों से मिलकर संवेदना जतायी। बाबा घुइसरनाथ धाम पहुंचे राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने दर्शन पूजन किया। यहां उन्होनें क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना द्वारा स्वीकृत करायी गयी पर्यटन से जुड़ी योजनाओं को सराहा। पूरे नेमधर गांव में भी राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने समाजसेवी रामकुमार मिश्र के निधन पर संवेदना जतायी।

## 3 परिवार के जोड़ों को बिखरने से बचाया



**सिद्धार्थनगर** । जिले की महिला थाना थानाप्रभारी निरीक्षण भाग्यवती पांडेय के नेतृत्व मे उनकी काउंसलिंग टीम ने अथक प्रयास कर 3 परिवारों के जोड़ों को बिखरने से बचाया गया, विदित हो कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा सभी जनपदों व थानों में चलाये जा रहे मिशन शक्ति फेज 5.0 के अभियान के तहत महिला थाना मिशन शक्ति पुलिस टीम 03 परिवारों के बीच हुए हुए आपसी मनमुटाव को दूर करते हुए 03 जोड़े को एक साथ विदा किया गया । जो कि महिला थाना पुलिस की सराहनीय उत्कृष्ट कार्य योगदान माना जा रहा है। पुलिस अधीक्षक डा 0 अभिषेक महाजन के आदेश के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार प्रसाद के कुशल निर्देशन में क्षेत्राधिकारी सदर विश्वजीत सोरयान के कुशल पर्यवेक्षण मे 05.अकटूबर को महिला थाना सिद्धार्थनगर पर परिवार परामर्श केंद्र/नई किरण ( टूटते परिवार को जोड़ने की एक पहल कार्यक्रम ) का आयोजन किया गया । इस आयोजन में 05 पत्रावली विचारार्थ प्रस्तुत हुई । जिसमें परामर्श के बाद 03 पत्रावली का सफल निस्तारण कर 03 परिवारों को बिखरने से बचाया गया व 02 पत्रावली में वार्ता प्रचलित है ।03 परिवारों को बिखरने से बचाने में प्रभारी निरीक्षक भाग्यवती पाण्डेय, काउंसलिंग टीम में उपनिरीक्षक राम नारायण शुक्ला महिला हेड कांस्टेबल आशा गौड़ व महिला आरक्षी शिवानी सिंह, नेहा सिंह, प्रियंबदा सिंह, रीना प्रगति राय का महत्वपूर्ण योगदान रहा है।

## ओवरलोड़ व डेंजरस ड्राइविंग मिलने पर पीटीओ ने किये 4 वाहन सीज



बाराबंकी। बकाया टैक्स, ओवरलोड़, अनियत्रित रुप से ड्राइविंग करने वाले वाहनो के खिलाफ परिवहन विभाग ने अभियान चलाकर कार्यवाही की। आज रविवार को लखनऊ-बाराबंकी-गोण्डा मार्गो पर प्रवर्तन दल ने एचएसआरपी, बकाया टैक्स, ओवरलोड़, ओवरहाइट समेत अनियत्रित रुप से वाहन चलाने वाले 4 वाहनो को थानो मे निरुद्ध किया। अभियान की जानकारी लेने पर सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन अंकिता शुक्ला ने बताया कि यात्री मालकर अधिकारी रवि चन्द्र त्यागी की टीम ने बाराबंकी-बहराइच-गोण्ड़ा मार्गो पर बिना एचएसआरपी, बकाया टैक्स, ओवरहाइट समेत डेंजरस ड्राइविंग करने मिलने पर 4 वाहनो को सीज किया।

## 251 कुंडीय गायत्री महायज्ञ की तैयारी पूरी



बाराबंकी। आगामी 26 से 29 नवंबर 2025 तक आयोजित होने जा रहे 251 कुंडीय गायत्री महायज्ञ की तैयारियों को लेकर गायत्री शक्ति पीठ सभागार मे विशेष बैठक हुई। बैठक मे कार्यकताओं और श्रद्धालुओं ने मिलकर यज्ञ की सफलता हेतु सेवा, समयदान और अंशदान का संकल्प लिया। जिला समन्वयक ए0पी शर्मा व सत्य प्रकाश श्रीवास्तव ने अब तक की गई तैयारियों की जानकारी दी। तथा यज्ञ की व्यवस्था, मंच व्यवस्था, टेंट लाइट, जलपान व भोजन व्यवस्था, शंख ध्वनि प्रतियोगिता, सुरक्षा व्यवस्था, अखंड दीप व्यवस्था, निवास व्यवस्था, जैसे अन्य कार्यों की जिम्मेदारी दी गई। देशबंधु तिवारी ने सभी लोगों से कहा कि जिनको जिम्मेदारियां मिलीं है वे सभी लोग पूरी जिम्मेदारी के साथ निभाये। जनपद के पल्हरी चैराहे स्थित कार्यक्रम स्थल जेब्रा पार्क में आयोजित 251 कुंडीय गायत्री महायज्ञ हेतु 2 नवंबर वर्ष 2025 को भूमि पूजन समारोह होगा। भूमि पूजन के साथ नवंबर माह में होने वाले कार्यक्रमों में सक्रिय सहभागिता का आह्वान किया। इस अवसर पर दिनेश दीक्षित, ओमकार मिश्रा, शीतला प्रसाद अवस्थी, सतीश चंद्र अग्निहोत्री, अखिलेश पांडे, सुशील शुक्ला, अहरवा प्रसाद गुप्ता, रामकरन सिंह, मीडिया प्रभारी डॉ0 संजय तिवारी, आचार्य संजय मिश्र, शांति दीक्षित, ऊषा सिंह, सुमन सुधा, कांती सिंह, शशि सिंह, शीलापांडे, वनिता सिंह मौजूद रहे।

## केडी सिंह बाबू ने हॉकी को दिलाई वैश्विक पहचान : धीरेन्द्र वर्मा



बाराबंकी। हर खिलाड़ी समाज के लिए हीरो होता है। हर नागरिक को एक खिलाड़ी की तरह अपने राष्ट्र के प्रति समर्पण भाव से आगे बढ़ने, खेल जीवन के अनुशासन को बनाए रखने, समन्वय स्थापित करने और जीवन में लक्ष्य प्राप्त करने के प्रयासों का हिस्सा होना चाहिए। सही मायनों में खिलाड़ियों से समाज को समर्पण की प्रेरणा मिलती है। उक्त बात नगर पंचायत बंकी स्थित प्ले ग्राउंड में चल रही गांधी मेमोरियल हॉकी टूर्नामेंट समापन पर मुख्य अतिथि जिला ओलम्पिक संघ के सचिव धीरेन्द्र कुमार वर्मा ने कही। मुख्य अतिथि श्री वर्मा ने कहा कि गांधी जयन्ती समारोह ट्रस्ट ने हॉकी मैच के जरिए गांधी और के0डी सिंह बाबू को नई पीढ़ी से जोड़ने तथा उनकी स्मृतियों को सहेजने का काम किया है। टूनार्मेट मे गांधी क्लब और बंकी-11 के बीच कांटे का मुकाबला देखने को मिला। मैच समाप्त होने से दो मिनट पहले गांधी क्लब के महबूब अंसारी और एखलाक अंसारी ने 1-1 गोल कर टीम को जीत दिला दी। निर्णायक भूमिका में मुजीब अहमद, विजय अवस्थी रहे। इस मौके पर ट्रस्ट अध्यक्ष राजनाथ शर्मा, सतीश जायसवाल, धनंजय शर्मा, अयाज अंसारी, अहमद किदवई, अखिलेश सैनी, रणंजय शर्मा, निसार अहमद, पांचू लाल, आफताब अहमद आदि मौजूद रहे।

## पुलिस ने दंपती के बीच समझौता की विदाई




शोहरतगढ़ -सिद्धार्थनगर ।मिशन शक्ति फेज 5.0 कार्यक्रम के तहत थाना शोहरतगढ मिशन शक्ति पुलिस टीम ने पतिझपत्नी के बीच आपसी मतभेद को काउंसलिंग कर व सुलह समझौता कराकर उनके टूटते परिवार को बिखरने से बचाया गया। पुलिस अधीक्षक डॉ 0 अभिषेक महाजन द्वारा महिला सुरक्षा एवं सशक्तिकरण जागरूकता अभियानझ के संबंध में दिए गए निर्देश के क्रम में प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक व पुलिस क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़ पवीन प्रकाश के कुशल पर्यवेक्षण में 05- अक्टूबर को प्रभारी निरीक्षक शोहरतगढ़ संतोष तिवारी के नेतृत्व में श्रीमती पुनीता पत्नी सोनू निवासी सबई थाना शोहरतगढ जनपद सिद्धर्थनगर के द्वारा थाना स्थानीय पर दिये गये प्रार्थना पत्र में पति के द्वारा प्रताड़ित करने का आरोप लगाया जिसके सम्बन्ध मे पति सोनू कुमार को थाने पर बुलाकर मिशन शक्ति केन्द्र के माध्यम से थाना शोहरतगढ की मिशन शक्ति पुलिस टीम द्वारा काउंसलिंग किया गया जिसके तहत दोनो पति पत्नी स्वेच्छा से साथ मे रहने हेतु अपने परिजनो के समक्ष राजी हो गये तथा परिवार के साथ दोनो को विदा किया गया ।

## साड़ ने ली किसान की जान

तंबौर सीतापुर। थाना क्षेत्र के बिसवां खुर्द में घर के बाहर बैठे सांड को भगाने के प्रयास में गुस्साए सांड ने किसान को उठाकर पटक दिया। जिससे इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। परिजनों ने बिना किसी सूचना के अंतिम संस्कार कर दिया। शनिवार की रात आठ बजे बिसवां खुर्द निवासी 55 वर्षीय कमल किशोर वर्मा पुत्र रणविजय वर्मा के घर के बाहर आवारा सांड बैठा हुआ था। घर के बाहर बैठे सांड को भगाने के लिए वह आए थे। सांड को भगाने के लिए जैसे ही डण्डा लगाया तो सांड काफी देर तक कुछ नही बोला फिर अचानक गुस्साये सांड ने पीछे से आकर कमल किशोर वर्मा को उठाकर पटक दिया। सांड के पटकने के बाद वह जमीन पर गिर कर बेहोशी के हालत में पड़े रहे। सांड के पटकने की आवाज सुनकर घर वालों ने मौके पर आकर शोर मचाना शुरू कर दिया। मौके पर भीड़ जमा होने के बाद सांड को भगा कर बेहोशी की हालत में पड़े किसान को तम्बौर सीएचसी लेकर आए। किसान कमल किशोर की हालत नाजुक होने से परिजनों ने जिला अस्पताल ना ले जाकर लखीमपुर लेकर चले गए। लखीमपुर ले जाते समय रास्ते में मृत्यु हो गई। परिजनों ने बिना किसी को सूचना दिए बगैर बिसवां खुर्द में रविवार की दोपहर को अंतिम संस्कार कर दिया गया।

## सड़क पर चला पुलिस का चेकिंग अभियान

महोली/ सीतापुर पुलिस विभाग में सड़क पर चल रहे वाहनों की जांच की और नियमों के विरुद्ध चलने वाले स्वामियों के खिलाफ कार्रवाई की। इस दौरान कई फिल्म व हूटर उतारे गए वहीं ओवरलोडिंग के खिलाफ कार्रवाई की गई। शनिवार को क्षेत्राधिकारी नागेंद्र चौबे के नेतृत्व में नियमों को ताक पर रखकर चलने वाले वाहनों के लिए परेशानी का दिन साबित हुआ। पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल के निर्देश पर टीमों द्वारा चेकिंग अभियान चलाया गया। जिसमें काली फिल्म व हूटर के वाहनों के विरुद्ध कार्रवाई की गई। इसी तरह से दोपहिया व चार पहिया वाहनों के नंबर प्लेट पर जाति सूचक एवं अन्य शब्द लगे वाहनों का चालान किया गया।

## सपाइयों ने संगठन की मजबूती को लेकर भरी हुंकार



प्रतापगढ़। समाजवादी पार्टी के कार्यकताओं की रविवार को यहां हुई बैठक में संगठन की नीतियों एवं कार्यक्रमों पर विचार विमर्श हुआ। बैठक की अध्यक्षता सपा नेता कामता पटेल व संचालन रामधन यादव ने किया। बैठक में सांसद डॉ0 एसपी सिंह पटेल के प्रतिनिधि जितेन्द्र सिंह ने कार्यकताओं से संगठन को मजबूत बनाने के लिए संपर्क अभियान तेज करने को कहा। उन्होने कहा कि सांसद डॉ0 एसपी सिंह पटेल के द्वारा जिले के विकास में तेजी जारी दिखेगी। इस मौके पर रामलगन यादव, प्रकाशचंद्र उपाध्याय, रोशन लाल सरोज, डॉ0 वीपी यादव, राजेश यादव, आलोक सिंह, आशीष कमल, राजू, विवेक, विजय आदि रहे।

## सीओ की फटकार पर पति समेत ससुरालीजनों के खिलाफ दहेज प्रताड़ना का केस

प्रतापगढ़। सीओ के निर्देश पर कोतवाली पुलिस ने दहेज उत्पीड़न को लेकर विवाहिता के साथ गालीगलौज व मारपीट तथा धमकी को लेकर ससुरालीजनों के खिलाफ शनिवार की रात केस दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के देवीगढ़ निवासी आशाराम पुत्र मोहनलाल पटेल ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि संग्रामगढ़ थाना के कोडर खुर्द गांव निवासी धीरेन्द्र पटेल पुत्र दिलीप के साथ उसने डेढ़ वर्ष पूर्व अपनी बेटी रूपा की शादी की है। तहरीर में कहा गया है कि शादी के कुछ दिन बाद पति धीरेन्द्र व ननद मनभावती उर्फ पिंकी तथा सुखदेव के पुत्र दिलीप कुमार दहेज के लिए रूपा को प्रताडित करने लगे। बीती सोलह अगस्त को ससुरालीजनों ने उसकी बेटी रूपा को मारपीट कर घर से निकाल दिया। आरोपियों द्वारा पीड़ित की बेटी को शादी में मिला जेवरात भी छीन लिये जाने की बात तहरीर में कही गयी है। पीडित ने कई बार पुलिस से शिकायत की पर जांच के नाम पर कार्रवाई नही हुई। इसके बाद पीडित ने सीओ आशुतोष मिश्र से मिलकर फरियाद की। सीओ के निर्देश पर पुलिस ने आरोपी पति धीरेन्द्र पटेल समेत ससुरालीजनों के खिलाफ गंभीर धाराओ में केस दर्ज किया है। प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार का कहना है कि केस दर्ज किया गया है, आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## करंट की चपेट में आकर घायल सूरज की मदद को आगे आई पुष्प फाउण्डेशन



पाटन, उन्नाव। गत दिनों सूरज सिंह निवासी ग्राम बाजितपुर बीते 30 सितंबर को 132 केवी पावर हाउस बीघापुर में काम कर रहे थे। तभी अचानक करंट उतरने से सूरज बुरी तरह से जल गए थे जिनका गंभीर अवस्था मे (ट्रामा सेंटर लखनऊ) में इलाज चल रहा है। सूचना पाकर पुष्प फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष पुष्पेन्द्र प्रताप सिंह ने अपने बड़े भाई मानवेन्द्र सिंह व अपनी टीम को लखनऊ भेजकर सूरज के स्वास्थ्य की जानकारी सूरज सिंह व परिजनों से ली, मानवेन्द्र सिंह को आर्थिक मदद हेतु मौके पर भेजा। हॉस्पिटल पहुंचे मानवेन्द्र सिंह ने सूरज सिंह को पुष्पेन्द्र प्रताप सिंह की ओर से बेहतर चिकित्सा हेतु आर्थिक मदद की व आगे भी हर सम्भव मदद का भरोसा दिया। मानवेन्द्र सिंह ने हॉस्पिटल स्टाप से भी सूरज के चिकित्सा संबंधी जानकारी ली व कहा कि हम सभी के लिये 24 घण्टे बेहतर बिजली संचालन मे अपने आपको खतरे डालकर आम जनमानस की सच्ची सेवा करने वाले सूरज के योगदान को भुलाया नहीं जा सकता है जल्द स्वस्थ होने की हम ईश्वर से प्रार्थना करते है। जो व्यक्ति हम सभी की सुविधा के लिये आपनी जान जोखिम मे डालकर भी समाजसेवा की है उसकी कोई क ीमत कोई भी अदा नहीं कर सकता है ईश्वर की ही कृपा है सूरज हादसे के बाद अच्छा रिकवर कर रहे है उम्मीद है जल्द स्वस्थ होकर अपनों के बींच होंगे। इस मौके पर प्रखर सिंह अकवारा, राघवेंद्र सिंह धनकोली, रामजी यादव धानी खेड़ा, मोहित पाण्डेय, वीरेंद्र सिंह ऊर्फ कालिया आशू सिंह, अनीस यादव आदि लोग उपस्थित रहे

## आत्मरक्षा के लिए जूडो-कराटे छात्राएं जरुर सीखें : अनूप मिश्र



उन्नाव। मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत ब्लॉक सिकंदरपुर कर्ण के उच्च प्राथमिक विद्यालय कटरी पीपरखेड़ा, कंपोजिट विद्यालय में आज आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यकम का संचालन तथा संयोजन विद्यालय की सहायक शिक्षिका तथा जनपद की एस आर जी डॉ रचना सिंह के निर्देशन में किया गया। मिशन शक्ति कार्यक्रम महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान तथा स्वावलंबन के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के द्वारा शुरू किया गया है। पुलिस कंट्रोल रूम के प्रभारी अनूप मिश्रा अपूर्व ने बच्चों को हेल्पलाइन नबरों जैसे 1090, 181, 112 और 1930 की जानकारी देने के साथ साथ महिलाओं के कानूनी अधिकारों, सरकारी योजनाओं से अवगत कराकर जागरूक किया। आपात स्थिति में पुलिस सहायता पाने के लिए पुलिस कंट्रोल रूम एवं 112 की कार्यप्रणाली से बच्चों को अवगत कराते हुए सतर्क व जागरूक रहने के लिए प्रेरित किया। अनूप मिश्रा ने बेसिक की छात्राओं के लिए रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा निःशुल्क प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरूआत की। राष्ट्रीय स्तर की ताइकांडो के चैंपियन दीवा भारती तथा वर्षा गौतम ने बच्चों को आत्मरक्षा के गुर सिखाए। उन्होंने बच्चों को आत्मरक्षा के कई पेंच सिखाए जिससे वे अपनी सुरक्षा कर सकें। सब इंस्पेक्टर अनूप ने बच्चों से कई प्रश्न पूछे जिसका बच्चों ने बड़ी सहजता से सही जवाब दिया। सब इंस्पेक्टर अनूप मिश्रा तथा शिक्षिका डॉ रचना सिंह ने बच्चों को पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता की शपथ दिलाई।

# आरबीआई का सही निर्णय

भारत सरकार द्वारा जीएसटी में कटौती के बाद जो लोग यह उम्मीद कर रहे थे कि अब आरबीआई भी ब्याज दरों में कटौती करके डबल उपहार देगा, उनको आरबीआई की नयी मौद्रिक नीति से थोड़ी निराशा जरूर हुई होगी। लेकिन आरबीआई अपने फैसले दूरगामी नीतियों के तहत करता है इसलिए उसने ब्याज दरों में कोई बदलाव नहीं किया। आर्थिक वृद्धि के ऊंचे स्तरों पर पहुंचने के साथ मुद्रास्फीति नियंत्रण में रहना सभी केंद्रीय बैंकों के लिए एक खुशनुमा स्थिति होती है। हालांकि, किसी न किसी कारण से लगातार व्याप्त अनिश्चितता आधुनिक समय में केंद्रीय बैंकों के लिए परिस्थितियां चुनौतीपूर्ण बना देती हैं। अनिश्चित आर्थिक हालात और हालिया नीतिगत उपायों पर विचार करते हुए भारतीय रिजर्व बैंक की छह सदस्यीय मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) ने बुधवार को नीतिगत रेपो दर 5.5 फीसदी पर अपरिवर्तित रख कर एक तरह से उचित निर्णय लिया। कुछ लोग रेपो दर में 25 आधार अंक की कटौती की उम्मीद कर रहे थे। हालांकि, एमपीसी ने नीतिगत दरों पर अब कोई कदम उठाने से पहले हाल में किए गये नीतिगत उपायों के प्रभाव को देखे जाने तक इंतजार करने का फैसला किया। उदाहरण के लिए बॉन्ड बाजार में ब्याज दरों में कटौती का असर कमजोर



रहा है। दिलचस्प बात यह है कि एमपीसी ने अपने बयान में कहा कि मौजूदा व्यापक आर्थिक हालात और परिदृश्य ने आर्थिक वृद्धि को सहारा देने के लिए गुंजाइश बना दी है। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) आधारित मुद्रास्फीति दर हाल के महीनों में आरबीआई के अनुमानों से कम रही है। इसे देखते हुए एमपीसी ने चालू वित्त वर्ष के लिए मुद्रास्फीति अनुमान संशोधित कर 2.6 फीसदी कर दिया है, जो जून हुई बैठक में 3.7 फीसदी रहने का अनुमान व्यक्त किया गया था। चूंकि, मौद्रिक नीति भविष्य को ध्यान में रखकर तय की जाती है, इसलिए यह विचार करना महत्वपूर्ण है कि आने वाली तिमाहियों में मुद्रास्फीति किन स्तरों पर रह सकती है। गत बुधवार को जारी मौद्रिक नीति रिपोर्ट के अनुसार वित्त वर्ष 2026-27 में मुद्रास्फीति दर औसतन 4.5 फीसदी रहने का अनुमान है, जिसमें तीसरी तिमाही का आंकड़ा 5 फीसदी से ऊपर होगा। रेपो दर 5.5 फीसदी और अगले वित्त वर्ष के लिए अनुमानित मुद्रास्फीति 4.5 फीसदी रहने की स्थिति में नीतिगत गुंजाइश तभी बन सकती है जब आने वाले महीनों में मुद्रास्फीति के अनुमान काफी कम हो जायें। एमपीसी को उम्मीद है कि सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वित्त वर्ष 2026-27 में 6.6 फीसदी की दर से बढ़ेगा, जो चालू वर्ष के लिए अनुमानित 6.8 फीसदी से थोड़ा कम है। पहली तिमाही में आर्थिक वृद्धि दर उम्मीद से अधिक रहने के कारण एमपीसी ने बुधवार को चालू वर्ष के लिए जीडीपी वृद्धि दर का अनुमान 6.5 फीसदी से संशोधित कर 6.8 फीसदी कर दिया। दूसरी छमाही में वृद्धि दर धीमी रहने का अनुमान है। कुल मिलाकर, नीतिगत दरों में कटौती की गुंजाइश के संबंध में आए बयान को आने वाले समय में ब्याज दरों में कटौती का निश्चित संकेत नहीं माना जाना चाहिए। काफी कुछ इस बात पर निर्भर रहेगा कि आने वाले समय में हालात कैसे रहते हैं। मौद्रिक नीति के अलावा आरबीआई ने कई अन्य नीतिगत उपायों की घोषणा की है जिनका बैंकिंग क्षेत्र पर महत्वपूर्ण असर होगा। आरबीआई संभावित ऋण नुकसान ढांचा अपनाने के लिए एक सुनियोजित तरीका अपनाएगा जिससे बैंकों को नई व्यवस्था के अनुरूप ढलने में मदद मिलेगी। बैंकिंग नियामक ने 1 अप्रैल 2027 से प्रभावी संशोधित बेसल-3 पूंजी पर्याप्तता मानदंड लागू करने का भी प्रस्ताव रखा। इसके अलावा, आरबीआई ने जोखिम-आधारित जमा बीमा प्रीमियम शुरू करने का प्रस्ताव दिया है। इससे बैंक अपनी जोखिम प्रबंधन प्रणालियों में सुधार करने के लिए प्रोत्साहित होंगे। नियामक बैंकों और उनके समूह संस्थाओं के मिलते-जुलते कारोबारों पर प्रतिबंध भी हटा रहा है। इन उपायों से बैंकों के लिए कारोबारी विस्तार के साथ ही जोखिम प्रबंधन को और पुख्ता करने में मदद मिलेगी। फिलहाल आरबीआई की मौद्रिक नीति बहुत संतुलित है। अब ब्याज दरों में और कटौती के लिए मुद्रास्फीति और जीएसटी के नये आंकड़ों का इंतजार करना होगा।

### विचार

अगर कोई व्यक्ति दृढ़ रहता है तो उसे पतन का गम नहीं होना चाहिए। वह उठकर फिर से चल देगा।

–महर्षि अरविन्द.

सर्वसाधारण जनता की उपेक्षा ही एक बड़ा राष्ट्रीय पाप है।

–स्वामी विवेकानन्द.

शिक्षा का उद्देश्य है मन को संयम में लाना, सजाना नहीं, उसको अपनी शक्तियों का योग करना सिखाना, दूसरों के विचारों को इकट्ठा करना नहीं।

-ड्रायन एडवर्ड्स.

मस्तिष्क के लिए अध्ययन की उतनी आवश्यकता है जितनी शरीर को व्यायाम की।

-जोसेफ एडीसन.

जहां दया रहती है, वहां धर्म रहता है। जहां लोभ रहता है, वहां पाप का वास होता है। जहां क्रोध रहता है, वहां मृत्यु रहती है और जहां क्षमा रहती है, वहां भगवान रहते हैं।

–संत कबीर.

# पाकिस्तान पर इतना मेहरबान क्यों हैं ट्रंप



मनोज बाजपेयी

**ट्रंप की भारत से नाराजगी के कई कारण हैं। भारत अपने बाजार को अमरीका के डेयरी व जीएम फसलों के लिए नहीं खोल रहा है, ट्रंप के क्रिप्टो कारोबार के लिए भी भारत में जगह नहीं है। इसके साथ ही भारत ने ट्रंप की मध्यस्थता भी नहीं मानी और नोबेल के लिए नामित भी नहीं किया। इसलिए ट्रंप रूसी तेल के बहाने भारत को टारगेट कर रहे हैं।**

ट्रंप अपने पिछले कार्यकाल में पाकिस्तान के खिलाफ इस हद तक थे कि पाकिस्तान और अमरीका के बीच कूटनीतिक रिश्ते नाम-मात्र के भी नहीं बचे थे। पाकिस्तान को दी जा रही सहायता पर रोक लगाने, रक्षा सहयोग खत्म करने, आतंकियों को प्रश्रय देने वाला बताने के साथ ही ट्रंप ने अनेक बार कहा था कि पाकिस्तान हमारा पैसा भी खाता है और हमें धोखा भी देता है। इतना सब कुछ पाकिस्तान के बारे में कहने-जानने के बावजूद अचानक ट्रंप की नजरों में पाकिस्तान 'गुड ब्वॉय' कैसे बना, इसे समझने के लिए किसी बड़े रिसर्च की जरूरत नहीं है। दरअसल पाकिस्तान हमेशा डबल गेम खेलता है और इसमें वह कामयाब भी रहा है।



पहले व्हाइट हाउस में पाकिस्तानी नेताओं का फोन भी सालोंसाल नहीं उठाया जाता था। इस बात को पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान कई बार चुके हैं। उन्होंने बहुत कोशिश की बात करने की लेकिन कभी भी बाइडन ने न फोन किया और न उठाया। लेकिन अचानक पाकिस्तान इतना बड़ा कूटनीतिक एसेट अमरीका के लिए कैसे हो गया कि पाकिस्तान का सेनाध्यक्ष चार महीने में तीन बार अमरीका जाता है और दो बार ट्रंप के साथ लंच-डिनर भी करता है। इसका जवाब यह है कि पाकिस्तान अब अमरीका के लिए न सिर्फ कूटनीतिक मोहरा बन गया है बल्कि ट्रंप की निजी महत्वाकांक्षा और कारोबारी हितों को भी साध रहा है। यही कारण है कि ट्रंप पाकिस्तान के लिए रेड कॉर्पेट बिछाये रहते हैं और भारत के खिलाफ बदजुबानी करने के साथ ही ऐसे-ऐसे फैसले कर रहे हैं जिससे भारत को आर्थिक और कूटनीतिक रूप से बड़ा नुकसान उठाना पड़े।

व्हाइट हाउस में ट्रंप के निमंत्रण पर गत माह पहुंचे पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ व सेना प्रमुख आसिम मुनीर की अमेरिकी राष्ट्रपति से हुई भेंटवार्ता दुनिया के लिए किसी आश्चर्य से कम नहीं है। दोनों पक्षों की भेंट का वास्तविक कारण सार्वजनिक नहीं होने दिया गया। एकल अथवा संयुक्त रूप में भी कोई ऐसा बयान जारी नहीं हुआ, जो अकस्मात् हुई दोनों पक्षों की बातचीत का कोई ठोस उद्देश्य प्रकट कर सके। जून 2025 में भी ट्रंप ने ऐसा ही किया था। तब वे कनाडा में आयोजितजी-7 की बैठक बीच में ही छोड़कर, व्हाइट हाउस में जनरल आसिम मुनीर के स्वागत हेतु पहुंच गए थे। उस समय जी-7 में भारतीय प्रधानमंत्री मोदी का, आमंत्रित देश के प्रधान के रूप में उपस्थित होना, ट्रंप के लिए असहज हो गया था। अतः मुनीर व ट्रंप की तत्कालीन भेंट भारत के लिए अप्रत्याशित उलझन बन गई थी। अब पुनः ट्रंप का, मुनीर व शरीफ से मिलना, भारत के लिए नई कूटनीतिक समस्या उत्पन्न कर रहा है।

### विमर्श

अमरीका और पाकिस्तान के बीच कुल 80 मिनट की बातचीत हुई है, किंतु इसकी कोई सूचना मीडिया से साझा नहीं की गयी। ट्रंप के नेतृत्व में अमेरिका तथा पाकिस्तान का यह नवीन गठजोड़ अवश्य ही भारत के प्रति दोनों देशों द्वारा बनाई-अपनाई जा रही किसी न किसी दूरगामी कूटनीति का संकेत है। इसका प्राथमिक व प्रत्यक्ष संबंध, दस दिन पहले ही अमेरिकी योजना से पाकिस्तान-सऊदी अरब के मध्य संपन्न हुए रणनीतिक सुरक्षा अनुबंध से भी हो सकता है। भारत के प्रति पाकिस्तान के शत्रुतापूर्ण आचरण को देख-समझ कर भी अपने व भारत के अनेक क्षेत्रों के महत्वपूर्ण द्विपक्षीय संबंधों को 'रणनीतिक सुरक्षा अनुबंध' द्वारा नजरअंदाज करने वाले सऊदी अरब को लेकर भी अब सतर्क होने की जरूरत है। भारत ने इस अरब देश के साथ अनेक निवेश समझौतों को समीक्षा पटल पर रख दिया है। दरअसल सऊदी-पाक रक्षा करार से भारत के सामने एक असहज स्थिति उत्पन्न हो गयी है। यह स्थिति इतनी असहज है कि भारत को सऊदी के साथ अपने संबंधों पर फिर से विचार करना होगा। दरअसल भारत के साथ द्विपक्षीय कारोबार में सऊदी अरब मोटा मुनाफा कमाता है। अब अगर सऊदी अरब रक्षा करार के तहत पाकिस्तन को रक्ष साजो-सामान के लिए मदद करता है तो यह भारत के लिए बड़ा झटका होगा। एक तरह से सऊदी भारत से कमायेगा और पाकिस्तान को हथियार खरीदने के लिए मदद करेगा। इसलिए अब भारत को सऊदी के साथ भी अपने संबंधों की फिर से समीक्षा करनी होगी और अपनी कूटनीतिक और सामरिक रणनीति इस तरह से फिट करनी होगी कि पाकिस्तान, ट्रंप और सऊदी के बीच जो यह नापाक त्रिकोण बन रहा है, उसका प्रभावी काट तैयार किया जा सके।

अब यह स्पष्ट होता गया है कि ट्रंप भारत को अस्थिर करने, आर्थिक रूप से नुकसान पहुंचाने और कमजोर करने के लिए पाकिस्तानी कंधे का प्रयोग कर रहे हैं अथवा पाकिस्तान समेत अनेक मध्य-पूर्व के इस्लामी देशों की हिंदू विरोधी मानसिकता को भांपकर, अपने व अपने पारिवारिक व्यवसाय के प्रसार हेतु, ऐसे देशों की भारत विरोधी कूटनीति-राजनीति को बढ़ाने में मदद कर रहे हैं। ट्रंप के बारे में यह तो निश्चित है कि वे पहले देशों के मध्य कूटनीतिक व सैद्धांतिक युद्ध भड़काते हैं और फिर शीघ्र ही शांति, समझौते की पहल भी करते हैं ताकि इसका मूल्य, अमेरिका का और अपने परिवार का बढ़ाकर अर्जित कर सकें। इसी क्रम में वे शांति का नोबल पुरस्कार पाने की इच्छा भी पाले हुए हैं और इसके लिए ठीक वैसे ही तड़प रहे हैं जैसे पानी से बाहर आकर मछली तड़पती है। ट्रंप अपनी पारिवारिक कंपनियों के लिए अपने प्रभाव और सत्ता की शक्ति का दुरुपयोग कर मुनाफा कमाना चाहते हैं। सर्वाधिक जनसंख्या वाले भारत के साथ अमेरिकी अनुकूलता के आधार पर व्यापारिक अनुबंध न होने, चीन को अपने फायदे की शर्त पर व्यापार करने हेतु सहमत न कर पाने के कारण, अब अमेरिका और विशेषकर ट्रंप व उनके परिवारीजनों के व्यापार के लिए बड़ी जनसंख्या वाले जो बाजार हैं उनको साधना चाहते हैं। इस क्रम में बड़े देश दक्षिण एशिया में इंडोनेशिया, पाकिस्तान, बांग्लादेश आदि हैं। इसीलिए अमेरिकी शर्तों पर कुछ भी करने को सहमत होने वाले ऐसे देशों से ही अमेरिका, अमेरिकी व्यापारी तथा ट्रंप व्यावसायिक लाभ उठाना चाहते हैं।

अमेरिका ने इसे एक व्यापारिक विकल्प भी मान लिया है कि जब तक भारत, चीन तथा अन्य बड़े व अधिक जनसंख्या वाले देशों के साथ अमेरिकी व्यापारिक अनुबंध पूर्ण नहीं होते हैं, तब तक किसी न किसी व्यापार को पाकिस्तान, बांग्लादेश तथा मध्य-पूर्वी भूभाग के मुसलिम देशों में स्थापित-प्रसारित करके लाभ अर्जित किया जाये। ट्रंप की योजना पाकिस्तान में क्रिप्टो करेंसी कारोबार बढ़ाने की भी है। कतर, यूएई व सऊदी अरब की धन-संसाधन संपन्नता के कारण इन देशों में वे रियल एस्टेट व्यवसाय करना चाहते हैं। इसीलिए इन देशों के साथ अमेरिकी संबंध इन दिनों संतुलित दिखाई दे रहे हैं। ट्रंप की भारत से नाराजकी के कई कारण हैं। एक तो भारत अपने बाजार को अमरीका के डेयरी, जीएफ फसल आदि के लिए खेल नहीं रहा है। ट्रंप के क्रिप्टो कारोबार के लिए भी भारत में जगह नहीं है, भारत ने ट्रंप की मध्यस्थता भी नहीं मानी और नोबेल के लिए नामित भी नहीं किया। इसलिए ट्रंप रूसी तेल के बहाने भारत को टारगेट कर रहे हैं और पाकिस्तान को भी भारत के खिलाफ इस्तेमाल कर रहे हैं।

**(लेखक कार्यकारी संपादक हैं)**

### सोशल मीडिया



बाबा साहब अंबेडकर के संविधान में न सेक्युलर शब्द था न सोशलिस्ट था। जबकि बाबा साहब ने कहा था कि प्रस्तावना संविधान की आत्मा है। आपने आत्मा को ही कुचल दिया। सुधांशु त्रिवेदी.



टीबी मुक्ति अभियान की प्रगति की समीक्षा हेतु उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता की, टीबी मुक्त भारत सुनिश्चित करना हमरी सर्वोच्चच प्रथमिकताओं में से एक है। जेपी नड्डा.



अब भाजपाई कहेंगे कि हमारे पट्टाधारी कार्यकर्ता कट्टा नहीं तान रहे थे बल्कि रावण बनने के लिए आवेदन कर रहे थे और अपने चरित्र की उपयोगिता सिद्ध कर रहे थे। अखिलेश यादव.

# स्व का परिमार्जन

### अंतर्दृष्टि

अपने कर्म, साधना और कर्तव्य परायणता से व्यक्ति जितना अपना पारिष्कार करता है, परिमार्जन करता है, उतना ही उसका व्यक्तित्व निखरता है। जीव विज्ञान के अनुसार मनुष्य बंदर जाति का एक प्राणी माना गया है। पर उसके अंतराल में परमात्मा ने इतनी विशिष्ट शक्तियों का जखीरा भर रखा है कि उसे सृष्टि का मुकुट मणि कहा जाना बहुत अंशों में सही है। शरीर संरचना में प्रयुक्त हुए असख्यों जीवकोशों में से प्रत्येक घटक ऐसा है जो नन्हें नन्हें गोलक जैसे प्रतीत होते हुए भी असाधरण क्षमता सम्पन्न है। पदार्थ के परमाणु का वैज्ञानिक विधि से नाभिकीय विस्फोट करने पर उससे निकलने वाली प्रचण्ड ऊर्जा समूचे क्षेत्र को प्रभावित करती है। ठीक इसी प्रकार जीवकोशों को सम्मिलित शक्ति भी एक आयन मण्डल बनाती है जिसे अंग्रेजी में आरा कहते हैं और संस्कृत में तोजोवलय। यह विद्युत प्रकाश यंत्र उपकरणों से स्थलूतः तो प्रायः एक जैसा ही दिखता है। उनमें रंगों भर का अंतर पाया जाता है, किन्तु सूक्ष्म दृष्टि से देखा जाये तो उसमें रंगों का ही नहीं शक्ति का भेद भी पाया जाता है। इसमें जैव चुम्कत्व के गुण भी होते हैं। मोटे तौर से बिजली दो प्रकार की होती है। एक खींचने वाली, दूसरी धकेलने वाली। प्रकारान्तर से इसे उसका गुण कह सकते हैं। इलेक्ट्रोमैग्नेटिज्म के रूप में यह दूसरों के शरीर, मन आदि को अपनी ओर आकर्षित करती है। धक्का मारने वाली दूसरी शक्ति त्रास पहुंचाती है। यह जैव विद्युत सामने वाले को तोड़ती व पतन के गर्व में गिरा देती है। तांत्रिकों और मांत्रिकों में यही भेद होता है। वेद मंत्रों की दिव्य ध्वनियों का गुंजन मनुष्य को मोहित झंगृत, प्रसन्न और प्रफुल्लित करता है। इससे शक्ति बलिष्ठता मिलती है। जिससे वह आत्मिक प्रगति के क्षेत्र में ऊंचा उठता व आगे बढ़ता है। शक्ति के आदान प्रदान का यह क्रम मित्रों, बालकों, अभिभवकों के बीच भी चलता है, पर सबसे अधिक सामर्थ्य गुरु के शक्तिपात में होती है। जिसने तप साधना द्वारा अपने में शक्ति का भण्डार एकत्रित किया है। वह उसका अनुदान भी किसी को दे सकता है। जिसकी कमाई का आधर रोटी भर है, अपना खर्च ही मुश्किल से चला पाता है, वह क्या किसी को दे सकता है? लिया तो किसी से, कहीं से भी जा सकता है किन्तु दे पाना उन्हीं के लिए संभव है जिनके पास कुछ जमा पूंजी हो। यह जमा पूंजी अध्यात्म क्षेत्र में तप साधना संयम सेवा के आधर पर ही कमाई गयी होती है। अपने को पवित्र बनाकर, अनगढ़ से सुगढ़ बनाकर मनुष्य निरोग बनता है और पुण्य की प्रखरता से बलिष्ट बनता है। यों साधना से जप तप भी करना पड़ता है। किन्तु सबसे बड़ी बात है आत्मशोधन, स्व का परिमार्जन, परिष्कार। यह जितना अधिक गहरा बन पड़ता है, मनुष्य उतना ही गुण, कर्म, स्वभाव से शक्तिशाली होता जाता है।

# अंतिम यात्रा को बना रहे आकर्षक

### व्यंग्यलोक

देखने में आया है कि कुछ लोग बिना अस्पतालों में भर्ती हुए ही मर रहे हैं। यह अनुचित है। अन्याय पूर्ण भी है। आश्चर्यजनक है। सरकार ने इतनी मेहनत से हॉस्पिटल बनाए हैं और इनका उपयोग नहीं हो रहा है। इतने बड़े-बड़े सरकारी हॉस्पिटल बनाए हैं। इसमें काबिल डॉक्टर भी लगाए हैं ताकि वे बेवक्त स्वर्ग यात्रा कर सकें। बहुत सारे डॉक्टर इस कार्य को अंजाम देने के लिए निजी प्रैक्टिस भी कर रहे हैं, जो स्वागत योग्य है। इन्होंने रात-दिन एक करते हुए जो मारने की इतनी सुविधा दी है, वे बधाई के पात्र हैं। जिन लोगों को धूमधाम से बहुत सारा रुपया खर्च करके मरना है, उनके लिए प्राइवेट हॉस्पिटल को सात सितारे होटलों का रूप दिया है। जो पहले से ही अपनी मृत्यु बुक करा चुके हैं, उनका बुकिंग ऑर्डर भी रजिस्टर कर लिया गया है। फिर भी वे इंतजार नहीं करके समय से पहले मरने की हड़बड़ाहट कर रहे हैं, जो अच्छा नहीं है। जिन्होंने बुकिंग करा ली है, उन्हें बुकिंग के दिन ही मरना चाहिए। मरने में अफरा-तफरी मचाने पर श्मशान-कब्रिस्तान की व्यवस्थाएं गड़बड़ा गई हैं। ऐसे मरने वाले लोगों को सख्त सजा देनी चाहिए। वैसे जब से श्मशान-कब्रिस्तान की व्यवस्था निजी हाथों में दी गई है, तब से प्राइवेट लिमिटेड कंपनियां श्मशानों में अपना व्यापार चलाने लगी है। कई बार तो स्थिति ऐसी हुई कि मरने के लिए बुकिंग 20 किलो वजन वाले जातक की थी और उसी टाइम 110 किलो का जातक मर गया। इससे श्मशान मैनेजमेंट के सामने भारी समस्या आ गई। मैनेजमेंट ने जिस 20 किलो वजनी मुर्दे को फूंकने के लिए लकड़ी का इंतजाम किया और उसी समय 110 किलो का बंदा पहुंच जाए तो फिर लाश से धुआं ही उठेगा। ऑर्डर मुताबिक कब्र खोदी 4 फीट की और मुर्दा आ गया 6 फीट लंबा, तो फिर ऐसी स्थिति में कब्र का मैनेजमेंट बेचारा जाए तो कहां? आखिरी मौके पर गैंती-फावड़ा लेकर कब्र खोदे तो कहां? इसलिए सबसे निवेदन है कि वे अपनी इच्छा के अस्पताल का चयन करें। उन्हें मरने के लिए आवश्यक फीस दें। मरने का ऑर्डर बुक कराएं। श्मशान आयोग को समय पर प्रार्थना पत्र भेजें ताकि भव्य तरीके से मरा जा सके। तत्काल अंतिम क्रिया कराने वाले नीम-हकीम श्मशान घाटियों से बचना चाहिए। वरना आत्मा के मंडराने का पूर्ण खतरा बना रहेगा, जो ठीक नहीं है। कृपया नियम पूर्वक मरें। मरने के लिए नियमों का पालन ठीक से करें। कुछ लोग अवैध निजी श्मशान घाट खोलकर ऊंचे-ऊंचे दामों में अंतिम क्रिया निपटा रहे हैं, जो अपराध है। कुछ लोग फाइव स्टार सुविधाओं से युक्त एयर कंडीशंड श्मशान घाट में मुर्दा फूंकने का काम कर रहे हैं। सात सितारा श्मशान घाटों में स्विमिंग पूल, होटल, रेस्तरां, मल्टीप्लेक्स सिनेमा, शॉपिंग मॉल इत्यादि बने हुए हैं, जो अंतिम यात्रा को और ज्यादा आकर्षक बना रहे हैं।



राम विलास जॉगिड़

# ग्लोबल वार्मिंग से प्रभावित हो रहा पक्षियों का प्रजनन



### वन्य जीवन

के.पी.सिंह

ग्लोबल वार्मिंग से सिर्फ इंसान ही नहीं परेशान बल्कि धरती के सभी जीव जंतुओं पर इसका कहर टूट रहा है। सबसे बड़ा असर हाल के दिनों में पक्षियों पर देखने को मिला है। चाहे सारस हो या आर्कटिक हंस, पिछले एक दशक में न सिर्फ इनकी संख्या में भारी कमी आयी है बल्कि इनकी प्रजनन क्षमता भी बहुत कम हो गई है। अमेरिका से प्रकाशित जर्नल प्रोसीडिंग्स ऑफ द नेशनल एकेडमी ऑफ साइंसेज (पनास) में छपे एक अध्ययन के मुताबिक साल 1970 से 2019 के बीच 50 सालों में 104 पक्षियों की जिन प्रजातियों पर ग्लोबल वार्मिंग के असर का अध्ययन किया गया है, उसमें स्पष्ट हुआ है कि धरती के बढ़े तापमान के कारण पक्षियों की संख्या और उनकी प्रजनन दर पर लगातार कहर टूट रहा है।

धरती में पिछले 50 सालों में जैसे जैसे तापमान बढ़ा है, उसका असर पक्षियों की शारीरिक संरचना, उनके वजन, गुणों, आवास की जरूरतों और सबसे बड़ी बात उनके प्रजनन क्षमता और प्रजनन दर पर देखा गया है। आर्कटिक में पाये जाने वाले हंस की संख्या में पिछले 50 सालों में 93 फीसदी तक की कमी आयी है, लेकिन इसेस भी खतरनाक ट्रेंड यह है कि पहले जहां आर्कटिक हंस के जोड़े साल में कम से कम दो चूजे पैदा कर लेते थे, अब कई कई जोड़ों के बीच भी पूरे साल में एक भी चूजा नहीं पैदा हो रहा। यही नहीं उनके आकार और प्रवासन में भी बदलाव देखा गया है। चूंकि उनके आकार में 50 साल पहले के मुकाबले काफी कमी आ गई है, इसलिए उनकी प्रजनन संबंधी क्षमता और व्यवहार में भी बहुत बदलाव देखने को मिल रहा है। कुछ पक्षी ग्लोबल वार्मिंग के कारण समय से बहुत पहले ही अंडे दे देते हैं, जिसके कारण समय से पहले ही उनके तमाम अंडे बर्बाद हो जाते हैं। दूसरी तरफ बहुत बड़े पैमाने पर पक्षी समय गुजर जाने के बाद भी अंडे देना शुरू नहीं कर पाते और अंत में उनका यह चक्र गड़बड़ा जाता है। सबसे बड़ी बात यह है कि कई पक्षियों में जैसे भारत के सारस पक्षी में प्रजनन हेतु निकटता का आकर्षण काफी ज्यादा घट गया है। पक्षियों के जोड़े साथ रहते हुए भी मैथुन प्रक्रिया से नहीं गुजरते। वैज्ञानिकों ने पाया है कि उनमें मैथुन की इच्छा खत्म होती लग रही है। ग्लोबल वार्मिंग का एक और बड़ा प्रभाव पक्षियों में यह देखने को मिल रहा है कि कार्बन डाइ ऑक्साइड, मीथेन, नाइट्रेस ऑक्साइड और सीएसफसी गैसों के बढ़ते उत्सर्जन के कारण उनमें बहुत अनदेखी किस्म की अपंगता बढ़ रही है। जिसके कारण उनकी उम्र भी घट रही है, स्वास्थ्य भी बिगड़ रहा है और प्रजनन दर भी प्रभावित हो रही है।

वैज्ञानिकों का कहना है कि अगर समय रहते ग्लोबल वार्मिंग पर काबू नहीं पाया गया तो इंसानों से पहले कम से कम जीव जंतुओं की कई हजार प्रजातियां लुप्त हो जाएंगी। संयुक्त राज्य अमेरिका की विज्ञान अकादमी से निकलने वाला जर्नल पनास सालों से विभिन्न सरकारों को इस समस्या की तरफ ध्यान खींच रहा है, लेकिन बड़ी बड़ी बातों के बावजूद भी ग्लोबल वार्मिंग को रोकने में कोई निर्णायक सफलता नहीं मिल रही। क्योंकि हर देश खुद से नहीं दूसरे से पहल करने का इंतजार कर रहा है। पक्षियों पर ग्लोबल वार्मिंग के असर हेतु पनास ने जो बड़ी रिसर्च की है, उससे पता चलता है कि पक्षियों की कोई एक दो नहीं बल्कि जिन 104 प्रजातियों के प्रजनन पर ग्लोबल वार्मिंग के असर का अध्ययन किया गया था, उसमें आधे से ज्यादा 56.7 फीसदी पक्षियों की प्रजनन दर में भारी गिरावट दर्ज की गई है। यहां तक कि जिन पक्षियों के लगातार कम होते जाने या लुप्त होने की तरफ बढ़ते होने को जाना नहीं जा पा रहा था, उन पर भी ग्लोबल वार्मिंग का यह असर देखा गया है। वैज्ञानिकों ने पक्षियों के 15 से 49 प्रजनन सीजन की जांच की है और पाया है कि सीजन दर सीजन उन पर इसका दुष्प्रभाव बढ़ते देखा गया है। सबसे ज्यादा असर अमेरिकी पक्षी मोटागु हैरियर और वाइट स्टॉर्क पर देखा गया है। वाइट स्टॉर्क दरअसल सफेद सारस है और यह भारतीय सारस प्रजाति का ही पक्षी है। इसकी पूंछ काली और लंबी तथा कुछ घुमावदार होती है। साथ ही यह सफेद और हल्के पीले सारस से कुछ बड़ा होता है। इसे जंगल ड्रेगन भी कहते हैं। इसकी प्रजनन क्षमता पर सबसे ज्यादा ग्लोबल वार्मिंग का असर देखा गया है। भारत के दाढ़ी वाले गिद्धों पर भी यह प्रभाव देखने को मिला है। हाल के सालों में उनकी जिस तेजी से संख्या घटी है, अब समझ में आ रहा है कि उसके पीछे ग्लोबल वार्मिंग एक बड़ा कारण है।

## आप की बात

### गरीबों का सशक्तीकरण

शहरी गरीबों को घर उपलब्ध कराने के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना एक ऐसा मिशन बन गयी है जिसे आवास एजेंसियां अगर ईमनदारी से लागू करें तो वास्तव में अगले कुछ वर्षों में सबको आवास का सपना साकार हो सकता है। गरीबों को घर मिलने से उनका सशक्तीकरण होगा। प्रदेश में इस साल करीब डेढ़ लाख आवास इस योजना के तहत बनाने का फैसला किया गया है। अगर सरकार इस योजना के तहत गरीबों को आवास देने में सफल होती है तो बहुत बड़ी उपलब्धि होगी। वैसे इस योजना के तहत जो सरकारी एजेंसियां घर बनाती हैं उसमें करीब ढाई लाख रुपये की छूट मिल जाती है और इससे गरीबों को बहुत फायदा होता है। प्रधानमंत्री आवास योजना में शहरी क्षेत्रों में एक करोड़ एवं ग्रामीण क्षेत्रों में दो करोड़ नये घर बनाकर सरकार सबको घर उत्पलब्ध कराना चाहती है, लेकिन आवास विकास करने वाली एजेंसियों की कार्यप्रणाली इतनी सुस्त रही है कि इनके बलपर गरीबों को आवास मिलना बहुत चुनौतीपूर्ण रहा है। पीएम आवास योजना पूरे देश में अपने लक्ष्य से बहुत पीछे चल रही है। उत्तर प्रदेश में आवास विकास, सूडा व विकास प्राधिकरणों की कार्यप्रणाली में इतनी लचरता है कि पात्रों के चयन से लेकर घर बनाने और गरीबों को देने में इतना विलंब होता है कि कई बार बने हुए घर पजीशन देते-देते जर्जर स्थिति में आ जाते हैं। एक-एक प्रोजेक्ट पांच-पांच, छह-छह साल तक निर्माणाधीन स्थिति में पड़े रहते हैं।

यह स्थिति अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। वह भी तब जब निर्माण गतिविधियों से रोजगार में भारी वृद्धि होती है और अर्थव्यवस्था को भी बल मिलता है तब हाउसिंग प्रोजेक्ट में इतनी देरी समझ से परे है। घरों के निर्माण में इतनी ही देरी होती रही तो लक्ष्य प्राप्त करना असंभव है। अगर प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत देश में हर साल 50 लाख घरों का निर्माण होता रहे तो अगले चार-पांच साल में सभी को घर मिल सकता है। उत्तर प्रदेश में फिलहाल हाल के वर्षों में इस योजना काम तेज हुआ है और लाखों गरीबों को घर मिला है। यह अच्छी बात है लेकिन जिस तरह से सरकारी एजेंसियों नेकी कार्यप्रणाली है उससे लोगों को निराश होना पड़ता है।

**आशीष कुमार वर्मा, लखनऊ.**

### सरकारी अस्पतालों में भीड़

प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर चाहे जितने दावे किये जायें, लेकिन हकीकत यह है कि प्राथमिक, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों से लेकर जिला अस्पतालों तक में लोगों को ठीक से इलाज नहीं मिल पाता है। इसके कारण ही लोगों को लखनऊ तक दौड़ भाग करनी पड़ती है। अगर स्वास्थ्य सेवा के शुरुआती चरण में बेहतर इलाज का इंतजाम हो जाये तो राजधानी में लोग इलाज के लिए भटकते नहीं मिलेंगे। लेकिन जिस तरह से अस्पतालों में भीड़ उमड़ती है उससे स्पष्ट है कि प्राथमिक स्तर पर चिकित्सा सेवा पूरी तरह बदहाल हो चुकी है। सरकारी अस्पतालों की दुर्दश का आलम यह है कि यहां अधिकांश मरीजों को बिना उचित इलाज के ही लौटना पड़ता है। सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवा के नेटवर्क में जिला स्तर पर जिला अस्पताल, तहसीलों में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं ब्लाक स्तर पर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र संचालित हैं, लेकिन इन प्राथमिक स्तर पर चिकित्सा सेवाओं की बदहाली के कारण प्रायः बड़े अस्पतालों में जहां गंभीर मरीजों का इलाज होना चाहिए वहां छोटी-मोटी बीमारियों का इलाज कराने के लिए मरीजों का रेला उमड़ता रहता है। इससे बड़े अस्पतालों में साधारण मरीजों का ही इतना भार रहता है कि ठीक से इलाज मुश्किल हो जाता है। प्राइवेट चिकित्सा सेवा इतनी महंगी है कि यहां कोई फीस ही तय नहीं है। यहां इलाज कराना आम आदमी के हैसियत की बात नहीं है। प्राइवेट अस्पतालों में अगर वाजिब भुगतान पर इलाज मिलता तो निश्चित रूप से बहुत से मरीज जो इलाज के लिए पूरी तरह सरकारी स्वास्थ्य सेवा पर निर्भर हैं।

**प्रेम कुमार सिंह, लखनऊ.**

संक्षेप

## बिजली व्यवस्था बेपटरी हुईः कनकलता

**बरहज,देवरिया।** जनपद सहित ग्रामीण इलाकों में बिजली व्यवस्था बेपटरी होने से जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है।

भाजपा सरकार के सभी दावें झूठे साबित हो रहा है। शीघ्र बिजली व्यवस्था में सुधार कर आपूर्ति बहाल नहीं हुई तो समाजवादी पार्टी चुप नही बैठेगी।

उक्त बाते पूर्व राज्य सभा सांसद सपा के वरिष्ठ नेता कनकलता सिंह ने प्रेस विज्ञप्ति में व्यक्त किया है। उन्होने कहा है कि भाजपा सरकार शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में 20 से 22 घंटे बिजली आपूर्ति देने का ढिढोरा पीट रही है।

लेकिन सच्चाई कुछ और ही है। पिछले 48 घंटे से बिजली आपूर्ति ठप है। सरकारी मशीनरी के पास कोई जबाव नहीं है।

जनता त्रस्त है। उन्होने कहाकि वारिश और तेज हवा के कारण पेड़ गिरे है। वर्तमान समय मे भाजपा का दूसरा कार्यकाल है। संसाधन की कमी के कारण बिजली व्यवस्था बहाल नहीं हो पाई है।

हवा और वारिश के कारण किसानों की फसल खेतों में गिर गई है। सरकार क्षति का आकलन कराकर किसानों को मुआवजा देने की मांग सरकार से की है।

# कृषि क्षेत्र में सशक्त बनने से साकार होगा विकसित भारत का सपनाः राज्यपाल

जिला संवाददाता



**अयोध्या।** आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के 27वें दीक्षांत समारोह की अध्यक्षता करते हुए प्रदेश की कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल ने अपने उद्बोधन में कहा कि प्रधानमंत्री मोदी द्वारा कृषि क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी व आत्मनिर्भरता के लिए ड्रोन दीदी योजना की शुरूआत की गई है। देशभर में महिलाओं को ड्रोन से दवा छिड़काव, फसलों की निगरानी के लिए प्रशिक्षित किया जा रहा है।

आज महिलाएं नवाचार को अपनाकर कृषि के क्षेत्र में एक नई पहचान बना रही हैं। कुलाधिपति ने कहा कि हमारा देश गरीब है और सबके पास हुनर है लेकिन इसका उपयोग कोई नहीं करता है। कई वर्षों से महिलाएं अपने घर का कार्य करने के बाद बाहर निकलती हैं, सीखती हैं, बनाती हैं और बाजारों तक पहुंचाती हैं।

महिलाओं दवारा उत्कृष्ट कार्यों के लिए भी आज महिलाओं का सम्मान हुआ है। उन्होंने कहा कि कृषि क्षेत्र में महिलाओं को जोड़ने से एक बड़ा फायदा होता है और बच्चे कुपोषण से मुक्त होते हैं। यह पहला कृषि विश्वविद्यालय है जिसको नैक में ए प्लस प्लस प्राप्त हुआ है। कुलाधिपति ने विवि के कुलपति व शिक्षकों को बधाई दी। उन्होंने एन.आई.आर.एफ रैंकिंग में कृषि विवि के शामिल होने पर प्रशन्नता जताई। कहा कि कृषि विवि को वर्ड रैंकिंग के लिए तैयारी करनी होगी।

हमारे देश के किसान एवं वैज्ञानिक देश एवं विदेशों में जाकर मार्गदर्शन करें। राज्यपाल ने कहा कि विकसित भारत का सपना तभी सफल होगा जब कृषि के क्षेत्र में भारत सशक्त बनेगा। किसानों की आय बढ़ाने एवं उचित मूल्य दिलाने का हमेशा प्रयास करना होगा। विवि की विकसित 200 प्रजातियां केवल अन्य के दाने नहीं है बल्कि आत्मनिर्भर भारत से स्वप्न को साकार करने वाली बीज है। वर्तमान समय में किसानों को जैविक पद्धति से खेती करने की जरूरत है। भारत दूध का सबसे बड़ा उत्पादक देश है। बाजरे के पैदावार में हमारा देश विश्व में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। चावल और गेहूं के पैदावार में हम दूसरे नंबर पर हैं। कुलाधिपति ने कहा कि कृषि के क्षेत्र में सभी के लिए अपार संभावनाएं हैं।

कार्यक्रम के शुभारंभ से पूर्व कुलाधिपति आनंदी बेन पटेल ने आचार्य नरेंद्र देव की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। कार्यक्रम का शुभारंभ सभी अतिथियों ने राष्ट्रगान, विश्वविद्यालय कुलगीत से हुआ। कुलपति ने सभी अतिथियों को पौधे भेंटकर उनका स्वागत किया। पर्यावरण एवं जल संरक्षण विषय पर पर गोद लिए गांव के बच्चों ने भाषण एवं गीत प्रस्तुत किया। कुलपति ने सभी अतिथियों को स्मृति चिह्न भेंटकर सम्मानित किया। मंच का संचालन डा. सीताराम मिश्रा ने किया। इस मौके पर प्रबंधन परिषद के सदस्य, कमिश्नर अयोध्या, जिलाधिकारी सुल्तानपुर, जिलाधिकारी अयोध्या, विश्वविद्यालय के समस्त अधिष्ठाता, निदेशक, विभागाध्यक्ष एवं पदक एवं उपाधि प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

# राजन शुक्ला समाजवादी लोहिया वाहिनी के राष्ट्रीय सचिव नियुक्त

जिला संवाददाता

**कुशीनगर।** समाजवादी पार्टी के युवा मोर्चा समाजवादी लोहिया वाहिनी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी में जिले से एक नई आवाज को बड़ी जिम्मेदारी मिली है। जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि राजन शुक्ला को समाजवादी लोहिया वाहिनी के राष्ट्रीय सचिव पद पर नामित किया गया है। यह नियुक्ति वाहिनी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अभिषेक यादव द्वारा की गई है। अपनी नियुक्ति पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए राजन शुक्ला ने कहा कि समाजवादी पार्टी ने जो भरोसा मुझ पर जताया है, मैं उस पर खरा उतरने का हरसंभव प्रयास करूंगा। राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अखिलेश यादव के नेतृत्व में देश और प्रदेश में सामाजिक न्याय की जो लड़ाई लड़ी जा रही है, उसमें युवाओं की भागीदारी सबसे अहम है। मैं युवाओं को जोड़ने और संगठन को जमीनी स्तर तक मजबूत करने के लिए पूरी ताकत झोंक दूंगा।

- अखिलेश यादव के नेतृत्व में जिम्मेदारी को निभाऊंगाः राजन शुक्ला

शुक्ला ने यह भी कहा कि वह अपने दायित्व को केवल पद नहीं, बल्कि एक आंदोलन के रूप में देख रहे हैं और पार्टी की नीतियों को हर तबके तक पहुंचाने का संकल्प लेते हैं। राजन शुक्ला को राष्ट्रीय सचिव बनाए जाने पर समाजवादी पार्टी कार्यकर्ताओं और समर्थकों में जबरदस्त उत्साह है। सपा जिलाध्यक्ष राम अवध यादव, पूर्व मंत्री राधेश्याम सिंह, पूर्व विधायक डा पीके राय,मु.इलियास अंसारी,पं.अजय शुक्ला ,वरिष्ठ नेता मधुरश्याम



राय,राजेश प्रताप राव 'बंटी', संतोष तिवारी,विधानसभा अध्यक्ष विजय यादव, चंद्रजीत यादव, समसुल हक मंसूरी, कामरान अंसारी, मारकंडे त्रिपाठी, निरंजन सिंह समेत तमाम समाजवादी नेताओं ने हर्ष जताते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी हैं।

## रोटी बैंक ने ग्रामीणों को बांटा जरूरत का सामान



**बांदा।** रोटी बैंक टीम ने ग्राम भरखरी में जरूरतमंद लोगों को कपड़े, किताबें, जूते, चप्पल, घड़ी, पर्स का वितरण किया। सोसाइटी के संरक्षक शेख सादी जमा, सहसंरक्षक चन्द्रमौली भारद्वाज के संरक्षण, संगठन मंत्री सुनील सक्सेना की अध्यक्षता, शाखा प्रमुख खुटला महेंद्र पाल के नेतृत्व, समाजसेवी विकास पाल, लाला भाई के सहयोग से लोगों को कपड़े, किताबें, जूते चप्पल, पर्स, घड़ी व अन्य जरूरत का सामान वितरित किया गया। सोसाइटी के संस्थापक, राष्ट्रीय अध्यक्ष रिजवान अली और सदस्य निहाल खान ने ग्रामीणों को सर्पदंश, स्वास्थ्य तथा उनके कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक किया। कपड़े, किताबें, जूते चप्पल, पर्स, घड़ी पाकर ग्रामवासियों में खुशी दिखाई दी और उन्होने टीम को को दुआएं एवं आशीर्वाद दिया। इस दौरान उपाध्यक्ष मोहम्मद सलीम, सचिव मोहम्मद इदरीश, कार्यालय प्रभारी मोहम्मद शमीम, महिला उपाध्यक्ष तरन्नुम फात्मा, महिला महामंत्री रिया खान, उप शाखा प्रमुख छिप्टहरी अलीमुद्दीन, सदस्य निहाल खान, शहाना खान, जगदीश श्रीवास, अनम खान आदि पदाधिकारी, सदस्य एवं समाजसेवी मौजूद रहे।

## मोमोज वाले से लूट के 2 आरोपी गिरफ्तार

**बांदा।** थाना कोतवाली देहात पुलिस ने लूट के मामले में वांछित 2 आरोपियों को घटना के 12 घण्टे के अन्दर गिरफ्तार कर लिया। बताते चलें कि बीती देर रात थाना कोतवाली देहात में सत्यम निवासी भज्जू का पुरवा ने प्रार्थना पत्र देकर बताया कि आरटीओ चैराहा गुरेह के पास उसकी मोमोज की दुकान है और दो परिचित व्यक्ति आकाश और राहुल अक्सर उसकी दुकान आते थे। दोनो शाम को उसकी दुकान आए और गाली-गलौज करते हुए मोटरसाइकिल में बैठाकर कृषि विश्वविद्यालय की ओर ले गए तथा उससे 2 एंड्रायड मोबाइल फोन व 325 रुपये नकद लूट लिए। सूचना पर तत्काल अभियोग पंजीकृत करते हुए आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे थे। पुलिस ने सूचना पर रविवार सुबह दोनों आरोपियों आकाश पुत्र भरत प्रसाद निवासी भज्जू का पुरवा गुरेह थाना कोतवाली देहात हाल पता आजाद नगर थाना कोतवाली नगर व राहुल पुत्र राजेन्द्र प्रसाद निवासी ग्राम देवरथा थाना बबेरू को ग्राम जारी के पास बुंदेलखण्ड एक्सप्रेस-वे से गिरफ्तार कर लिया है। उनके पास से लूटा गया सारा सामान, घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल व अवैध तमंचा, कारतूस बरामद हुआ है। गिरफ्तारी करने वाली टीम में थानाध्यक्ष चन्द्र प्रकाश तिवारी, उप निरीक्षक शिववीर सिंह, कृष्ण कुमार तिवारी, कांस्टेबल शिवम सिंह, राहुल कुमार व अनमोल गौतम रहे।

## जिला जज को दी गयी भावभीनी विदाई

**बांदा।** न्यायमूर्ति उच्च न्यायालय इलाहाबाद देवेंद्र सिंह प्रथम के सम्मान में न्यायालय परिसर स्थित जिला जज आवास पर विदाई समारोह का आयोजन



हुआ। देवेंद्र सिंह ने न्यायमूर्ति पद से पूर्व लगभग 5 माह तक जिले में जिला एवं सत्र न्यायाधीश के पद पर सेवाएँ प्रदान कीं। इस कार्यकाल के दौरान उनकी सरलता, सौम्यता, मृदुभाषिता एवं कर्मनिष्ठा सभी के लिए प्रेरणास्त्रोत रही। न्यायाधीश देवेन्द्र सिंह को गार्ड ऑफ ऑनर प्रदान किया गया। कर्मचारियों ने माल्यार्पण कर उनका आशीर्वाद लिया और उनके उज्जवल भविष्य की करते हुए उन्हें भावभीनी विदाई दी। इस दौरान रोआब आलम, अभिलेख अधीक्षक, मनोज कुमार जैन, जितेंद्र कुमार, सौमित्र श्रीवास्तव व अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

## गैस टैंकर नदी में अनियंत्रित होकर पलटने से चालक-परिचालक की मौत

**बिजनौर।** लिक्विड कार्बन डाइऑक्साइड से भरा एक टैंकर अनियंत्रित होकर पुलिया तोडकर नचना नदी में जा गिरा। टैंकर पलटने से चालक-परिचालक की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। जानकारी के अनुसार थाना अफजलगढ़ क्षेत्र के मेघपुर मोड़ पर रविवार की तडके लगभग ढाई बजे लिक्विड कार्बन डाइऑक्साइड से भरा टैंकर पुलिया को तोड़ता हुआ नचना नदी में जा पलटा। दुर्घटना इतनी भीषण थी कि टैंकर पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे में टैंकर चालक सतपाल ( 35 वर्ष ) पुत्र रामपाल व परिचालक रोबिन ( 32 वर्ष ) पुत्र इंद्रपाल निवासीगढ ग्राम पीपली नायक थाना टांडा जनपद रामपुर की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की की सूचना मिलते ही थाना अफजलगढ़ पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और राहत-बचाव कार्य शुरू कराया। पुलिस ने जेसीबी और क्रेन की मदद से टैंकर को बाहर निकालने की कोशिश शुरू की। पुलिस द्वारा रात में ही दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए बिजनौर जिला अस्पताल भेज दिया गया है।

# नगर पालिका उपचुनाव, प्रत्याशियों सहित मतदाताओं में जोश

**ललितपुर।** नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष के निधन उपरांत रिक्त हुई सीट पर उपचुनाव हो रहा है। इस उपचुनाव में भारतीय जनता पार्टी एवं समाजवादी पार्टी द्वारा अपने अधिकृत प्रत्याशी खड़े किये हैं। चुनाव जीतने के लिए दोनों ही दलों के नेताओं, कार्यकताओं ने अपना पूरा जोर लगाना शुरू कर दिया है। नाम वापिसी के बाद से ही सक्रिय रूप से भाजपा एवं सपा नगर के प्रत्येक क्षेत्र एवं गलियों में घूम-घूमकर अपने प्रत्याशियों के पक्ष में मत देने की अपील कर रहे हैं, तो वहीं दोनों ही दलों के प्रत्याशी जिसमें भाजपा से सोनाली जैन जो कि पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष की बहू भी हैं, एवं समाजवादी पार्टी की प्रत्याशी नीलम आशीष चौबे सक्रिय रूप से नगर में जनसंपर्क में उतर चुकी हैं। भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में प्रदेश के राज्यमंत्री मनोहर लाल कोरी से लेकर भाजपा जिलाध्यक्ष, विधायक

- आज से होंगे मतदान एवं मतगणना कार्मिकों के प्रषिक्षण
- 15 अक्टूबर को मतदान एवं 17 अक्टूबर को होगी मतगणना

सदर, जिला पंचायत अध्यक्ष सक्रिय रूप से जनता के बीच जाकर विकास का वायदा करते नजर आ रहे हैं, तो वहीं सपा की प्रत्याशी के पक्ष में सपा जिलाध्यक्ष से लेकर कई वरिष्ठ सपाई रात-दिन जनता के समक्ष नगर में व्याप्त समस्याओं, विकास कार्यों की अनदेखी को उठाते हुये अपने पक्ष में मत करने की अपील करते हुये विकास का वायदा जनता से कर रहे हैं। फिलहाल दोनों ही प्रत्याशियों का दबदबा देखने को मिल रहा है।

राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी अधिसूचना एवं निर्वाचन कार्यक्रम के तहत आज सोमवार से चुनाव में नियुक्त मतदान एवं मतगणना कार्मिकों का प्रशिक्षण कराया जा रहा है। कार्यक्रम के तहत सोमवार 6 अक्टूबर को कल्याण सिंह सभागार में पूर्वान्ह 11 बजे से समाप्ति तक पीठासीन अधिकारी एवं मतदान अधिकारी प्रथम का प्रशिक्षण कराया जायेगा। तदोपरांत 11 अक्टूबर को पीठासीन अधिकारी तथा मतदान अधिकारी प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय का प्रशिक्षण सुबह 10 बजे से अपरान्ह 1 बजे तक एवं द्वितीय पाली में अपरान्ह 2 बजे से सांय 5 बजे तक कराया जायेगा। 9 अक्टूबर को मतगणना पर्यवेक्षक तथा मतगणना सहायक प्रथम एवं द्वितीय का प्रशिक्षण पूर्वान्ह 11 बजे से एवं 13 अक्टूबर को मतगणना पर्यवेक्षक एवं मतगणना प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय का प्रशिक्षण पूर्वान्ह 11 बजे से समाप्ति तक कराया जायेगा। आपको बता दें कि 15 अक्टूबर को उपचुनाव का मतदान कराया जायेगा एवं 17 अक्टूबर को मतगणना की जायेगी

## वन विभाग के पिंजरे में कैद गुलदार होने से ग्रामीणों ने राहत की सांस ली



**नगीना, बिजनौर।** ग्रामीणों की मांग पर वन विभाग द्वारा लगाए गए पिजरे में गुलदार के बंद होने से ग्रामीणों व वन विभाग कर्मियों ने राहत की सांस ली। पकड़े गए गुलदार को देखने को आस-पास के क्षेत्रों के ग्रामीणों का तांता लग गया। जानकारी के अनुसार पिछले काफी समय से पूरे जनपद में गुलदार का आंतक जारी है और गुलदार अब तक जनपदभर में लगभग तीन दर्जन लोगों को अपना निवाला बना चुका है। दहशतजदा ग्रामीणा की मांग पर नगीना थाना क्षेत्र के ग्राम बेगमपुर चायमल उर्फ धीमारेड़ी में वन विभाग की टीम को एक बड़ी सफलता हांसिल हुई है। वन विभाग द्वारा लगाए गए पिंजरे में बीती रात एक नर गुलदार पिंजरे में कैद हो गया है। बताया जाता है कि गुलदार को पकड़ने के लिए वन विभाग ने पिछले कई दिनों से प्रयास तेज कर दिए थे। पिंजरे में कैद हुए गुलदार को देखने के लिए आस-पास के क्षेत्रों के लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई और गुलदार को देखकर लोगों ने राहत की सांस ली है। वन विभाग के अनुसार उच्चाधिकारियों के निर्देश पर पकडे गए गुलदार को सुरक्षित स्थान पर भेज दिया गया है।

# धरातल पर जाकर डीएम ने स्वयं देखीं जलभराव की समस्याएं



**ललितपुर।** नगर के आजादपुरा सहित अन्य कई क्षेत्रों में जलभराव व साफ सफाई की व्यवस्था चौपह है। ऐसे में अब डीएम को स्वयं उतरकर समस्याओं का जायजा लेना पड़ रहा है, और संबंधितों को सख्त निर्देश देने पड़ रहे हैं। रविवार को जिलाधिकारी अमनदीप डुली व उप जिलाधिकारी सदर, प्रशासक मनीष कुमार द्वारा शहर के मोहल्ला आजादपुरा तृतीय वार्ड नंबर 12 के दम्मू कुआं के पीछे वाली गली में जल भराव की समस्या एवं साफ सफाई की समस्या के निराकरण के लिए औचक निरीक्षण किया गया।

इस दौरान मोहल्लेवासियों द्वारा बताया गया है कि इस क्षेत्र में जल भराव की समस्या लंबे समय से बनी हुई है, विशेषकर बरसात के मौसम में बारिश से गलियां पानी से सराबोर हो जाती है, जिससे मोहल्लेवासियों का निकलना दूभर हो जाता है। जल भराव की समस्या को देखते हुए जिलाधिकारी द्वारा नगर पालिका की अवर अभियंता को तत्काल मौके पर बुलाकर पम्पिंग सेट रखकर जल भराव की समस्या का निराकरण कराते हुए अवर अभियंता को निर्देश दिये कि इस मोहल्ले में जल निकासी की समस्या को दूर कराने एवं सड़क के दोनों तरफ नालियों को बनाने के लिए कार्य योजना तैयार की जाये, जिससे कि इस समस्या का स्थाई निराकरण हो सके। जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि विशेष अभियान चलाकर टीमों को लगाते हुए साफ सफाई कराई जाए, प्रतिदिन दलेल लगाई जाए, जिससे कि साफ सफाई व्यवस्था दुरूस्त हो सके व गली में जल भराव की समस्या उत्पन्न न हो। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने पाया कि जगह जगह विद्युत तार लटक रहे है, मोहल्ले में विद्युत पोल न होने से यह समस्या उत्पन्न हो रही है।

## ट्रैफिक पुलिस ने हादसे में कमी लाने का चलाअभियान

**बहराइच।** सड़क सुरक्षा के दृष्टिगत व सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के दृष्टिगत यातायात पुलिस द्वारा की गयी प्रभावी कार्यवाही। शासन के निर्देशानुसार सड़क दुर्घटनाओं एवं उनसे होने वाली मृत्यु की संख्या में 50% की कमी लाए जाने के उद्देश्य से यातायात पुलिस बहराइच द्वारा जनपद में लगातार प्रभावी कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में दिनांक लखनऊ - बहराइच राजमार्ग पर तेज गति से वाहन चलाने वालों के विरुद्ध विशेष अभियान संचालित किया गया। अभियान के दौरान स्पीड राडार यंत्र द्वारा वाहनों की गति की जाँच की गई। निर्धारित गति सीमा से अधिक गति से वाहन चलाते पाए गए कुल 26 वाहनों के विरुद्ध नियमानुसार चालान की कार्यवाही की गई तथा उन पर कुल ?52,000/- रुपये का अर्थदंड अधिरोपित किया गया यातायात पुलिस बहराइच आमजन से पुनः अपील भी की गयी कि वाहन चलाते समय निर्धारित गति सीमा एवं यातायात नियमों का पालन करें, सड़क सुरक्षा सभी की जिम्मेदारी है तथा नियमों का पालन कर सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सकती है।

## जिलाध्यक्ष भाजपा बृजेश पांडे ने मृत बच्चों के परिजनों से की मुलाकात



**बहराइच।** थाना रामगांव क्षेत्र के टेपरा गांव में हुई दर्दनाक घटना को लेकर आज जिला अध्यक्ष भाजपा बृजेश पांडे ने टेपरा गांव जाकर मृतक बच्चों के परिजन से मुलाकात किया तथा उनको शीघ्र न्याय दिलाने का आश्वासन दिया। तथा इस अवसर पर आक्रोशित गांव वासी से मिलकर उनको ढाढस बधाया और कहा कि घटना का जांच करके शीघ्र न्याय दिलाया जाएगा ।इस घटना को मुख्यमंत्री जी ने संज्ञान लिया है ।इस घटना के सम्बन्ध में पुलिस अधिकारियों से वातार्कार जांच कर शीघ्र इस घटना का पदार्फाश करने को निर्देश दिया। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष रणविजय सिंह सुषमा चौधरी जिला मंत्री हेमा निगम सुनील श्रीवास्तव मंडल अध्यक्ष राम गांव बृजेश निषाद मंडल अध्यक्ष प्रथम व द्वितीय अमित शर्मा सतीश सिंह रामकृपाल मिश्रा राजीव सिंह सभासद प्रभात शुक्ला सहित गांव वासी उपस्थित रहे।

## मुंबई से घर लौट रहे कारोबारी का रुपये और सामान से भरा बैग ट्रेन से गायब

**नगीना, बिजनौर।** सफर पूरा कर मुंबई से अपने घर को आ रहे युवा कारोबारी का मथुरा और दिल्ली के बीच ट्रेन में से कीमती सामान से भरा ट्रॉली बैग गायब हो गया। गायब बैग में हजारों रुपए की नकद धनराशि के साथ साथ कई जरूरी सरो सामान मौजूद था। घटना की तहरीर पीड़ित ने पुलिस को दे दी है।

जानकारी के अनुसार कोतवाली देहात के गांव पित्तनहैडी जिया निवासी कारोबारी मोहम्मद अरबाज अंसारी मुंबई के जोगेश्वरी में स्थित बांद्रा प्लांट में थोक की दुकान चलाता है। अरबाज मुंबई से अपने घर आने के लिए गुरुवार को सरो सामान के साथ एक्सप्रेस ट्रेन में सवार हुआ था।

बताया जाता है कि मथुरा और दिल्ली के बीच उसका ट्रॉली बैग ट्रेन में से गायब हो गया। ट्रॉली बैग में 61800 रुपए की नकद धनराशि, एक मोबाईल फोन ओप्पो, आधार कार्ड, पैन कार्ड, कारोबार से सम्बंधित बिल, नये व पुराने कपड़े सहित एक लाख रुपए से ऊपर का सामान था। पीड़ित अरबाज ने घटना की तहरीर पुलिस को सौंपकर अपना कीमती सामान सकुशल बरामद करने की मांग की है।

## विश्व हिन्दू महासंघ की बैठक धर्म, सेवा और संगठन विस्तार पर हुई चर्चा

**देवरिया।** विश्व हिन्दू महासंघ की बैठक सोमनाथ मंदिर के प्रांगण में हुई। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष संजय तिवारी तथा संचालन जिला मीडिया प्रभारी गुड्डू पहलवान ने किया। बैठक में संगठन विस्तार, गौ-सेवा, नारी सम्मान, धार्मिक एकता एवं सामाजिक समरसता जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। जिला प्रभारी सुभाष तिवारी ने कहा कि विश्व हिन्दू महासंघ धर्म, संस्कृति और राष्ट्र की रक्षा के लिए कार्यरत एक सशक्त संगठन है। जो समाज में सेवा और संस्कार की भावना को सशक्त बना रहा है।

जिला अध्यक्ष संजय तिवारी ने कहा कि संगठन के कार्यकर्ताओं को गांव-गांव जाकर हिन्दू समाज में जागरूकता फैलानी होगी और आने वाले आयोजनों की तैयारी में जुटना होगा। उन्होंने कहा कि जब हिन्दू संगठित होगा तभी राष्ट्र सशक्त होगा ।बैठक में निर्णय लिया गया कि आगामी माह में धर्म जागरण अभियान, वृक्षारोपण कार्यक्रम, एवं सेवा शिविरों का आयोजन किया जाएगा ।कार्यक्रम में राजेश मिश्र, मनोज मिश्र, संदीप विश्वकर्मा, सहित संगठन के अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## हमले में घायल मरीजों की जानी कुशलक्षेम



**बहराइच ।** राज्य मंत्री (स्वतन्त्र प्रभार), वन, पर्यावरण, जन्तु उद्यान एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, उ.प्र. डॉ. अरूण कुमार ने वन्यजीव प्रभावित क्षेत्र के भ्रमण के पश्चात महर्षि बालार्क चिकित्सालय पहुंचकर एम.एल.सी. डॉ. प्रज्ञा त्रिपाठी, प्रमुख सचिव, पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग अनिल कुमार, प्रधान मुख्य वन संरक्षक वन्यजीव, श्रीमती अनुराधा वेमुरी, मुख्य वन संरक्षक मध्य क्षेत्र रेणु सिंह, वन संरक्षक देवीपाटन वृत्त सेम्मारन, जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी, पुलिस अधीक्षक रामनयन सिंह व प्रभागीय वनाधिकारी डॉ. राम सिंह यादव के साथ वन्यजीवों से प्रभावित आइसोलेशन वार्ड में भर्ती वन्यजीव हमले में घायल राम कुमार पुत्र परदेसी आयु 40 वर्ष व सुशीला पुत्र गोपाल आयु 21 वर्ष, नि. कटिया रामगांव को फलों की टोकरी करते हुए कुशल क्षेम पूछा तथा शीघ्र स्वास्थ्य लाभ होने की कामना की। मा. मंत्री डॉ. कुमार ने मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. एम.एम.एम. त्रिपाठी को निर्देश दिया कि वन्यजीव हमले में घायल मरीजों को बेहतर से बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करायी जाय।

# संघ के 100 वर्ष पूरे होने पर हुआ पथ संचलन

जिला संवाददाता



**देवरिया।** संघ के 100 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष में रविवार को दीनदयाल बस्ती का पथ संचलन कार्यक्रम संत विनोबा डिग्री कॉलेज के ऑडिटोरियम हॉल में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता अनिल त्रिपाठी ने किया। मुख्य वक्ता अनिल जी भाई साहब क्षेत्र प्रचारक ने कहा कि हमारे व्रत और त्योहार हिंदू संस्कृति और सनातन परंपराओं को जीवंत रखने में और सामाजिक एकता के संवर्धन में सहायक है ।महर्षि अरविंद घोष ने कहा था कि अगर सनातन बचा रहा भारत बचा रहेगा और सनातन छिन्न भिन्न हो गया तो भारत भी छिन्न-भिन्न हो जाएगा। वाराणसी के रामनगर की रामलीला विश्व प्रसिद्ध रामलीला है। जहां पर आज भी राम लीला अपने परंपरागत रूप में होती है। बिना माईक के बिना बिजली के और लोग बारिश में खड़े होकर भी रामलीला का मंचन देखते हैं। हमें अपने धरोहर को संजोकर रखना होगा। इंडोनेशिया सबसे बड़ा मुस्लिम देश हैं। वहां रामलीला का मंचन वहां के स्थानीय लोग मुस्लिम समाज द्वारा किया जाता है। संघ की 100 वर्षों की यात्रा आज भी निरन्तर जारी है। 1925 वर्ष के सितम्बर माह में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का गठन हुआ और 1925 में ही दिसम्बर माह में कम्युनिस्ट पार्टी आफ इंडिया का गठन हुआ। उन्होंने कहा कि दो अलग-अलग विचारधारा को मानने वाले संगठन की स्थापना एक ही वर्ष में हुई। किन्तु वह संगठन कहा खड़ा हैं और आज राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ कहा खड़ा हैं। दोनों का अन्तर आज समाज के सामने है और समाज देख रहा है। पूर्वोत्तर भारत के राज्यों में संघ के स्वयंसेवक अपने कार्य को विषम और विकट परिस्थितियों में करते हैं। यूनान मिस्त्र और रोम की प्राचीन समृद्ध सभ्यता विलुप्त हो गई। किन्तु हमारे त्यौहार और हमारी परंपराएं भारत को बचाएं रखी। संघ की 100 वर्ष की यात्रा आप स्वयं सेवको के बल पर ही सम्भव हुई। अनिल जी भाई साहब ने कहा कि इस संघ शताब्दी वर्ष में प्रत्येक स्वयंसेवक को यह संकल्प लेना होगा कि हम इस शताब्दी वर्ष में प्रतिदिन अधिक से अधिक समय संघ कार्य के लिए दे। पथ संचलन नेहरू नगर, शहीद भगत सिंह चौक, गुरूद्वारा, साकेत नगर, चकिया मोड़ होते हुए पुन सन्त विनोबा डिग्री कॉलेज पर आकर समाप्त हुआ।

## माकपा का जिला सम्मेलन आयोजित

**कुशीनगर।** मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी की जिला इकाई का एक दिवसीय सम्मेलन नगर के सपहा मार्ग स्थित एड. विजय कुमार श्रीवास्तव के आवास पर संपन्न हुई। जिसमें वक्ताओं ने आंधी व बारिश से बर्बाद धान और गन्ने की फसल का मुआवजा की मांग सरकार से की ।रविवार को आयोजित जिला सम्मेलन में मुख्य अतिथि राज्य समिति सदस्य का0 सतीश कुमार ने केंद्र व प्रदेश सरकार की नीतियों की आलोचना करते हुए लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा का आह्वान किया। सम्मेलन में आंधी और बारिश से फसलों से हुई क्षति का मुद्दा छाया रहा। आम, सागौन के पौधे, मेले बड़ी संख्या में गिर गए हैं। किसानों को काफी क्षति हुई है। अध्यक्षता करते हुए जिला सचिव अयोध्या लाल श्रीवास्तव ने कहा कि भजपा सरकार संविधान, लोकतंत्र, धर्म निरपेक्षता भाई चारा में विश्वास नहीं करती। उन्होंने जन समस्याओं को हल करने के लिए संघर्ष करने पर जोर दिया। इस अवसर पर का0 विजय कुमार श्रीवास्तव, का0 गेंदा सिंह, दुर्गा प्रसाद यादव, का0 इदरीश सिद्दकी आदि उपस्थित रहे।

# वन्य जीव हमले में मृतक वृद्ध दम्पति के घर पहुंचे वन मंत्री



**बहराइच ।** राज्य मंत्री (स्वतन्त्र प्रभार), वन, पर्यावरण, जन्तु उद्यान एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, उ.प्र. डॉ. अरूण कुमार ने जनपद भ्रमण के दौरान प्रमुख सचिव, पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग अनिल कुमार, प्रधान मुख्य वन संरक्षक वन्यजीव, श्रीमती अनुराधा वेमुरी, मुख्य वन संरक्षक मध्य क्षेत्र रेणु सिंह, वन संरक्षक देवीपाटन वृत्त सेम्मारन, जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी व प्रभागीय वनाधिकारी डॉ. राम सिंह यादव के साथ विकास खण्ड फखरपुर अन्तर्गत वन्यजीव प्रभावित क्षेत्र के भ्रमण के दौरान उच्चापाही (भिरगूपुरवा), ग्राम मझारा तौकली में पिछले दिनों वन्य जीव हमले में मृतक छेद्दन पुत्र स्व. जनार्दन व श्रीमती मुनकिया पत्नी छेद्दन के घर जाकर शोक संतप्त परिवार को ढांढस बंधाया।

मृतक दम्पत्ति के पुत्र झब्बर व ओमप्रकाश से भेंट करते हुए कहा कि इस हृदय विदारक घटना से प्रदेश के मा. मुख्यमंत्री जी अत्यन्त दुखी है। डॉ. कुमार ने कहा कि मैं मा. मुख्यमंत्री जी की ओर से शोक संवेदना व्यक्त करने के लिए आपके बीच उपस्थित हुआ हूँ।

## पुलिस लाइन में वामा वेलनेस कैंप का आयोजन

**देवरिया।** पुलिस लाइन देवरिया में वामा सारथी की जनपद देवरिया इकाई द्वारा डा. लाल पैथ लैब्स के तत्वावधान में ह्लवामा वेलनेस कैंपह्न का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पुलिस कर्मियों एवं उनके परिजनों के लिए न्यूनतम दरों पर विभिन्न स्वास्थ्य परीक्षण कराए गए। स्वास्थ्य शिविर का उद्देश्य पुलिस कर्मियों एवं उनके परिवारजनों के शारीरिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा समय-समय पर स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें स्वस्थ एवं सक्षम बनाए रखना रहा। कार्यक्रम के दौरान क्षेत्राधिकारी लाइंस के निर्देशन में सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गईं। शिविर में उपस्थित चिकित्सकों एवं लैब विशेषज्ञों द्वारा ब्लड शुगर, हीमोग्लोबिन, लिवर फंक्शन, किडनी फंक्शन, थायराइड आदि की जांचें की गईं। बड़ी संख्या में पुलिस कर्मियों एवं उनके परिजनों ने शिविर में भाग लेकर स्वास्थ्य जांच कराई। इस अवसर पर संबंधित अधिकारीगण एवं वामा सारथी टीम के सदस्यों ने कहा कि ऐसे वेलनेस कैंप पुलिस बल के स्वास्थ्य संरक्षण में अत्यंत उपयोगी हैं। आयोजन के सफल संचालन में पुलिस लाइन स्टाफ एवं डा. लाल पैथ लैब्स की टीम का विशेष सहयोग रहा।

संक्षेप

## गोमती मित्रों ने सीता उपवन में किया श्रमदान

**सुलतानपुर (वीओएल)।** दुर्गा पूजा महोत्सव के बाद होने वाली विसर्जन शोभायात्रा को देखते हुए गोमती मित्र संगठन ने रविवार सुबह सीता उपवन और सीताकुंड धाम परिसर की सफाई कर स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। सुबह छह बजे से शुरू हुआ श्रमदान 09:30 बजे तक चला, जिसमें सदस्यों ने पूरे परिसर की सफाई की। प्रदेश अध्यक्ष मदन सिंह ने कहा कि श्रद्धालुओं को किसी भी असुविधा का सामना नहीं करना पड़ेगा और सभी से स्वच्छता बनाए रखने की अपील की। मीडिया प्रभारी रमेश महेश्वरी ने बताया शोभायात्रा के दौरान भंडारे का आयोजन भी किया जाएगा। श्रमदान में रतन कसौंधन, राजेश पाठक, राकेश सिंह दद्दू, डॉ. कुंवर दिनकर प्रताप सिंह, अजय वर्मा सहित कई सदस्य उपस्थित रहे।

## स्वयंसेवकों पर की गयी फूलों की वर्षा

**लंभुआ, सुलतानपुर।** आज के भारत और पहले के भारत में काफी अंतर आ गया है। आज भारत काफी शक्तिशाली हो गया है, वह किसी के सामने झुकने को तैयार नहीं है। अंतर्राष्ट्रीय पटल पर भारत की छवि बेहतर हुई है। उक्त विचार लंभुआ में संघ शताब्दी वर्ष कार्यक्रम के मौके पर संघ के विभाग बौद्धिक शिक्षण प्रमुख डॉ राधाकृष्णन ने व्यक्त किए। लंभुआ में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष में आयोजित विजयदशमी उत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत संघ के स्वयंसेवकों ने पूरे नगर भर में पथ संचलन निकाला। मौके पर मौजूद विभाग बौद्धिक शिक्षण प्रमुख डॉ राधाकृष्णन ने कहा कि आज हमारे देश की ऐसी स्थित है कि हम किसी भी बलशाली देश के सामने झुकने को तैयार नहीं है। मौके पर विधायक सीताराम वर्मा, पूर्व विधायक देवमणि द्विवेदी आदि स्वयंसेवक मौजूद थे।

## नदी में तैरती लाश बनी चर्चा का विषय

**महराजगंज, रायबरेली।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत जमुरवां ग्राम सभा के बीच से गुजरती हुई नदी में तैरती लाश चर्चा का विषय बनी है। ग्रामीणों का कहना है कि यह लाश जो बरामद हुई है मुकेश कुमार पुत्र राजाराम निवासी चोखे का पुरवा उम्र लगभग 35 वर्ष अपने मामा के यहां करीब बचपन से ही रहता था और उनके माता-पिता ने उनके बचपन में ही साथ छोड़ दिया था तब से वह अपने मामा के निज निवास चैकी के पूर्व में रहता था। मामा मामी ने ही उनका शादी विवाह करवाया था। इस गांव के कुछ लोगों के अनुसार मिली जानकारी की मुकेश कुमार सुबह घर से निकला था और शाम तक घर वापस नहीं लौटा लोगों ने काफी खोजबीन की लेकिन कोई पता नहीं चला। करीब 3 बजे जम्मू राम स्थित बॉर्डर से गुजरने वाली नदी में लाश मिलने की सूचना पर मुकेश के पारिवारिक जन पहुंचे। मुकेश कुमार सुबह 6 निकला हुआ था और तब से घर नहीं गया। लाश मिलने की सूचना पर पारिवारिक लोगों ने पहचान की पहचान के मुताबिक मिली लाश मुकेश की ही थी जिस पर लोगों ने प्रशासन को सूचना दी। ग्रामीणों का कहना है कि मिली लाश पर चोट के निशान भी है और ऐसा प्रतीत होता है कि युवक की हत्या कर शव को नईया नाला पुल के पास फेंका गया है तो वहीं मृत युवक की बाइक करमगंज से बरामद हुई है जिससे यह चर्चा और तेज हो गई है कि लाश जमुरावा गांव नईया नाला के पास और गाड़ी करमगंज में इससे यह जाहिर होता है कि साजिश कर्ताओं ने साजिश कर हत्या को अंजाम देकर लाश को ठिकाने लगाने का काम किया।

# संघ ने संचलन निकाल किया शौर्य का प्रदर्शन

### विजयादशमी है शक्ति की उपासना का त्योहार : आरएसएस



**मथुरा।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ मथुरा महानगर में विजयादशमी उत्सवों की श्रृंखला में रविवार को महानगर के सभी मुख्य मार्गों एवं अनेक कॉलोनियों में पथ संचलन निकाला गया। संघ की महानगर इकाई ने तय किया था कि इस वर्ष चूंकि संघ की स्थापना का शताब्दी वर्ष है अतः हर बस्ती एवं शाखा पर यह विजयादशमी उत्सव मनाया जाएगा। दशहरे के दिन से प्रारंभ हुए उत्सवों के क्रम में रविवार के चलते 41 शाखाओं पर विजयादशमी का उत्सव मनाया गया एवं पथसंचलन निकाला गया।

शहर के सभी मुख्य मार्गों जैसे वृंदावन मसानी मार्ग, होलीगेट बाजार क्षेत्र, सदर बाजार मार्ग, धौलीप्याऊ चंद्रपुरी मार्ग, बीएसए कॉलेज मार्ग, कृष्णा राधा नगर मार्ग, गणेशरा गोवर्धन चौराहा, गोकुल महावन, लक्ष्मी नगर यमुना पार मार्ग आदि मार्गों पर विशाल पथ संचलन निकाले गए। शहर की कई कॉलोनियों जैसे कुसुम वाटिका, चंद्रपुरी, गोविंद नगर, डैंपियर आनंदलोक, तत्वदर्शी वाटिका आदि जगहों पर भी संचलन निकाले गए। संचलन में आगे बाल स्वयंसेवकों की वाहिनी और उसके पीछे बड़ी आयु के स्वयंसेवकों की वाहिनी के साथ सबसे पीछे घोष का गण चल रहा था, जिसकी धुन पर सभी स्वयंसेवक कदम सैकड़ों मिलाकर चल रहे थे। संचलन से पहले हुए उत्सवों के बौद्धिक में बोलते हुए बौद्धिक कर्ताओं ने बताया कि पथसंचलन शौर्य एवं शक्ति का प्रतीक है यह जिस भी मार्ग या बस्ती से गुजरता है उस बस्ती में रहनेवाले निवासियों को अपनी सुरक्षा एवं संरक्षा का आश्वासन स्वतः हो जाता है, कि संघ है तो निश्चिंतता है। जब दण्डधारी स्वयं सेवक सैकड़ों की संख्या में किसी मार्ग या कॉलोनी से होकर जाता है, वहां रहने वाली दुर्जन शक्ति स्वयं क्षीण पड़ जाती है एवं सज्जन शक्ति का आत्मविश्वास बढ़ जाता है, दूसरी ओर संचलन कर रहे स्वयंसेवकों को जब आपस में कदम मिलाने का स्वभाव हो जाता है तो धीरे धीरे कदम मिलते हुए मन मिलाने का स्वभाव भी अपने आप हो ही जाता है ऐसा संघ की कार्य पद्धति में रहा है। एक कार्यक्रम में महानगर सह कार्यवाह श्रीओम ने बताया इन संचलनों की तैयारी कोई महीना भर पूर्व से हो रही थी, जिसमें स्वयंसेवक 1 महीने से घर जा जा जाकर अन्य बंधुओं के गणवेश पूरे करा रहे थे, उसके बाद शाखाओं पर भी बीते पिछले पखवाड़े से संचलन के लिए कदम मिलने का अभ्यास चल रहा था उसी का सुखद परिणाम है कि आज पूरे मथुरा महानगर में सफल संचलनों का आयोजन हो पाया है।

# उधारी के पैसे मांगने पर हुई थी महिला की हत्या

**लालगंज, रायबरेली।** अक्टूबर महीने के पहले दिन बुधवार की रात 9 बजे टटियापुर गांव में हुई महिला प्रमिला देवी हत्याकांड का लालगंज पुलिस ने खुलासा कर दिया है। हत्या के लिए उकसाने और हत्या करने के आरोप में दो महिला सहित पांच को लालगंज पुलिस ने जेल भेज दिया है। प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि बुधवार को कोतवाली क्षेत्र के टटियापुर मजरे बसंतपुर कठोइया गांव में पैसे के लेनदेन को लेकर कुछ लोगों ने महिला प्रमिला देवी की लाठी डंडों व कुल्हाड़ी से काटकर हत्या कर दी थी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में 9 चोटें आई थी। पैसे के लेनदेन को लेकर मृतक महिला ने कुछ दिन पूर्व पुलिस अधीक्षक से पैसा दिलाए जाने की गुहार भी लगाई थी। पैसा न देना पड़े जिसके चलते अमर बहादुर पुत्र दया राम, शिवम पुत्र अमर बहादुर, मनीष पुत्र रजऊ, गुड्डी पत्नी अमर बहादुर और शंकर बख्श खेड़ा थाना खीरों निवासी धुन्नी देवी पत्नी सदाशिव ने प्रमिला देवी की हत्या कर दी थी। कोतवाल ने बताया कि प्रमिला की हत्या को लेकर उसकी मां तुलसा देवी निवासी विक्रमपुर थाना गुरबक्श गंज ने चार लोगों के खिलाफ पुत्री की हत्या किए जाने के बाबत मुकदमा पंजीकृत कराया था। लेकिन जब मोबाइल फोन की कॉल डिटेल निकली गई तो उसमें धुन्नी देवी फोन पर अपने भतीजे शिवम को ललकार रही थी कि लाठी डंडा लेकर के जाना और मार के बिछा देना। रोज-रोज की कहानी का अंत कर देना है जो होगा देखा जाएगा। धुन्नी देवी अमर बहादुर की बहन है और शिवम की बुआ है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि अमर बहादुर ने प्रमिला देवी से एक लाख 15 हजार रुपए उधार लिया था। अमर बहादुर पैसे वापस नहीं कर रहा था जिसको लेकर आए दिन विवाद होता था। महिला ने शिकायत भी की थी जिससे नाराज होकर प्रतिपक्षी गणों ने एक राय होकर महिला की हत्या की है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि हत्या के बाद से ही दो टीमें बनाकर अलग-अलग मुलजिमों को पकड़ने की कोशिश की जा रही थी अमर बहादुर, शिवम और मनीष को रणमऊ बसंतपुर कठोइया तिराहे के पास से पकड़ा गया है और दोनों महिलाओं को टटिया पुर गांव के पास से पकड़ा गया है। आरोपियों को पकड़ने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह सहित उप निरीक्षक मोहित, उपनिरीक्षक सुभाष सहित अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

● हत्या के लिए उकसानेऔर हत्या करने के आरोप में पुलिस ने दो महिला सहित पांच को भेजा जेल

# सीएमओ ने किया विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान का शुभारम्भ



**फिरोजाबाद।** विशेष संचारी रोग नियन्त्रण अभियान 5 से 31अक्टूबर 2025 एवं दस्तक अभियान 11 से 31 अक्टूबर तक तृतीय चरण का आयोजन के सफल संचालन हेतु, रविवार को विशेष संचारी रोग नियन्त्रण अभियान का शुभारम्भ मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ.रामबदन राम के कर कमलों द्वारा कार्यालय सीएमओ, फिरोजाबाद दबरई जनपद फिरोजाबाद से किया गया डॉ. राम बदन राम सीएमओ फिरोजाबाद द्वारा जनमानस से अपील की गयी कि डेंगू मच्छर जनित बीमारी है। यह मादा एडीज मच्छर के काटने से फैलती है, एडीज एजिप्टी साफ पानी में पनपता है, ऐसे में अपने घर के आस-पास और घर के अन्दर पानी जमा न होने दें। कूलर का पानी सप्ताह में एक बार अवश्य बदल दें, डेंगू बचाव हेतु जागरूक रहें। अपने घर के सभी कन्टेनरों का पानी सप्ताह में एक अवश्य बदले, बुखार आने पर तत्काल नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र पर पहुँचकर उपचार लें। आशीष कुमार पाण्डेय बेसिक शिक्षा अधिकारी फिरोजाबाद ने आम जनमानस से अपील की कि बच्चों को विद्यालय में पूरी अस्तीन के कपडे पहनाकर विद्यालय भेजे। डॉ. पवन कुमार वर्मा उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी नोडल अधिकारी संचारी रोग जनता से अपील की है कि मच्छर एडीज एजिप्टी साफ पानी में अण्डे देते है, तथा मच्छरों को रोकने के लिये खिड़कियों पर जाली लगवायें, मच्छर दानी का प्रयोग करें, पानी की टंकी पूरी तरह से बंद रखें, घर के आस-पास पानी जमा न होने दें। संक्रमित होने पर चिकित्सक के परामशार्नुसार दवा का सेवन करें तथा कम से कम 3/4 लीटर पानी ओआरएस अवश्य पीये तथा तरल पदार्थों का सेवन करें।

## एंटीबायोटिक दवा नकली ही नहीं घटिया भी

**आगरा।** हे मां मेडिको की एंटीबायोटिक दवा जांच में घटिया निकली। हे मां मेडिको समेत पांच फर्मो से जांच के लिए कुल 24 नमूने लैब भेजे गए थे। नकली दवा मामले में हे मां मेडिको से लिए गए दवाओं में से एक की रिपोर्ट औषधि विभाग को प्राप्त हो गई है। ये जांच में घटिया मिली है। इस फर्म से 14 सैंपल लिए गए थे, जिनमें से 13 नमूनों की रिपोर्ट आना बाकी है। हे मां मेडिको और बंसल मेडिकल एजेंसी समेत पांच फर्म से लिए गए 24 में से 23 नमूनों की जांच रिपोर्ट आनी बाकी है। सहायक आयुक्त औषधि अतुल उपाध्याय ने बताया कि 22 अगस्त को हे मां मेडिको, बंसल मेडिकल एजेंसी, एमएसवी मेडिप्वाइंट, ताज मेडिको और राधे मेडिको से विभिन्न दवाओं के 24 नमूने जांच के लिए भेजे थे। इसमें हे मां मेडिको के 14 नमूने थे। इनमें से मॉक्स सीवी-625 एमजी की दवा की रिपोर्ट प्राप्त हुई है। ये दवा सनफार्मा कंपनी के नाम से बनी थी। इसमें जरूरी तत्वों की कमी मिली है, जांच में ये अद्योमानक मिली है। एक तरह से घटिया है और मर्ज पर देर से असर करेगी। दुष्प्रभाव भी हो सकते हैं। इसकी रिपोर्ट शासन और कंपनी को भी भेज दी है। अन्य दवाओं के नमूनों की भी रिपोर्ट चरणबद्ध आएगी। सहायक आयुक्त औषधि ने बताया कि 22 अगस्त से 10 दिन तक चली कार्रवाई में हे मां मेडिको, बंसल मेडिकल एजेंसी, एमएसवी मेडिप्वाइंट, ताज मेडिको और राधे मेडिको के गोदामों से करीब 71 करोड़ की दवाएं सीज की हैं। इनमें नामी कंपनियों के नाम से नकली दवाएं खपाई जा रही थीं। इसमें लखनऊ, बरेली, मुजफ्फर नगर, पुडुचेरी और अलीगढ़ में भी दवाएं जब्त की हैं। सहायक आयुक्त औषध बस्ती मंडल नरेश मोहन दीपक ने बताया कि जांच में भले ही दवा अद्योमानक मिली हो, लेकिन ये नकली की श्रेणी में ही रखी जाएगी। दवा के लिए फामुर्लेशन पर संबंधित कंपनी रिसर्च एंड डेवलपमेंट कर क्लीनिकल ट्रायल करती है। इसके असर और दुष्प्रभाव का अध्ययन होता है। पहले जन्तुओं पर ट्रायल में सफल होने के बाद मनुष्यों के उपयोग में लाई जाती है। नामी कंपनी के नाम से दवाएं बनाने पर इनका पालन नहीं होता है। ऐसे में नकली दवा मानते हुए केस में धाराएं बढ़ाई जाएंगी।

● हैरान करने वाला खुलासा जांच के लिए कुल 24 नमूने लैब भेजे गये थे

# मोदी के नाम, विकास के काम



● जीएसटी राहत पर कार्यकर्ताओं का उत्साहपूर्ण संदेश

**मथुरा।** भाजपा महानगर द्वारा रविवार को पुष्पांजलि स्थित भाजपा जिला कार्यालय पर घटी जीएसटी मिला उपहार धन्यवाद मोदी सरकार सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पूर्व ऊर्जा मंत्री एवं विधायक श्रीकांत शर्मा, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य शिव शंकर शर्मा, महापौर विनोद अग्रवाल, महानगर अध्यक्ष हरिशंकर राजू यादव, पूर्व महानगर अध्यक्ष चेतन स्वरूप पाराशर और पूर्व ब्लॉक प्रमुख पन्नालाल गौतम द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय और श्यामा प्रसाद मुखर्जी को दीप प्रज्वलित कर किया गया।

विधायक श्रीकांत शर्मा ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने पिछले दस वर्षों में अभूतपूर्व प्रगति की है। जीएसटी में दरों में कमी केवल कर राहत नहीं, बल्कि आमजन को मिला सच्चा उपहार है। उन्होंने कार्यकताओं से अपील की कि वे घर-घर जाकर उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत, पीएम आवास योजना, किसान सम्मान निधि, जल जीवन मिशन जैसी योजनाओं की जानकारी साझा करें। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने गरीब कल्याण को शासन का केंद्र बिंदु बनाया है और आज भारत विश्व मंच पर नई ऊँचाइयों को छू रहा है। प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य शिवशंकर शर्मा ने कहा कि जीएसटी में हाल ही में की गई दरों में कमी आमजन और व्यापारी वर्ग के लिए वास्तविक राहत है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे केंद्र सरकार की योजनाओं की जानकारी घर-घर पहुँचाएँ। कुमार शर्मा ने कहा कि मोदी सरकार ने हमेशा जनहित को सर्वोपरि रखा है और आगामी चुनावों में जनता मोदी के नाम, विकास के काम पर भरोसा करेगी। महापौर विनोद अग्रवाल ने बताया कि जीएसटी दरों में कमी छोटे और मध्यम उद्योगों के लिए अवसर खोलेगी और आमजन के जीवन में आर्थिक सहजता लाएगी। उन्होंने इसे मोदी सरकार की जनता के प्रति संवेदनशीलता और ईमानदार नीयत का प्रमाण बताया। महानगर अध्यक्ष हरिशंकर राजू यादव ने कहा कि यह दर सूची केवल सरकारी घोषणा नहीं, बल्कि विकास और जनकल्याण की दिशा में ठोस नीति है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि वे जनता तक यह संदेश पहुँचाएँ कि भाजपा ने कर प्रणाली को सरल और पारदर्शी बनाया है।

## आगरा-दिल्ली हाईवे पर दर्दनाक हादसा चार की मौत, एक की हालत गंभीर

**आगरा।** रुनकता में शनिवार रात 12 बजे तेज रफ्तार कैंटर आगे चल रहे कंटेनर से टकरा गया। हादसा इतना जबर्दस्त था कि कैंटर के केबिन का कुछ हिस्सा हाईवे पर गिर गया। इससे केबिन में बैठी महिला, एक पुरुष, चालक और पिछले हिस्से में सवार एक किशोर की मौके पर ही मौत हो गई। केबिन से बाहर गिरने की वजह से एक युवक बच गया। सूचना पर पहुंचे परिजन उसे भरतपुर के अस्पताल ले गए। पुलिस के मुताबिक हादसे का कारण चालक का शराब पीकर वाहन चलाना बताया जा रहा है। हादसे के बाद कुछ देर के लिए जाम भी लग गया। हादसा रुनकता फ्लाईओवर से उतरने के बाद हुआ। पुलिस ने बताया कि सिकंदरा की तरफ से एक कैंटर मथुरा की ओर जा रहा था। कैंटर में बांस-बल्लियां भरी हुई थीं। चालक ने स्पीड अधिक की। फ्लाईओवर पर आगे एक ट्रक चल रहा था। यहीं पर लोहरे का पंक्चर की दुकान है। इसी के पास कैंटर आगे चल रहे कंटेनर में पीछे से जा घुसा। टक्कर इतनी जबर्दस्त थी कि कैंटर के अगले हिस्से के परखच्चे उड़ गए। वह टूटकर अलग गया। घायल एक सवारी ने एसएन इमरजेंसी में दम तोड़ दिया। पांचवें व्यक्ति का इलाज कराया गया। सूचना पर उनके परिजन आ गए। उन्हें भरतपुर के अस्पताल में ले गए। एसीपी हरीपर्वत अक्षय संजय महाडिक ने बताया कि महिला व पुरुष मथुरा जा रहे थे। वहीं चालक और एक किशोर की पहचान नहीं हो सकी है। उधर, घायल युवक की पहचान उपेंद्र निवासी भरतपुर के रूप में हुई है। वह गुरुग्राम जा रहा था। ग्वालियर से परीक्षा देकर लौट रहा था। उसके परिजन आ गए। उन्हें भरतपुर के अस्पताल में ले गए हैं। वहीं मृतकों में शामिल एक किशोर कैंटर के पिछले हिस्से में सवार थे। टक्कर से उसके सिर में बल्लियां लगने से मृत्यु हो गई। हालांकि पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार है। रात दो बजे पुलिस ने कंटेनर को पकड़ लिया। वहीं कैंटर को चौकी पर खड़ा कर दिया गया।

## 2 करोड़ की लूट का आरोपी पुलिस गिरफ्त से फरार

**फिरोजाबाद।** शनिवार को एसएसपी ने जीके कंपनी के 2करोड़ के कैश लूट की घटना का खुलासा किया था। जिसमें 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया था जिनसे 1 करोड़ 05 हजार तीन सौ दस रुपए लूट के रूपयों से खरीदा गया एक आईफोन कीमत 55 हजार रुपए व लूट के रूपयों से खरीदी गयी एक बाइक की रसीद कीमत 01 लाख रुपए व अवैध असलहा मय कारतूस बरामद किए गए थे। रविवारों को एक पुलिस इंस्पेक्टर 3 सिपाही एक आरोपी को लेजा रहे थे। तभी रास्ते में आरोपी ने पेट दर्द की शिकायत की जिस पर पुलिसकर्मियों ने हथकड़ी में उसे शौच के लिए बाजरा के खेत के पास बैठा दिया सिपाही पानी लेने चले गए मौका देख आरोपी फराह हो गया। 2 करोड़ के लूट के आरोपी के फरार होने पर जनपद में हाईएलर्ट जारी हो गया। समाचार लिखे जाने तक आरोपी पुलिस पकड़ से बाहर था, जिसकी पुलिस सर्च ऑपरेशन में जुटी हुईं है।

# श्रीकृष्ण-जन्मभूमि पर होगा भव्य शरद् पूर्णिमा महोत्सव

**मथुरा।** श्रीकृष्ण जन्मभूमि पर शरद पूर्णिमा महोत्सव 06 अक्टूबर 2025 (सोमवार) को पौराणिक एवं शास्त्रीय मान्यताओं के अनुरूप आयोजित होगा। संस्थान के सचिव कपिल शर्मा ने बताया कि श्रीकृष्ण जन्मस्थान सेवा-संस्थान के तत्वावधान में शरद् महोत्सव समिति, जन्मस्थान, मथुरा द्वारा भावमयी सेवा से बड़ी ही भव्यता, शास्त्रीय एवं पौराणिक मान्यताओं के अनुरूप किया जायेगा। शरद् महोत्सव का शुभारम्भ प्रातः 9 बजे श्रीगिरिराज जी महाराज दिव्य महाअभिषेक वैदिक मंत्रों, सुगन्धित द्रव्यों, दिव्य औषधियों से हरिनाम संकीर्तन के मध्य होगा तदोपरान्त ठाकुरजी के बालभोग वितरण एवं गौ-पूजन होगा। विशाल प्रसादी-भण्डारा प्रातः 11 बजे से प्रारम्भ हो जायेगा। शरद पूर्णिमा के अति विशिष्ट दिवस में ठाकुरजी को छप्पनभोग अर्पित किये जायेंगे। सायंकाल 4 बजे से चन्द्रलोक पुष्प-बंगले में विराजमान भगवान श्रीकेशवदेवजी एवं धवल पुष्प-बंगले में विराजमान भगवान श्रीगिरिराज जी महाराज के छप्पनभोग दर्शन होंगे। इस वर्ष सायंकाल 5 बजे से श्रीकृष्ण जन्मस्थान के पवित्र लीलामंच पर सुप्रसिद्ध भजन गायिका सुश्री गुनगुन तिवारी-गुंजन तिवारी एवं श्री संदीप द्वारा सुन्दर भजन गायन किया जायेगा। जय प्रियाशरन ग्रुप वृन्दावन द्वारा महारास का आयोजन श्रीकृष्ण जन्मभूमि गर्भ-गृह के विशिष्ट एवं पवित्र श्रीकृष्ण चबूतरा पर किया जायेगा। कार्यक्रम का समापन उत्सव आरती के साथ होगा। संस्थान के सदस्य गोपेश्वरनाथ चतुर्वेदी ने बताया कि इस अवसर पर रात्रि 11 बजे तक श्रीकृष्ण जन्मभूमि के तीनों प्रवेश द्वारों से श्रद्धालुओं का सुगम प्रवेश रहेगा। श्रद्धालुजन परिसर में प्रतिबंधित वस्तुओं को अपने ठहरने वाले स्थान अथवा प्रवेश द्वारों पर बने सामान घरों में जमा कराकर ही प्रवेश करें ताकि उनके प्रवेश में सुगमता रहेगी। शरद पूर्णिमा महोत्सव को भव्य एवं नयनाभिराम बनाने के लिए शरद् महोत्सव समिति के राहुल गोयल, गजानन साड़ी वाले, प्रतीक शर्मा, अमित गुप्ता, गौरव सजावट वाले एवं बालमुकुंद अग्रवाल आदि अथक प्रयास एवं सेवा कर रहे हैं।

● ठाकुर श्रीकेशवदेव मंदिर में दिव्य चन्द्रलोक एवं छप्पनभोग के होंगे दर्शन

## ऊटंगन नदी में डूबे सात युवकों की तलाश जारी, 40 मीटर लंबा अस्थायी बांध बनाया

**आगरा।** खेरागढ़ स्थित ऊटंगन नदी में डूबे 13 युवकों में से 7 युवकों की तलाश में पिछले 72 घंटे से सर्च ऑपरेशन जारी है। 250 मीटर के क्षेत्र में नदी के पानी का बहाव रोकने के लिए क्षेत्रीय युवकों ने दिन-रात एक कर 40 मीटर लंबा अस्थायी बांध बना दिया है। काम अभी जारी है। ऊटंगन नदी में रविवार को चौथे दिन भी युवकों की तलाश में अभियान जारी रहा, लेकिन खेरागढ़ के गांव कुसियापुर के लापता सातों युवकों में से किसी का पता नहीं चला। सेना, राष्ट्रीय आपदा मोचन दल और एसडीआरएफ के साथ स्थानीय लोग भी नदी में उतरकर युवकों की तलाश कर रहे हैं। नदी की धारा को डूब क्षेत्र के बीच से नाला बनाकर दूसरी ओर मोड़ा गया है। पोकलेन और खउइ से खुदाई जारी है। स्थानीय लोग बोरियों में मिट्टी भर-भरकर अस्थायी बांध बना रहे हैं। 7 युवकों की तलाश में सैकड़ों युवा मदद में जुटे हैं। सेना, एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीमें लगातार नदी में सर्च ऑपरेशन चला रही हैं। पुलिस और प्रशासन के अधिकारी नदी किनारे कैंप हुए हैं। स्भरतपुर जिले में उटंगन नदी में पानी का बहाव रोक दिया गया है। आगरा जिले की सीमा में घुसियाना गांव पर जेसीबी मशीनें लगाकर मिट्टी से भरे कट्टों के सहारे पानी रोका जा रहा है। फजीहतपुर और निमैना चेकडेम के पट भी बंद कर दिए गए हैं। नदी की धारा को डूब क्षेत्र के बीच से नाला बनाकर दूसरी तरफ मोड़ा गया है। 250 मीटर क्षेत्र में नदी का पानी कम करने के लिए अस्थायी बांध बनाया जा गया है और नाले के जरिये पानी को निकाला जा रहा है। उधर, अपनों के इंतजार में परिवार के लोगों की आंखें पथरा गई हैं। घटनास्थल पर हजारों लोग डेरा डाले हुए हैं। 2 अक्टूबर को गांव कुसियापुर के 13 लोग ऊटंगन नदी में मां दुर्गा की मूर्ति विसर्जन के दौरान डूब गए थे। एक युवक विष्णु को बचा लिया गया था, जबकि दो दिन में पांच युवकों गगन, ओमपाल, मनोज, भगवती और अभिषेक के शव निकाल गए। 7 युवक सचिन, हरेश, वीनेश, गजेंद्र, दीपक व करन अब भी लापता हैं।

## मेधावी छात्र-छात्राओं को किया गया सम्मानित



**सुलतानपुर (वीओएल)।** अमहट स्थित हुसैनिया नौतामीर में हुसैनी शिया वेलफेयर एसोसिएशन की ओर से मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता एसोसिएशन के अध्यक्ष हैदर अब्बास खान ने की। यह सम्मान तौहीदुल मुस्लिमीन ट्रस्ट, लखनऊ द्वारा संचालित परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रदान किया गया। इस वर्ष सुलतानपुर जिले से 114 छात्रों ने परीक्षा के लिए आवेदन किया था, जिनमें 89 छात्रों ने प्रतिभाग किया और 12 छात्रों ने जनपद में टॉप किया। इन्हें सम्मानित करने के लिए आयोजित समारोह में मौलाना मुशीर अब्बास खान ने अध्यक्षता की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में मौलाना आसिफ नकवी और मौलाना डॉ. शेर हैदर खान उपस्थित रहे। सम्मानित विद्यार्थियों में मोहम्मद अमन, फजल अब्बास खान, एहतेशाम खां, सादेका बुतूल खां, जजीबा असकरी, कुदसिया जहरा, बसीरत जहरा, मारफा जैनब, समन जहरा, रुबा जैनब, कमर अब्बास खान और अली रजा कासिम शामिल रहे। कार्यक्रम में लखनऊ से आए विशेष अतिथि अमीर अहमद जयदी (ज्वाइंट कमिश्नर, सेलटैक्स), रिजवान रिजवी और कमर अब्बास रिजवीह्ह्ह ने भी छात्रों का उत्साहवर्धन किया।

## राज्यपाल ने 100 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को वितरित किया खिलौना किट




**सुलतानपुर (वीओएल)।** प्रदेश की राज्यपाल आनंदी बेन पटेल द्वारा अयोध्या के कुमारगंज में आयोजित कार्यक्रम में जिले के 100 आंगनबाड़ी केंद्रों को स्वास्थ्य व खिलौनों की किट वितरित किया गया। जिसमें बाल विकास परियोजना बल्दीराय से 50 एवं धनपतगंज की 50 आंगनबाड़ी कार्यकत्री उपस्थित रहीं। बाल परियोजना बल्दीराय से आंगनबाडी कार्यकत्री रेखा तिवारी नरगेसवा, रामसवारी सझौवा धनपतगंज से महमूदपुर की चिंता सिंह धनजई की किरन शर्मा व रामनगर की लक्ष्मी गुप्ता को राज्यपाल द्वारा मुख्य विकास अधिकारी अंकुर कौशिक की अध्यक्षता में किट का वितरण किया गया। इस अवसर पर जिला कार्यक्रम अधिकारी शरद कुमार त्रिपाठी बाल विकास परियोजना अधिकारी अजीत कुमार, राजेन्द्र प्रसाद डीसी उमेश तिवारी एवं बीसी दुर्गेश शुक्ला आदि मौजूद रहे।

# महिलाओं व बालिकाओं को जागरूक करने का हो रहा व्यापक प्रयास

● मिशन शक्ति फेज 5.0 अभियान



**रायबरेली।** प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान व स्वावलंबन हेतु संचालित मिशन शक्ति फेज-5.0 अभियान के तहत आज जनपद में व्यापक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। पुलिस अधीक्षक डॉ. यशवीर सिंह के निर्देशन में समस्त थानों पर गठित मिशन शक्ति केंद्र की टीमों ने प्रमुख बाजारों, कस्बों, चैराहों, स्कूलों-कॉलेजों, धार्मिक स्थलों तथा अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर सक्रियता दिखाई।

महिला पुलिस कर्मियों द्वारा शासन एवं पुलिस विभाग की विभिन्न योजनाओं का प्रचार-प्रसार किया गया। इनमें मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, राष्ट्रीय पोषण योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना, पीएम स्वनिधि योजना, पीएम सम्मान निधि योजना, वन स्टॉप सेंटर, आयुष्मान भारत योजना, सुरक्षित मातृत्व आश्वासन सुमन योजना, प्रधानमंत्री फ्री सिलाई योजना, महिला शक्ति केंद्र योजना, मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना, कन्या सुमंगला योजना, महिला ई-हाट योजना आदि प्रमुख हैं।

इसके अलावा, पुलिस विभाग से जुड़े महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों जैसे महिल पावर लाइन 1090, पुलिस आपातकालीन सेवा-112 (इमरजेंसी कॉल/पैनिक बटन-मोबाइल पर डेमो सहित), सीएम हेल्पलाइन 1076, स्वास्थ्य सेवा हेल्पलाइन-102, एम्बुलेंस सेवा-108, महिला हेल्पलाइन-181 तथा साइबर क्राइम हेल्पलाइन 1930 के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। जागरूकता के लिए पंपलेट वितरण के साथ-साथ पीए सिस्टम के माध्यम से घोषणाएं की गईं, जिससे हजारों महिलाओं व बालिकाओं तक संदेश पहुंचा।

एंटी रोमियो व मिशन शक्ति टीमों ने महिलाओं के अधिकारों, साइबर क्राइम से बचाव तथा कल्याणकारी योजनाओं पर विशेष जोर दिया। यह अभियान न केवल महिलाओं को सशक्त बनाने का माध्यम बनेगा, बल्कि समाज में सुरक्षा की चेतना भी जागृत करेगा। रायबरेली पुलिस ने सोशल मीडिया के माध्यम से भी इन गतिविधियों की तस्वीरें साझा कीं, जो अभियान की व्यापकता को दशार्ती हैं।

मिशन शक्ति फेज-5.0 उत्तर प्रदेश में महिलाओं के उत्थान की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जो जनआंदोलन का रूप ले चुका है। जिला प्रशासन ने आगामी दिनों में भी ऐसे कार्यक्रमों को जारी रखने का संकल्प लिया है।

## बच्ची से हैवानियत की कोशिश, बदतमीजी गाली-गलौज और तेजाब हमले की धमकी

**आगरा।** न्यू आगरा थाना क्षेत्र के नगलापदी इलाके में एक नाबालिग बच्ची के साथ हुई शर्मनाक घटना से क्षेत्र में आक्रोश है। आरोप है कि रास्ते में बच्ची को रोककर एक युवक ने बदतमीजी, गाली-गलौज और यहां तक कि तेजाब डालने की धमकी तक दे डाली। पीड़िता ने घटना की तहरीर पुलिस को सौंप दी है, जिसके बाद मामला गंभीर धाराओं में दर्ज करने की तैयारी की जा रही है। जानकारी के अनुसार पीड़िता नगलापदी क्षेत्र की रहने वाली है। बीते दिन वह किसी काम से पास की दुकान जा रही थी, तभी रास्ते में एक युवक ने उसे रोक लिया। पीड़िता के अनुसार युवक ने पहले अशोभनीय हरकतें और गंदी बातें कीं, विरोध करने पर गाली-गलौज शुरू कर दी। जब बच्ची वहां से भागने लगी तो आरोपी ने तेजाब डालने की धमकी देकर डराने की कोशिश की। घबराई हुई बच्ची ने किसी तरह घर पहुंचकर परिवार को पूरी बात बताई। परिजनों ने तत्काल थाने जाकर लिखित तहरीर दी। पुलिस ने पीड़िता के बयान दर्ज कर लिए हैं और आरोपी की पहचान के लिए आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। थाना न्यू आगरा पुलिस ने बताया कि मामला गंभीर है। जांच के बाद आरोपी की गिरफ्तारी कि जाएगी। थाना प्रभारी ने बताया कि मामले की प्राथमिक जांच चल रही है। आरोपी के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी, ताकि भविष्य में कोई भी इस तरह का दुस्साहस न कर सके।




# भारत की बेटियों ने लहराया परचम

## विश्व कप : भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने पाकिस्तान को लगातार 12वीं बार चटाई धूल, 88 रन से हराया

एजेंसी

कोलंबो। भारत ने विमेंस वर्ल्ड कप में रविवार को पाकिस्तान पर 88 रन से एकतरफा जीत दर्ज की। इसके साथ ही भारतीय टीम दो मैचों से चार पॉइंट्स के साथ टेबल में टॉप पर पहुंच गई है। पाकिस्तान ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। भारतीय टीम 50 ओवर में 247 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। हरलीन देओल ने सबसे ज्यादा 46 रन बनाए। जवाब में पाकिस्तान की टीम 43 ओवर में 159 रन बनाकर सिमट गई। सिदरा अमीन ने 81 रन बनाए। भारत की ओर से क्रांति गौड़ और दीप्ति शर्मा ने 3-3 विकेट झटके। स्नेह राणा को 2 विकेट मिले।

भारत ने क्रिकेट में लगातार चौथे रविवार को पाकिस्तान को मात दी है। इससे पहले 14, 21 और 28 सितंबर को मेंस एशिया कप में टीम इंडिया ने पाकिस्तान को लगातार तीन मैचों में हराया था। क्रांति गौड़ ने आलिया रियाज (2 रन) और सदफ शमास (6 रन) को पवेलियन भेजा। भारत ने विमेंस वनडे वर्ल्ड कप में पाकिस्तान के सामने जीत के लिए 248 रन का टारगेट रखा है। जवाब में पाकिस्तान ने 12 ओवर में तीन विकेट पर 26 रन बना लिए हैं। सिद्रा अमीन और नतालिया परवेज नाबाद हैं। क्रांति गौड़ ने आलिया रियाज (2 रन) और सदफ शमास (6 रन) को पवेलियन भेजा। मुनीबा अली (2 रन) दीप्ति शर्मा के थ्रो पर रनआउट हो गई। इस रनआउट पर विवाद हो गया। कोलंबो में खेले जा रहे इस मुकाबले में पाकिस्तान ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। भारतीय टीम 50 ओवर में 247 रन पर ऑलआउट हो गई। हरलीन देओल ने सबसे ज्यादा 46 रन बनाए। जेमिमा रॉड्रिग्ज ने 32 और प्रतिका रावल ने 31 रन बनाए।



नंबर-8 पर बैटिंग करने उतरी ऋचा घोष ने 20 गेंदों पर नाबाद 35 रन बनाकर भारत को फाइटिंग टोटल तक पहुंचाया। पाकिस्तान के लिए डायना बेग ने 4 विकेट झटके। कप्तान फातिमा सना और सादिया इकबाल को 2-2 विकेट मिले। टॉस के दौरान रेफरी की गलती से भारत टॉस हार गया। भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर ने सिक्का उछाला, तो पाकिस्तानी कप्तान फातिमा सना ने टेल्स बोला। सिक्का जमीन पर हेड्स गिरा। साउथ अफ्रीका की मैच रेफरी शांद्रे फ्रिट्ज ने गलती से सना की कॉल को हेड्स सुन लिया था। उन्होंने पाकिस्तान को टॉस की विजेता घोषित किया। टॉस के बाद भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर ने पाकिस्तानी कप्तान फातिमा सना से हाथ नहीं मिलाया। इससे पहले मेंस एशिया कप में भारत के कप्तान सूर्यकुमार यादव ने पाकिस्तानी कप्तान सलमान आगा से हाथ नहीं मिलाया था। भारतीय टीम ने ढउइ चीफ मोहसिन नकवी से ट्रॉफी लेने से भी इनकार कर दिया था। इससे टीम को चैंपियन बनने के बाद भी बिना ट्रॉफी के लौटना पड़ा था। लगातार चौथे संडे को भारत-पाकिस्तान की भिड़ंत हो रही है।

इससे पहले 28 सितंबर, 21 सितंबर और 14 सितंबर को मेंस एशिया कप में भारत-पाकिस्तान मैच खेले गए हैं। तीनों ही मौकों पर भारत ने जीत हासिल की। 12वें ओवर में भारत को तीसरा विकेट मिला। यहां आलिया रियाज 2 रन बनाकर आउट हुईं। उन्हें क्रांति गौड़ ने दीप्ति शर्मा के हाथों कैच कराया। क्रांति को दूसरा विकेट मिला है। उन्होंने सदफ शमास (6 रन) को भी पवेलियन भेजा। भारतीय टीम ने 11 ओवर में अपने दोनों रिव्यू गंवा दिए हैं। रेणुका ठाकुर के ओवर की आखिरी बॉल पर भारतीय प्लेयर्स की अपील को फील्ड अंपायर्स ने गंवा दिया। ऐसे में भारत ने रिव्यू मांगा था। 248 रन का टारगेट चेज कर रही पाकिस्तानी टीम की शुरूआत खराब रही है। टीम 10 ओवर के पावरप्ले-1 में 2 विकेट गंवाकर 25 रन ही बना सकी है। 8वें ओवर में भारत को दूसरी सफलता मिली।

### भारत-पाकिस्तान के बीच टॉस के दौरान मैच रैफरी से हुई गलती

कोलंबा। भारत और पाकिस्तान के बीच रविवार को यहां महिला विश्व कप मुकाबले के टॉस के दौरान मैच रेफरी शांद्रे फ्रिट्ज से गलती हो गई। इस गलती की वजह से उन्होंने पाकिस्तान की कप्तान फातिमा सना को टॉस विजेता घोषित कर दिया। भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर ने सिक्का उछाला और सना ने टेल्स कहा लेकिन फ्रिट्ज़ ने सुनने में गलती की और इसे हेड्स समझ लिया। फिर प्रस्तोता मेल जोन्स ने भी उन्हें टॉस विजेता घोषित किया।

सिक्का हेड्स अप गिरा लेकिन टॉस का विजेता पाकिस्तान को माना गया जिससे उन्होंने बादलों से भरे आसमान में पहले गेंदबाजी करने का विकल्प चुना। हरमनप्रीत ने भी कोई प्रतिक्रिया नहीं दी और पाकिस्तानी कप्तान के बाद जोन्स से बात करने के लिए उनके पास गईं। उन्होंने सना से हाथ नहीं मिलाया।

## इरानी कप : शेष भारत को 93 रन से हराकर विदर्भ बना चैंपियन

नागपुर। यश ढुल की 92 रन की शानदार पारी के बावजूद शेष भारत की टीम को ईरानी कप फाइनल में विदर्भ से रविवार को यहां मैच के पांचवें दिन 93 रन की हार का सामना करना पड़ा। बायें हाथ के स्पिनर हर्ष दुबे (73 रन पर चार विकेट) और तेज गेंदबाज यश ठाकुर (47 रन पर दो विकेट) की अगुवाई में विदर्भ के गेंदबाजों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत के लिए 361 रन के लक्ष्य का पीछा कर रही शेष भारत की पारी को दिन के दूसरे सत्र में 267 रन पर समेट दिया। दुबे और ठाकुर दोनों ने इस मैच में छह-छह विकेट चटकाकर विदर्भ को तीसरी बार ईरानी कप का चैंपियन बनाया।

शेष भारत ने मैच के आखिरी दिन दो विकेट पर 30 रन से आगे खेलते हुए 133 रन तक छह विकेट गंवा दिये। ढुल ने इसके बाद मानव सुथार (56) के साथ 104 रन की साझेदारी कर टीम की उम्मीदें जगा दी। ठाकुर ने हालांकि ढुल को पवेलियन की राह दिखाकर मैच में विदर्भ का पूरी तरह से दबदबा कायम कर दिया। ढुल के आक्रामक शॉट पर डीप थर्ड मैन की दिशा में अथर्व तायडे ने शानदार कैच लपका। ठाकुर ने इसके बाद ढुल को बाहर जाने का इशारा किया जिससे दोनों खिलाड़ियों के बीच मैदान में तनातनी देखने को



मिली। दोनों अंपायर और विदर्भ के क्षेत्ररक्षकों ने बीच में आकर स्थिति को शांत करने की कोशिश की। मैच रैफरी दोनों पर किसी तरह का जुर्माना लगा सकते हैं। ठाकुर ने अगली ही गेंद पर आकाश दीप को बोल्ड किया और फिर पिछले साल रणजी में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले दुबे ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मैच खत्म किया।

शेष भारत के कप्तान रजत पाटीदार ने कहा, विदर्भ की टीम ने अच्छा प्रदर्शन किया और वे जीत के हकदार थे। हमने परिस्थितियों का बेहतर आकलन नहीं किया। हम अगर ऐसा कर पाते तो उनके स्कोर के करीब पहुंच सकते थे। तायडे को पहली पारी में 143 रन बनाने और ढुल का शानदार कैच लपकने के लिए मैन ऑफ द मैच चुना गया। उन्होंने कहा मेरे लिए पिछले कुछ सत्र अच्छे नहीं थे।

## संक्षेप

### पेरीकार्ड ने शंघाई मास्टर्स में फ्रिट्ज को हराकर किया उलटफेर

शंघाई। फ्रांस के जियोवानी म्पेत्शी पेरीकार्ड ने चौथी रैंकिंग के खिलाड़ी टेलर फ्रिट्ज को 6-4, 7-5 से हराकर रविवार को शंघाई मास्टर्स के चौथे दौर में प्रवेश किया। लंबे कद के पेरीकार्ड ने अमेरिका के खिलाड़ी के खिलाफ एक घंटे 25 मिनट में अपनी पहली जीत दर्ज की। पेरीकार्ड के सामने अंतिम 16 दौर में 10वें वरीय होल्गार रूने की चुनौती होगी। अन्य मैचों में रूने ने 21वें वरीय यूगो हम्बर्ट को 6-4, 6-4 से हराया जबकि जिजोयू बर्ग्स ने 19वें वरीय फ्रांसिस्को सेरुंडोलो को 7-6 , 6-3 से मात दी।

## स्पोर्ट्स नेटवर्क इंडिया को भारतीय उद्यमिता उत्सव में तीसरा स्थान

नई दिल्ली। खेल सुविधा प्रबंधन के क्षेत्र में अग्रणी संस्था स्पोर्ट्स नेटवर्क इंडिया को नई दिल्ली में हाल ही में आयोजित 'भारतीय उद्यमिता उत्सव 2025' में तीसरा स्थान मिला। यह उपलब्धि संस्था के संस्थापक एवं निदेशक डॉ. आनंद किशोर पांडेय के नेतृत्व में मिली, जिन्होंने इस प्रतिष्ठित

❍ उत्कृष्ट खेल सुविधा प्रबंधन के लिए मिला पुरस्कार

समारोह में संस्था का प्रतिनिधित्व किया। समाधान ग्रुप द्वारा डॉ. भीमराव इंटरनेशनल सेंटर, जनपथ रोड, नई दिल्ली में आयोजित समारोह के लिए देशभर से चुनिंदा 60 सफल उद्यमियों ने भाग लिया। प्रतिभागियों का चयन साल भर के प्रदर्शन की प्रस्तुति और ऑनलाइन वोटिंग के आधार पर किया




गया। प्रत्येक चयनित उद्यमी ने पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन से 5 मिनट की प्रस्तुति जूरी और विशेषज्ञों के समक्ष दी। इस दौरान स्पोर्ट्स नेटवर्क इंडिया की 30 वर्षों की प्रेरणादायक यात्रा के विशेष प्रस्तुतीकरण ने जूरी को विशेष रूप से प्रभावित किया। इसी के आधार पर संस्था को यह सम्मान प्रदान किया गया।

समारोह में मुख्य अतिथि स्वामी अवधेशानंद गिरी जी महाराज और विशिष्ट अतिथि गण राज्यसभा सांसद डॉ. सुधांशु त्रिवेदी और नोएडा विधायक पंकज सिंह ने पुरस्कार वितरित किए। इसके साथ ही देश की कई जानी-मानी हस्तियाँ और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ पदाधिकारी भी उपस्थित रहे।

## साइक्लिंग चैंपियनशिप में आराध्या सिद्धार्थ और काव्या बने चैंपियन

लखनऊ। लखनऊ साइक्लिंग एसोसिएशन के तत्वावधान में जिला साइक्लिंग चैंपियनशिप 2025 में हार्दिक मिश्रा, आराध्या बाजपेयी, सिद्धार्थ गुप्ता, काव्या चित्रांश, शौर्य सिंह, मयूर गुप्ता, यश मनराल, कुसुम राठौर ने विभिन्न स्पधाओं में स्वर्ण पदक जीते। कुड़िया घाट पर आयोजित चैंपियनशिप के समापन समारोह की अध्यक्षता एसोसिएशन के अध्यक्ष उत्कर्ष त्रिपाठी ने बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए आगामी प्रतियोगिताओं के लिए और अधिक समर्पण के साथ तैयारी करने की सीख दी। अंत में विशिष्ट अतिथि स्पोर्ट्स नेटवर्क इंडिया के निदेशक डॉ. आनंद किशोर पांडेय ने विजेताओं को पुरस्कार वितरित करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया।

## इंटर मिलान ने सिरी ए में क्रेमोनेस को हराया

एजेंसी

मिलान। लॉटेरो मार्टिन के गोल से इंटर मिलान ने सिरी ए फुटबॉल टूर्नामेंट में शनिवार को यहां क्रेमोनेस को एकतरफा मुकाबले में 4-1 से हरा दिया। इस जीत से इंटर मिलान, एसी मिलान, गत चैंपियन नेपोली और रोमा के समान 12 अंक हो गए हैं। इंटर मिलान की सभी प्रतियोगिताओं में यह लगातार पांचवीं जीत है। मार्टिनेज इंटर मिलान की ओर से सर्वाधिक गोल करने वाले खिलाड़ियों के सूची में शीर्ष पांच में पहुंच गए हैं।

उनके नाम इंटर मिलान की ओर से सभी प्रतियोगिताओं में 158 गोल हैं। वह और लुइगी कुवेनिनी टीम की ओर से सर्वाधिक गोल दागने वाले खिलाड़ियों की सूची में पांचवें स्थान पर हैं। ज्ञुसेप मीजा 284 गोल से इंटर मिलान के सबसे सफल खिलाड़ी हैं। उनके बाद एलेसांद्रो एल्बोवेली (209), रॉबर्टो बोनिनसेगना (171) और सांद्रो मेजोला (161) का नंबर आता है। अन्य मुकाबलों में कोमो और अटलांटा का मैच 1-1 से बराबर रहा



जबकि लाजियो और टोरिनो ने भी 3-3 से ड्रॉ खेला। लीस ने पार्मा को 1-0 से हराया। वहीं दूसरी ओर विनिसियस जूनियर ने दो गोल दागे जबकि चोटिल होने से पहले काइलियान एमबाप्पे ने भी एक गोल किया जिससे रीयाल मैड्रिड तीसरे स्थान पर चल रहे विलारीयाल को शनिवार को यहां 3-1 से हराकर ला लीगा फुटबॉल टूर्नामेंट में शीर्ष पर पहुंच गया। फ्रांस के एमबाप्पे शनिवार को 81वें मिनट में गोल करने के कुछ देर बाद अपना दायां टखना पकड़कर बैठ गए और इसके बाद उन्हें मैदान से बाहर जाना पड़ा। विनिसियस ने 47वें और 69वें मिनट में गोल किए।

इस जीत से मैड्रिड ने गत चैंपियन बार्सीलोना को पछाड़कर अंक तालिका के शीर्ष पर दो अंक की बढ़त बना ली है। बार्सीलोना के पास हालांकि रविवार को सेविला को हराकर फिर शीर्ष पर पहुंचने का मौका होगा। खराब फॉर्म से जूझ रहे गिरोना ने वेलेंसिया को 2-1 से हराकर महत्वपूर्ण अंक हासिल किए जबकि एथलेटिक बिलबाओ ने मालोर्का को 2-1 से शिकस्त दी।

### भारत की अंडर-17 पुरुष फुटबॉल टीम चीन में दो मैत्री मैच खेलेगी

नयी दिल्ली। भारत की अंडर-17 पुरुष टीम आठ और 10 अक्टूबर को चीन की अंडर-17 टीम के खिलाफ दो मैत्री मैच खेलने के लिए बीजिंग जाएंगी। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने रविवार को यह जानकारी दी। ये दोनों मैच खाली स्टेडियम में खेले जाएंगे। एक हफ्ते से कुछ अधिक समय पहले सैफ अंडर-17 चैंपियनशिप जीतने वाली बिबियानो फर्नांडिज की भारतीय टीम गोवा में ट्रेनिंग शिविर में हिस्सा ले रही है और छह अक्टूबर को चीन पहुंचेगी। मेजबान टीम के खिलाफ दोनों मैच चीन की राजधानी बीजिंग से लगभग 80 किमी दूर शियांगही के नेशनल फुटबॉल ट्रेनिंग सेंटर में खेले जाएंगे। ये मैत्री मैच भारत के एएफसी अंडर-17 एशियाई कप 2026 क्वालीफायर्स की तैयारी का हिस्सा है जो नवंबर में अहमदाबाद में खेला जाएगा। भारत को क्वालीफायर्स में फलस्तीन, चीनी ताइपे, लेबनान और ईरान के खिलाफ खेलना है।

## जीत की उम्मीद से उतरेंगे न्यूजीलैंड व दक्षिण अफ्रीका

एजेंसी

इंदौर। न्यूजीलैंड और दक्षिण अफ्रीका की टीमें सोमवार को जब महिला विश्व कप के मैच में आमने-सामने होंगी तो अपने शुरुआती मुकाबलों में मिली करारी हार की निराशा को भुलाकर जीत का खाता खोलने का प्रयास करेंगी। न्यूजीलैंड को जहां अपनी गेंदबाजों से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद होती तो वहीं दक्षिण अफ्रीका की नजरें अपनी बल्लेबाजों की फॉर्म पर होगी। न्यूजीलैंड को पहले मैच में गत चैंपियन ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 89 रन से शिकस्त झेलनी पड़ी तो वहीं दक्षिण अफ्रीका को इंग्लैंड ने 10 विकेट से रौंद दिया।

दोनों ही मुकाबलों में हारने वाली टीम की बल्लेबाजों ने निराश किया। न्यूजीलैंड की गेंदबाजों ने हालांकि ऑस्ट्रेलिया का स्कोर 22वें ओवर में पांच विकेट पर 128 रन करने के बावजूद उसे 326 रन बनाने दिए। ऑस्ट्रेलिया की ऑलराउंडर एश्ले गार्डनर ने शानदार शतक जड़कर अपनी टीम की जीत सुनिश्चित की और कप्तान सोफी डिवाइन की 112 रन की पारी के बावजूद न्यूजीलैंड की टीम लक्ष्य के




करीब भी नहीं पहुंच पाई। न्यूजीलैंड ने आखिरी पांच विकेट केवल 19 रन पर गंवा दिए। दक्षिण अफ्रीका के मामले में यह एकतरफा मुकाबला रहा क्योंकि उनकी टीम 69 रन पर आउट हो गई और उसकी केवल एक खिलाड़ी दोहरे अंक तक पहुंच पाई। दक्षिण अफ्रीका को प्रतिस्पर्धी बनने के लिए लॉरा वोलवार्ट, ताजमिन ब्रिट्स, सुने लुस और मारिजैन कैप के बल्ले से बेहतर योगदान की उम्मीद होगी।

## अर्णव और देवांश ने दोहरे खिताब किए अपने नाम

लखनऊ। अर्णव श्रीवास्तव और देवांश विज ने रजत बजाज मेमोरियल टैलेंट हंट टेनिस टूर्नामेंट में कोर्ट पर उम्दा खेल का नजारा पेश करते हुए दोहरे खिताब अपने नाम किए। लामार्टिनियर कॉलेज स्थित लामार्टिनियर लॉन टेनिस फैसिलिटी में आयोजित टूर्नामेंट के चौथे व अंतिम दिन खेले गए फाइनल मुकाबलों में अर्णव श्रीवास्तव ने बालक अंडर-10 वर्ग के फाइनल में अव्यान जैन को 4-2 से पराजित किया। इसके बाद बालक अंडर-12 वर्ग के फाइनल में अर्णव श्रीवास्तव ने ईशान को 4-0 से हराकर दूसरा खिताब जीता। देवांश विज ने भी बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए बालक अंडर-16 के फाइनल में यदुराज को 4-1 से मात दी, जबकि अंडर-18 वर्ग के फाइनल में देवांश ने रोहन सक्सेना को 6-1 से शिकस्त देकर दूसरा खिताब अपने नाम किया। अन्य फाइनल मुकाबलों में बालक अंडर-14 वर्ग में अर्णव चौहान ने कबीर शर्मा को 6-4 से हराया। बालिका अंडर-10 वर्ग में वंदिता ने श्रुतिका विज को 4-0 और बालिका अंडर-12 वर्ग में विरिका अग्रवाल ने आन्या चौधरी को 4-0 से मात दी।

❍ रजत बजाज मेमोरियल टैलेंट हंट टेनिस टूर्नामेंट

## पेज एक का शेष

### कटक में

कटक डेवलपमेंट अथॉरिटी (सीडीए) और 42 मौजा इलाके में प्रभावी रहेगा। इस मामले में राज्य सरकार का कहना है कि गलत सूचना, अफवाह और भड़काऊ सामग्री के प्रसार को रोकने के लिए यह कदम जरूरी था। प्रशासन ने लोगों से शांति बनाए रखने और अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की है। स्थिति पर नजर बनाए रखने के लिए अधिकारियों और पुलिस बल की तैनाती बढ़ा दी गई है, और सोशल मीडिया की गतिविधियों पर भी कड़ी निगरानी रखी जा रही है। वहीं मामले में बढ़ते तनाव को देखते हुए ओडिशा के पूर्व मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष नवीन पटनायक ने कटक शहर में दो गुटों के बीच बढ़ते तनाव और हिंसक घटनाओं पर गहरी चिंता जताई है। उन्होंने लोगों से शांति और आपसी सौहार्द बनाए रखने की अपील की है। वहीं, कल विश्व हिंदू परिषद ने 12 घंटे के बंद की घोषणा की है। बीजेडी की ओर से जारी बयान में कहा गया कि पटनायक ने कानून व्यवस्था की बिगड़ती स्थिति पर चिंता व्यक्त की है और उम्मीद जताई है कि सभी पक्ष संयम बरतेंगे और हालात को और बिगड़ने नहीं देंगे। पटनायक ने कहा कि ओडिशा की परंपरा हमेशा से भाईचारे की रही है और सभी को मिलकर इस परंपरा को आगे बढ़ाना चाहिए।

### जानलेवा

उसकी मौत हो गई। दूसरा मामला कबीर (3 वर्ष 11 माह) पुत्र कैलाश यादव, निवासी राम नगर ढाना कलमेश्वरा का है। उसने भी इसी डॉक्टर से इलाज कराया था और 8 सितंबर को उसकी मौत हो गई। दोनों बच्चों के इलाज का समय अलग-अलग था, पर डॉक्टर एक ही निकला। परिजनों ने शक जताया है कि कफ सिरप के सेवन के बाद बच्चों की हालत बिगड़ी थी। फिलहाल इस बात की पुष्टि नहीं हुई है कि दवा प्रतिबंधित थी या नहीं। दोनों मामलों में पोस्टमॉर्टम नहीं होने के कारण वास्तविक कारण की पुष्टि जांच रिपोर्ट के बाद ही हो सकेगी। सीएमएचओ डॉ. मनोज हुरमाड़े ने बताया कि आमला विकासखंड के जामुन बिछुआ और कमलेश्वरा गांव में दो बच्चों की मृत्यु हुई है।

### फील्ड में वही

प्रमुख आधार है। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्धारित लक्ष्यों की शत-प्रतिशत प्राप्ति का संकल्प लेकर कार्य करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि वरिष्ठ अधिकारी स्वयं मार्केट मैपिंग करें, सामान्य रूप से बाजार में जाएं, व्यापारियों से मिलें और उनकी अपेक्षाओं को समझें। मुख्यमंत्री ने उदाहरण देते हुए कहा कि मंडी शुल्क में कमी से किसानों को राहत और राजस्व में वृद्धि दोनों हुई हैं। यह इस बात का प्रमाण है कि पारदर्शी और सरल कर प्रणाली हमेशा लाभकारी होती है। उन्होंने व्यापारियों से संवाद बनाए रखने पर बल देते हुए कहा कि जीएसटी पंजीकरण बढ़ाने और समय से रिटर्न फाइल कराने के लिए ठोस प्रयास किए जाएं। मुख्यमंत्री को अवगत कराया गया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में सितम्बर माह तक राज्य कर विभाग को कुल ?55,000 करोड़ की प्राप्ति हुई है। इसमें ?40,000 करोड़ जीएसटी तथा ?15,000 करोड़ वैट/नॉन-जीएसटी से प्राप्त हुए हैं। गत वित्तीय वर्ष की समान अवधि में ?55,136.29 करोड़ की प्राप्ति हुई थी। चालू वित्तीय वर्ष के लिए राज्य कर विभाग को ?1.75 लाख करोड़ का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जो पिछले वर्ष के ?1,56,982 करोड़ की तुलना में लगभग ?18,700 करोड़ अधिक है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश को राष्ट्रीय जीएसटी संग्रह में अग्रणी योगदान देना चाहिए और इसके लिए नियोजित प्रयास किए जाएं। बैठक में बोगस फर्मों और फर्जी इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) के मामलों पर विशेष चर्चा हुई। विभाग की ओर से अब तक 104 फर्मों में ?873.48 करोड़ के फर्जी आईटीसी की पहचान की गई है, जिन पर जांच एवं कठोर दंडात्मक कार्रवाई की जा रही है।

### दार्जिलिंग में

तबाही मचा दी है। इस भारी बारिश की वजह से कई लोगों की मौत हो गई और कई लोग अभी भी लापता हैं। वे सोमवार को उत्तर बंगाल दौरे पर आएंगी। इस बीच, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति ने दार्जिलिंग आपदा पर गहरा दुख जताया है। अधिकारियों ने बताया कि यह हादसा दार्जिलिंग-सिलीगुड़ी रोड पर हुआ, जो पूर्वोत्तर राज्यों और उत्तर बंगाल को जोड़ने वाला मुख्य मार्ग है। पुल ढहने का कारण बेहद तीव्र बारिश और पहाड़ी ढलानों में मिट्टी खिसकना बताया जा रहा है। कुछ हिस्से में सड़क धंसने और मिट्टी के मलबे ने मार्ग को पूरी तरह अवरुद्ध कर दिया है। इस बीच, बंगाल पुलिस ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, शनिवार रात हुई भारी बारिश के कारण दार्जिलिंग की कुछ सड़कों पर पानी भर गया, जिससे यातायात बाधित हुआ। सड़क साफ करने का काम चल रहा है।

### पीढ़ियों को

के कारण ही आज देश सुरक्षित है। मुख्यमंत्री ने विभिन्न जनपदों के शहीदों के आंगन की पवित्र मिट्टी से भरे ताम्र कलशों के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलित कर वीर शहीदों की स्मृति में पुष्पांजलि अर्पित की। इस दौरान सभी ने मौन रखकर शहीदों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की। गौरतलब है कि इन ताम्र कलशों में एकत्रित शहीदों के आंगन की पावन माटी को देहरादून में बन रहे भव्य सैन्य धाम में ले जाया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार की ओर से सैनिकों के लिए वन रैंक वन पेंशन, आधुनिक उपकरण, जैकेट एवं जूते जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। उन्होंने कहा कि भारत आज रक्षा क्षेत्र में निर्यात में अग्रणी देशों में शामिल हो गया है और दुश्मन देश को मुंहतोड़ जवाब देने में सक्षम है। मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों से एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तरह ही एक पेड़ शहीदों के नाम लगाने का आग्रह भी किया।

### तौकीर के

अवैध तरीके से किया गया था।

आवासीय नक्शे पर बनाए गए अवैध बरातघर (रजा पैलेस) को जमींदोज करने के लिए सात मजदूरों ने घन भी चलाए गए। दोपहर एक बजे से शुरू हुई कार्रवाई शाम सात बजे तक चली। बीडीए के अफसरों ने बताया कि वर्ष 2024 में ही नफीस को पहला नोटिस दिया गया था। पांच माह पहले ही बरातघर के ध्वस्तीकरण का आदेश हो गया था, जिसे अब अमल में लाया गया है। 26 सितंबर को आईएमसी प्रमुख मौलाना तौकीर के बुलावे पर जुटी भीड़ ने पुलिस टीम पर पथराव और फायरिंग की थी। इसके बाद आरोपियों पर कार्रवाई का सिलसिला जारी है। इसी क्रम में नफीस के बरातघर को बीडीए ने ध्वस्त कर दिया। नफीस वही है, जिसने किला के इंस्पेक्टर को हाथ काटने की धमकी दी थी। इस मामले में भी उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया था। मौलाना तौकीर रजा को पनाह देने वाले फरहत के फाइक एन्क्लेव स्थित मकान को बीडीए ने शनिवार को सील कर दिया। बीडीए के अफसरों के मुताबिक, फरहत का मकान अवैध तरीके से बनाया गया है। कार्रवाई के दूसरे दिन मकान के आसपास सन्नाटा पसरा रहा।

### शक्तिसैट अभियान

काम करेगा। चंद्रमा पर भेजे जाने वाले पेलोड को जापान की निजी अंतरिक्ष कंपनी आईस्पेस के रिसिलिएंस मिशन के तहत प्रशेक्षित किए जाने की संभावनाएं खंगाने के लिए बातचीत की जा रही है। केसन के अनुसार, राष्ट्रपति से मुलाकात के दौरान छात्राओं ने उन्हें बताया कि शक्तिसैट अभियान ने किस तरह उनमें आत्मविश्वास, दृढ़ता और वैश्विक जुड़ाव की भावना पैदा की है।

### भाषा या संप्रदाय कुछ भी हो, हम सब हिन्दू हैं : भागवत

सतना। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत ने रविवार को कहा कि चाहे कोई खुद को किसी भी भाषा या संप्रदाय का माने, लेकिन सच्चाई यह है कि हम सब एक हैं, हम सब हिन्दू हैं। भागवत ने यहां सिंधी कैंप स्थित गुरुद्वारा का उद्घाटन करने के बाद स्थानीय बीटीआई मैदान में आयोजित एक सभा को संबोधित करते हुए यह बात कही। इस अवसर पर उन्होंने अखंड भारत की अवधारणा का उल्लेख करते हुए कहा कि जो लोग अपना घर और मकान वहां छोड़कर आए हैं, कल वापस लेकर फिर से डेरा डालना है। आज हम लोगों की स्थिति ऐसी है कि हम एक टूटा हुआ आईना देखकर अपने आपको अलग मान रहे हैं। एकता चाहिए। झगड़ा क्यों है? चाहे हम अपने आप को किसी भी भाषा या संप्रदाय का कहें लेकिन यह सत्य है कि हम सब एक हैं। हम सब लोग हिन्दू हैं। भागवत ने कहा कि एक चतुर अंग्रेज यहां आया, हमसे लड़ाई की, हमें हराकर हम पर राज किया। उसने हमारे हाथ से आध्यात्मिकता का दर्पण छीन लिया और उसकी जगह भौतिकवाद का टूटा हुआ दर्पण थमा दिया। तब से हम खुद को अलग-अलग मानने लगे और छोटी-छोटी बातों पर झगड़ने लगे।

उन्होंने यह भी कहा कि यह प्रसन्नता की बात है कि बंटवारे के समय सिंधी समुदाय के लोग पाकिस्तान नहीं गए, बल्कि वे अविभाजित भारत आए। जो लोग अपना घर छोड़कर आए हैं, और जिनका घर, कपड़े और जमीन हड़प ली गई, उन्हें कल वापस लेकर फिर से वहीं डेरा डालना है।

### सड़क हादसों

और उसके रिश्ते के भाई सुखई (54) को पीछे से टक्कर मार दी। इससे वे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गये। दोनों बरई बंधवा गांव के निवासी थे और बिसारा गांव से लौट रहे थे।

मौके पर पहुंची पुलिस घायलों को एंबुलेंस से जिला अस्पताल ले जा रही थी, लेकिन रास्ते में ही दोनों की मौत हो गई। वहीं, एटा जिले के देहात कोतवाली क्षेत्र में रविवार को एक निजी बस और ऑटो की आमने-सामने की टक्कर में आठ लोग घायल हो गए।

# मल्टी-फीड एथनॉल का उत्पादन करें चीनी मिलें

## मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद चीनी सहकारी क्षेत्र को हुआ लाभः अमित शाह



अहिल्यानगर (महाराष्ट्र)। केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने रविवार को कहा कि नरेन्द्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद भारत के चीनी सहकारी क्षेत्र को काफी लाभ हुआ है।

वह अहिल्यानगर जिले में डॉ. विट्ठलराव विखे पाटिल सहकारी चीनी कारखाने की विस्तारित क्षमता का उद्घाटन करने के बाद एक किसान रैली को संबोधित कर रहे थे। शाह ने चीनी सहकारी समितियों से गैर पेराई सत्र में भी मल्टी-फीड एथनॉल का उत्पादन करने की अपील की।

मंत्री ने कहा, एथनॉल मिश्रण के कारण चीनी सहकारी समितियों की आर्थिक स्थिति बदल गई है... मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद इस क्षेत्र को लाभ हुआ है। शाह ने कहा, केंद्र सरकार हाल ही में भारी बारिश से प्रभावित महाराष्ट्र के किसानों को हर संभव सहायता देगी। उन्होंने राज्य के किसानों के लिए केंद्रीय सहायता हासिल करने के लिए मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, उपमुख्यमंत्रियों एकनाथ शिंदे और अजित पवार की सराहना की। शाह ने सहकारिता आंदोलन की एक प्रमुख हस्ती विट्ठलराव विखे पाटिल और उनके बेटे तथा पूर्व केंद्रीय मंत्री बालासाहेब विखे पाटिल की प्रतिमाओं का अनावरण भी किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार महाराष्ट्र में भारी बारिश से नुकसान झेलने वाले किसानों को हर संभव सहायता प्रदान करेगी। महाराष्ट्र के कई हिस्सों में हाल में हुई भारी बारिश और बाढ़ आने से व्यापक नुकसान हुआ है। शाह ने कहा, मैंने मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और दोनों उपमुख्यमंत्रियों - एकनाथ शिंदे और अजित पवार के साथ एक विस्तृत बैठक की। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ओर से, मैंने उन्हें आश्वासन दिया कि एक बार विस्तृत रिपोर्ट हमें सौंप दिए जाने के बाद, प्रधानमंत्री मोदी महाराष्ट्र के किसानों को कोई भी मदद देने में देरी नहीं करेंगे। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार पिछले वर्ष की सहायता में से 3,132 करोड़ रुपये पहले ही जारी कर चुकी है, जिसमें इस वर्ष अप्रैल में दी गई l,631 करोड़ रुपये की सहायता भी शामिल है। शाह ने बताया कि महाराष्ट्र सरकार ने भी 2,215 करोड़ रुपये की राहत राशि प्रदान की है, जिससे 31 लाख से ज्यादा किसानों को लाभ हुआ है। गृह मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने किसानों की परेशानी कम करने के लिए कई कदम उठाए हैं। उन्होंने कहा, महाराष्ट्र सरकार ने बाढ़ प्रभावित प्रत्येक परिवार को 10,000 रुपये की नकद सहायता और 35 किलोग्राम अनाज उपलब्ध कराया है। ज ण वसूली रोक दी गई है, ई-केवाईसी मानदंडों में एक बार के लिए ढील दी गई है और राजस्व कर और स्कूल फीस में राहत दी गई है।

# नेपालः भूस्खलन और बाढ़ में 51 लोगों की मौत

एजेंसी



काठमांडू। पूर्वी नेपाल में विभिन्न स्थानों पर कल रात से हो रही मूसलाधार बारिश के कारण भूस्खलन और बाढ़ आई, जिसके कारण रविवार सुबह तक कम से कम 51 लोगों की मौत हो गई। सशस्त्र पुलिस बल (एपीएफ) के प्रवक्ता कालिदास धौवजी ने बताया कि पिछले दो दिनों में भारी बारिश के कारण हुए भूस्खलन के कारण कोशी प्रांत में इल्लम जिले के विभिन्न स्थानों पर कम से कम 37 लोगों की मौत हुई है।

राष्ट्रीय आपदा जोखिम न्यूनीकरण एवं प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीआरआरएमए) ने एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि इन 37 लोगों में से देउमाई और माईजोगमाई नगरपालिका क्षेत्रों में आठ- आठ लोगों की मौत हुई, इल्लम नगरपालिका और संदकपुर ग्रामीण नगरपालिका में छह-छह, मंगसेबुंग में तीन और फाकफोकथुम गांव में एक व्यक्ति की मौत हुई है। बाढ़ और भूस्खलन के कारण उदयपुर में दो और पंचथार में एक व्यक्ति की मौत हो गई। इसके अलावा, रौतहट में बिजली गिरने से तीन और खोतांग जिले में दो लोगों की मौत हो गई। इस बीच, पंचथार जिले में भारी बारिश के कारण सड़कें क्षतिग्रस्त होने के कारण हुई एक दुर्घटना में छह लोगों की मौत हो गई। रसुवा जिले के लांगटांग संरक्षण क्षेत्र में उफनती नदी में बह जाने से कम से कम चार लोग लापता हो गए, और इल्लम, बारा तथा काठमांडू में बाढ़ की घटनाओं में एक-एक व्यक्ति लापता हैं। धौबाजी ने बताया कि लांगंग क्षेत्र में ट्रैकिंग अभियान पर गए 16 लोगों में से चार लोग भी लापता हो गए हैं। नेपाल सेना, नेपाल पुलिस और एपीएफ के जवान बचाव अभियान में शामिल हैं। सुरक्षाकर्मियों ने विमान से इल्लम जिले से एक गर्भवती महिला सहित चार लोगों को बचाया और उन्हें धरान नगरपालिका के एक अस्पताल में भर्ती कराया।

## संक्षेप

### नवंबर में होगी व्यापार समझौतों पर अगले दौर की वार्ता

नयी दिल्ली। भारत और दो दक्षिण अमेरिकी देशों चिली तथा पेरू के बीच प्रस्तावित व्यापार समझौतों पर अगले दौर की बातचीत क्रमशः अक्टूबर और नवंबर में होगी। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि चिली के साथ पांच दिवसीय वार्ता 27 अक्टूबर को सैंटियागो में शुरू होगी, जबकि पेरू के साथ तीन दिवसीय विचार-विमर्श तीन नवंबर को लीमा में शुरू होगा। दोनों समझौतों पर अलग-अलग बातचीत की जा रही है। भारत चिली के साथ दूसरे दौर की व्यापार वार्ता तथा पेरू के साथ आठवें दौर की बातचीत करेगा। भारत और चिली ने 2006 में एक अधिमान्य व्यापार समझौता लागू किया था और अब वे एक व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौते के लिए इसके दायरे को बढ़ाने के लिए बातचीत कर रहे हैं। सीईपीए का उद्देश्य दोनों देशों के बीच हुए पीटीए को और आगे बढ़ाना है और इसमें डिजिटल सेवाएं, निवेश संवर्धन और सहयोग, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम तथा महत्वपूर्ण खनिज जैसे क्षेत्रों को शामिल करना है।

### कोका-कोला इंडिया ने की आईसीसी से साझेदारी

नयी दिल्ली। कोका-कोला इंडिया और इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) मिलकर आईसीसी वुमंस क्रिकेट विश्व कप 2025 को बहुत ही रोमांचक बनाने के लिए तैयार हैं। यह साझेदारी उनकी 8 साल पुरानी दोस्ती पर टिकी है, जो महिलाओं के खेल को बढ़ावा देने और नई पीढ़ी के खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए कंपनी के समर्पण को दर्शाती है। थम्स अप एक्सफोर्स के आधिकारिक बेवरेज पार्टनर और बॉडीआर्मर लाइट ओआरएस के हाइड्रेशन पार्टनर के रूप में, कोका-कोला इंडिया आईसीसी वुमंस क्रिकेट विश्व कप 2025 के दौरान खिलाड़ियों और प्रशंसकों को तरोताजा रखेगा। अपनी मजबूत खेल विरासत के साथ, कोका-कोला इंडिया गुवाहाटी, इंदौर, विशाखापट्टनम और नवी मुंबई में टूर्नामेंट की मेजबानी का जश्न मनाएगा, और यह सुनिश्चित करेगा कि हर मैच में उत्साह, जोश और एकजुटता का माहौल हो। कोका-कोला इंडिया सबके लिए अपने सभी ड्रिंक की पेशकश करेगा।

### पर्यटन से 2035 तक नौ करोड़ सृजित होंगे नये रोजगार

मुंबई। अंतरराष्ट्रीय यात्रा एवं पर्यटन क्षेत्र अगले 10 वर्षों में 9.1 करोड़ नई नौकरियों का सृजन करेगा, जो वैश्विक स्तर पर सृजित प्रत्येक तीन नौकरियों में से एक के बराबर है। विश्व यात्रा एवं पर्यटन परिषद (डब्ल्यूटीटीसी) की एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। यदि जनसांख्यिकीय और संरचनात्मक बदलावों पर ध्यान नहीं दिया गया तो इससे कार्यबल में 4.3 करोड़ से अधिक लोगों की कमी हो सकती है। यह रिपोर्ट 20 अर्थव्यवस्थाओं पर केंद्रित है। यात्रा और पर्यटन उद्योग के मुद्दों पर सरकारों के साथ काम करती है, तथा इस क्षेत्र के आर्थिक और सामाजिक योगदान पर यह एक वैश्विक प्राधिकरण है। हाल ही में रोम में आयोजित 25वें डब्ल्यूटीटीसी वैश्विक शिखर सम्मेलन में जारी की गई यह रिपोर्ट व्यापक वैश्विक शोध पर आधारित है, जिसमें व्यापारिक दिग्गजों और पर्यटन निकाय के सदस्यों तथा अन्य प्रमुख हितधारकों के साथ गहन साक्षात्कार शामिल हैं।

# यूक्रेन पर रूस के हमले में पांच लोगों की मौत

कीव। रूस द्वारा शनिवार को रात भर यूक्रेन पर ड्रोन, मिसाइल और बम दागे जाने से कम से कम पांच नागरिकों की मौत हो गई।

अधिकारियों ने बताया कि यह एक बड़ा हमला था जिसमें नागरिक बुनियादी ढांचे को निशाना बनाया गया। राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने रविवार सुबह बताया कि मॉस्को ने यूक्रेन के नौ क्षेत्रों में 50 से ज्यादा बैलिस्टिक मिसाइल और लगभग 500 ड्रोन दागे। क्षेत्रीय अधिकारियों और यूक्रेन की आपातकालीन सेवा के अनुसार, ल्वीव पर ड्रोन और मिसाइल हमले में चार लोगों की मौत हो गई। आपातकालीन सेवा ने बताया कि कम से कम चार अन्य लोग घायल हुए हैं। महापौर एंड्री सदोवी ने बताया कि हमले के कारण रविवार तड़के दो जिलों में बिजली गुल हो गई और सार्वजनिक परिवहन कुछ घंटों के लिए बाधित रहा। हमले के कारण ल्वीव के बाहरी इलाके में एक व्यावसायिक परिसर में आग भी लग गई। इस दक्षिणी शहर में रात के समय हुए हवाई हमले में एक महिला की मौत हो गई और 16 वर्षीय लड़की सहित नौ अन्य लोग घायल हो गए।

# भारत-यूरोपीय संघ सोमवार को ब्रुसेल्स में व्यापार समझौते की वार्ता शुरू करेंगे

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारत और 27 देशों के यूरोपीय संघ (ईयू) के वरिष्ठ अधिकारी सोमवार को ब्रुसेल्स में प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते के लिए अगले दौर की वार्ता शुरू करेंगे।

इस दौरान वार्ता को जल्द पूरा करने के लिए मतभेदों को दूर करने पर जोर दिया जाएगा। यह दोनों पक्षों के बीच वार्ता का 14वां दौर होगा। अधिकारी ने कहा कि पांच दिवसीय वार्ता छह अक्टूबर से शुरू होगी। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने हाल ही में उम्मीद जताई कि दोनों पक्ष जल्द ही समझौते पर हस्ताक्षर करेंगे। इस समझौते का मकसद द्विपक्षीय वाणिज्य और निवेश को बढ़ावा देना है। गोयल इस महीने के अंत में दक्षिण अफ्रीका में यूरोपीय संघ के व्यापार आयुक्त मारोस सेफ्कोविक से भी मुलाकात कर सकते हैं, ताकि वार्ता की प्रगति की समीक्षा की जा सके। वार्ता पूरी करने की समय सीमा दिसंबर है।



# कोर्ट ने ट्रंप प्रशासन को पोर्टलैंड में सैनिक तैनात करने से रोका

पोर्टलैंड। अमेरिका में ओरेगन राज्य के एक संघीय न्यायाधीश ने राज्य और उसके शहर पोर्टलैंड द्वारा दायर एक मुकदमे में फैसला सुनाते हुए देश के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन के पोर्टलैंड में नेशनल गार्ड तैनात करने के आदेश पर अस्थायी रूप से रोक लगा दी है। ट्रंप प्रशासन ने केंद्रीय अधिकारियों और संपत्ति की सुरक्षा के लिए नेशनल गार्ड तैनात करने का आदेश दिया था।

अमेरिकी जिला न्यायाधीश करिन इमरगुट ने मुकदमे में बहस लंबित रहने तक यह आदेश जारी किया। वादियों का कहना है कि नेशनल गार्ड की यह तैनाती अमेरिकी संविधान के साथ-साथ उस संघीय कानून का भी उल्लंघन है जो आम तौर पर घरेलू कानूनों को लागू करने में सेना के इस्तेमाल पर रोक लगाता है। इमरगुट ने अपने आदेश में लिखा कि यह मामला तीन मूलभूत लोकतांत्रिक सिद्धांतों के परस्पर संबंध से जुड़ा हैः संघीय सरकार और राज्यों के बीच संबंध, सेना और घरेलू कानून प्रवर्तन के बीच संबंध और सरकार की कार्यपालिका, विधानपालिका और न्यायपालिका के बीच शक्तियों का संतुलन।

# कंपनियों की पूंजी 74573 करोड़ बढ़ी



नयी दिल्ली। पिछले सप्ताह देश की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में सात का संयुक्त बाजार पूंजीकरण 74,573.63 करोड़ रुपये बढ़ गया। इस दौरान एचडीएफसी बैंक को सबसे ज्यादा लाभ हुआ।

पिछले सप्ताह बीएसई सेंसेक्स 780.71 अंक या 0.97 प्रतिशत चढ़ा, और निफ्टी में 239.55 अंक या 0.97 प्रतिशत की तेजी आई। एचडीएफसी बैंक, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), आईसीआईसीआई बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, बजाज फाइनेंस, हिंदुस्तान यूनिलीवर और भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) को फायदा हुआ, जबकि रिलायंस इंडस्ट्रीज, भारती एयरटेल और इंफोसिस के मूल्यांकन में गिरावट आई। एचडीएफसी बैंक का बाजार पूंजीकरण 30,106.28 करोड़ रुपये बढ़कर 14,81,889.57 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। एलआईसी का बाजार पूंजीकरण 20,587.87 करोड़ रुपये बढ़कर 5,72,507.17 करोड़ रुपये हो गया। भारतीय स्टेट बैंक का मूल्यांकन 9,276.77 करोड़ रुपये बढ़कर 8,00,340.70 करोड़ रुपये और हिंदुस्तान यूनिलीवर का मूल्यांकन 7,859.38 करोड़ रुपये बढ़कर 5,97,806.50 करोड़ रुपये हो गया। हालांकि, रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजार पूंजीकरण 19,351.44 करोड़ रुपये घटकर 18,45,084.98 करोड़ रुपये रह गया। भारती एयरटेल का बाजार पूंजीकरण 12,031.45 करोड़ रुपये घटकर 10,80,891.08 करोड़ रुपये और इंफोसिस का बाजार पूंजीकरण 850.32 करोड़ रुपये घटकर 6,00,954.93 करोड़ रुपये रह गया। देश में रिलायंस इंडस्ट्रीज सबसे मूल्यवान कंपनी बनी रही। इसके बाद एचडीएफसी बैंक, भारती एयरटेल, टीसीएस, आईसीआईसीआई बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, बजाज फाइनेंस, इंफोसिस, हिंदुस्तान यूनिलीवर और एलआईसी का स्थान रहा।

# तेल की कीमतों में रहा गिरावट का रुख



नयी दिल्ली। विदेशी बाजारों में विशेषकर मलेशिया एक्सचेंज में बीते सप्ताह मजबूती के रुख तथा देश में त्योहारों का मौसम होने के बावजूद देश के तेल-तिलहन बाजार में बीते सप्ताह खराब कारोबारी धारणा की वजह से मांग प्रभावित रहने के कारण सभी तेल-तिलहनों के दाम गिरावट दर्शाते बंद हुए। परिणामस्वरूप, सरसों, मूंगफली एवं सोयाबीन तेल तिलहन, कच्चा पामतेल (सीपीओ) एवं पामोलीन तथा बिनौला तेल कीमतें हानि के साथ बंद हुई।

बाजार सूत्रों ने कहा कि बीते सप्ताह मलेशिया एक्सचेंज में निरंतर मजबूती देखी गई जहां संभावित सट्टेबाजी की वजह से पाम-पामोलीन के दाम ऊंचा बोले जा रहे हैं। आलम यह है कि पामोलीन तेल के दाम सोयाबीन से भी ज्यादा मजबूत हो गये हैं जबकि जाड़े के मौसम में पाम-पामोलीन की मांग कम रह जाती है क्योंकि यह तेल ठंड के मौसम में जम जाते हैं। कमजोर मांग की वजह से पाम-पामोलीन के दाम में गिरावट रही। सूत्रों ने कहा कि सरसों तेल का दाम भी आयातित खाद्यतेलों से कहीं ऊंचा है और इस कारण इनका उठाव कम है। वैसे त्योहारों के मौसम में उपभोक्ता अधिकांशतया रिफाइंड का उपयोग अधिक करते हैं जिस वजह से सरसों की मांग कुछ कम हो जाती है। लेकिन इस बार सरसों का दाम मंहगा होने से इसकी मांग अपेक्षा के अनुकूल नहीं बढ़ रही है। आगे दीवाली के आसपास सरसों की बिजाई भी शुरु होनी है। इन परिस्थितियों के बीच सरसों तेल-तिलहन कीमतों में गिरावट देखी गई।

# रूस भारत का शीर्ष कच्चा तेल आपूर्तिकर्ता बना रहेगा



नयी दिल्ली। रूस से भारत के कच्चे तेल के आयात में सितंबर में मामूली गिरावट देखी गई, लेकिन इसका देश की कुल तेल खरीद में एक-तिहाई से अधिक हिस्सा बना रहा।

गौरतलब है कि रूस से तेल खरीदने के कारण अमेरिका ने भारत पर दंडात्मक शुल्क लगाया है। सितंबर में भारत का कच्चा तेल आयात लगभग 47 लाख बैरल प्रतिदिन था, जो मासिक आधार पर 2.2 लाख बैरल प्रतिदिन अधिक था और सालाना आधार पर स्थिर रहा। रूसी कच्चे तेल ने भारत के सबसे बड़े एकल आपूर्तिकर्ता के रूप में अपनी स्थिति बनाए रखी। भारत के कुल तेल आयात में इसकी हिस्सेदारी लगभग 16 लाख बैरल प्रतिदिन या 34 प्रतिशत रही। वैश्विक व्यापार विश्लेषण फर्म केप्लर के प्रारंभिक आंकड़ों से पता चला कि यह 2025 के पहले आठ महीनों के दौरान आयातित औसत रूसी तेल से लगभग 1.6 लाख बैरल प्रतिदिन कम था। गिरावट के बावजूद, रूसी कच्चा तेल भारतीय रिफाइनरों के लिए सबसे किफायती विकल्पों में से एक बना हुआ है। इराक भारत का दूसरा सबसे बड़ा कच्चा तेल आपूर्तिकर्ता था, उसके बाद सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात का स्थान रहा। अमेरिका 2.06 लाख बैरल प्रतिदिन के साथ भारत का पांचवां सबसे बड़ा आपूर्तिकर्ता था। रिफाइनरी स्पष्ट रूप से पश्चिम एशिया, अमेरिका और अफ्रीका में विविधीकरण पर जोर दे रही हैं, लेकिन रूस भारत का शीर्ष तेल आपूर्तिकर्ता बना रहेगा।

# टीसीएस के नतीजों से तय होगी बाजार की चाल



नयी दिल्ली। विश्लेषकों के मुताबिक इस सप्ताह शेयर बाजार में कारोबारी धारणा व्यापक आर्थिक आंकड़ों, वैश्विक रुझानों और आईटी क्षेत्र की प्रमुख कंपनी टीसीएस के तिमाही नतीजों से तय होगी।

कारोबारी विदेशी निवेशकों की गतिविधियों पर भी नजर रखेंगे, जो सितंबर में भारतीय इक्विटी के शुद्ध विक्रेता रहे। विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने सितंबर में भारतीय इक्विटी से 23,885 करोड़ रुपये निकाले और इस साल अब तक 1.58 लाख करोड़ रुपये निकाल चुके हैं। यह सप्ताह महत्वपूर्ण होगा, क्योंकि वित्त वर्ष 2025-26 की दूसरी तिमाही के आय सत्र की शुरुआत हो रही है, और आईटी क्षेत्र की दिग्गज कंपनी टीसीएस नौ अक्टूबर को अपने नतीजे घोषित करेगी। व्यापक आर्थिक मोर्चे पर, एचएसबीसी सेवाओं और समग्र पीएमआई के साथ ही बैंकिंग क्षेत्र के ऋण और जमा वृद्धि के आंकड़ों पर कड़ी नजर रहेगी। इस बीच, अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपये की चाल पर भी निवेशकों की नज़र रहेगी। व्यापक संकेतों के स्थिर होने के साथ ही बाजार का ध्यान दूसरी तिमाही की आय और प्रबंधन की टिप्पणियों पर जाएगा। पिछले सप्ताह बीएसई सेंसेक्स 780.71 अंक या 0.97 प्रतिशत चढ़ा, और निफ्टी में 239.55 अंक या 0.97 प्रतिशत की तेजी आई।

# एफपीआई ने की 1.6 लाख करोड़ रुपये की बिकवाली



नयी दिल्ली। विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक (एफपीआई) सितंबर में भारतीय इक्विटी के शुद्ध विक्रेता बने रहे। इस दौरान उन्होंने 23,885 करोड़ रुपये के शेयर बेचे, और इस साल अब तक उन्होंने कुल 1.58 लाख करोड़ रुपये की बिकवाली की है। डिपॉजिटरी के आंकड़ों के मुताबिक अगस्त में 34,990 करोड़ रुपये और जुलाई में 17,700 करोड़ रुपये की भारी बिकवाली के बाद यह निकासी का लगातार तीसरा महीना है। हालिया बिकवाली कई कारकों से प्रेरित थी, जैसे अमेरिका का भारत पर 50 प्रतिशत शुल्क लगाना और एच-1बी वीजा पर एकमुश्त एक लाख अमेरिकी डॉलर की शुल्क वृद्धि। रुपये के रिकॉर्ड निचले स्तर तक गिरने से मुद्रा जोखिम भी बढ़ा, जबकि भारतीय इक्विटी के अपेक्षाकृत उच्च मूल्यांकन के चलते एफपीआई ने दूसरी एशियाई बाजारों की ओर रुख किया। कुछ विश्लेषकों का मानना है कि मौजूदा बिकवाली के बावजूद स्थितियां धीरे-धीरे भारत के पक्ष में हो सकती हैं। मूल्यांकन अब अधिक उचित हो गए हैं और जीएसटी दरों में कटौती तथा वृद्धि समर्थक मौद्रिक नीति जैसे कारक विदेशी निवेशकों की दिलचस्पी को एक बार फिर जगा सकते हैं।

# आगामी सप्ताह में सोने के दाम अस्थिर रहने का अनुमान

नयी दिल्ली। आने वाले सप्ताह में सोने के दाम अस्थिर रह सकते हैं, क्योंकि निवेशक अमेरिकी सरकार के वित्त पोषण विधेयक, श्रम बाजार के आंकड़ों और फेडरल रिजर्व के बयानों पर नजर रखेंगे। विश्लेषकों ने यह जानकारी दी।

बृहस्पतिवार को फेडरल ओपन मार्केट कमेटी की बैठक के विवरण जारी होने से भी सर्राफा बाजार की धारणा प्रभावित होने की संभावना है। आने वाला सप्ताह अपेक्षाकृत कम आंकड़ों वाला है, लेकिन अस्थिरता ज्यादा रहने की उम्मीद है। मुनाफावसूली बढ़ सकती है, जिसके बाद नए सिरे से खरीदारी भी हो सकती है। आने वाले सप्ताह में ध्यान अमेरिकी सरकार के वित्त पोषण विधेयक पर रहेगा, जबकि आंकड़ों के मोर्चे पर श्रम बाजार पर नजर होगी। फेडरल रिजर्व की आधिकारिक टिप्पणी पर बृहस्पतिवार को फेड प्रमुख जेरोम पॉवेल के भाषण के साथ कड़ी नजर रहेगी। पिछले सप्ताह सोने की कीमतों में 3.5 से 4 प्रतिशत और वृद्धि हुई है। यह बढ़ोतरी कमजोर अमेरिकी डॉलर और आंशिक अमेरिकी सरकार के बंद होने की चिंताओं के कारण हुई है, जिससे महत्वपूर्ण आर्थिक आंकड़ों के जारी होने में देरी हुई है। बाजार सहभागी इस महीने के अंत में फेड द्वारा ब्याज दरों में कटौती की संभावना पर भी विचार कर रहे हैं।




आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी (पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com